लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -31, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी... 15

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 27.0° अधिकतम तापमान, 13.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 06:37, सूर्यास्त 06:07

लखनऊ, रविवार, 25 फरवरी 2024

यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

कासगंज में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 23 की जान गई

मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, ट्राली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

> घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
> -**रविंद्र कुमार**, मंडलायुक्त अलीगढ़।

सीएम फ्लीट की एंटी-डेमो गाड़ी कार से टकराई, 15 लोग घायल

- अनियंत्रित एंटी-डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुआ हादसा
- कैंट के अर्जुनगंज क्षेत्र में देर शाम हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कैंट थानाक्षेत्र अंतर्गत अर्जुनगंज बाजार में मुख्यमंत्री सुरक्षा में चलने वाली एंटी-डेमो गाड़ी सामने जा रही कार से टकरा गई। हादसा शनिवार शाम एंटी-डेमो के सामने कुत्ते के आने के कारण हुआ। हादसे में 15 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इसमें पांच पुलिसकर्मी और 6 अन्य कार सवार है। सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से ट्रामा सेंटर व राममनोहर लोहिया संस्थान रेफर कर दिया गया। सभी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, यह दुर्घटना शाम लगभग 7:45 बजे हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेड़े की सुरक्षा के लिए इंटरसेप्टर और एंटी-डेमो वाहनों सहित जिला पुलिस के वाहन फ्लीट में चलते हैं। सभी वाहन चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से कालीदास मार्ग पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कैंट के अर्जुनगंज बाजार के पास फ्लीट के एंटी-डेमो वाहन के सामने एक कुत्ता आ गया था। उसे बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कई वाहनों से टकरा गई।

घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जाते सुरक्षा और स्वस्थ्यकर्मी।

ये हुए घायल

हादसे में पुलिसकर्मी राम सिंह, अवध नारायण, मो. सलीम, विजय प्रताप, शिवम यादव, विजय कुशवाहा और सिविलियन सुशीला पत्नी संतोष, प्रिया, अस्फाशा सिद्दीकी, हसनैन, खालिद आजम, कार्तिक त्रिपाठी, शाहनाज, एक अन्य अज्ञात महिला और मुस्तकीम शामिल हैं।

प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी पहुंचे सिविल अस्पताल

हादसे की सूचना मिलते ही प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित कई अधिकारी पहुंचे। हादसे के बारे में जानकारी हासिल किया। प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी ने सभी घायलों के बेहतर इलाज के इंतजाम का निर्देश दिया।

एक नजर

आतंकवाद मामले में चार के घर किए गए कुर्क

श्रीनगर। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।

पीएम ने मंत्रियों से मांगी 100 दिन की कार्य योजना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों से ऐसी योजना तैयार करने और उसे तीन मार्च को मंत्रिपरिषद की बैठक में पेश करने को कहा है, जिसका क्रियान्वयन व आकलन किया जा सके तथा वह स्पष्ट रूप से परिभाषित हो। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मोदी ने 21 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल के सहकर्मियों को अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना तैयार करने को कहा था।

डीयू में छात्रों को प्रदान की गई मां के नाम वाली डिग्री

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को अपने 100वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को विशेष प्रकार के डिग्री प्रमाणपत्र प्रदान किए, जिन पर उनकी मां का नाम लिखा हुआ था। डीयू के दीक्षांत समारोह में प्रदान किए गए ये प्रमाणपत्र 'करेंसी जैसी' सुरक्षा विशेषताओं से लैस हैं। छात्रों ने कहा कि नई डिग्री में जोड़ी गई सुरक्षा विशेषता उठाया गया एक बहुत अच्छा कदम है।

दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

- दोनों दलों में दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा में बनी सीटों के बंटवारे पर सहमति
- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग अलग चुनाव लड़ने का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी।

विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस और आपका गठबंधन एक अवसरवादी गठबंधन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की।

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी

फतेहपुर। श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

जुलाई से प्रभावी होंगे नए आपराधिक कानून : शाह

अधिसूचना जारी

- आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की लेंगे जगह
- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

जो भाजपा को हराना चाहते हैं वो हमारे साथ आएं : जयराम रमेश

अमरोहा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गठबंधन के विस्तार और इसमें बहुजन समाज पार्टी की एंट्री को लेकर बड़ा बयान दिया। कहा कि भाजपा को हराने के लिए मायावती के साथ आएं। इंडिया गठबंधन में मायावती का स्वागत है। शनिवार को जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। दोपहर करीब तीन बजे यात्रा संभल के लिए रवाना हुई। उससे पहले जोया-संभल मार्ग पर स्थित डब्ल्यूटीएम डिग्री कॉलेज में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को नजरअंदाज कर रही है। हमारी पार्टी इस पर गंभीर है।

महायोजना 2031 : लखनऊ जिले की सीमा तक होगा एलडीए का विस्तार

स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करें: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ के सुनियोजित विकास के लिए दिए महायोजना के विस्तार के निर्देश
- मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का होगा विस्तार नया बस टर्मिनल और बाईपास मार्ग बनेंगे

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में जनपद वाराणसी के रामनगर, मुरादाबाद के गजरौला, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण देखा। निर्देश दिए कि सभी जगह सुनियोजित विकास समेत विस्तार की मुकम्मल योजना बनाएं। कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण का विस्तार संपूर्ण लखनऊ जनपद की सीमा तक हो। मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ नया बस टर्मिनल और बाईपास बने। उन्होंने स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते आस-पास के जिलों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिया कि महायोजना लागू करने में अब देर न हो। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र लागू करें। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा को पूरे लखनऊ जनपद तक विस्तार दिया जाए। इन प्रयासों से राज्य राजधानी क्षेत्र में सुनियोजित और सुस्थिर विकास को गति मिलेगी। निर्देश दिया कि लैंड यूज के बारे में जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। हर खसरे के बारे में अपडेट जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी को केंद्र में रखते हुए स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करके विस्तृत कार्ययोजना तलब की। निर्देश दिया कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही अवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराने के प्रयास होने चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। निर्देश दिया कि नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर जोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। कहा कि रायबरेली में एम्स की सुविधा है। इसे इस बार महायोजना का हिस्सा बनाएं। नगर में नए टाउनशिप का विकास किया जाना चाहिए। तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों का संरक्षण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति व भविष्य की आवश्यकताओं का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को जरूर देखें। हर जनपद में कुछ न कुछ खास है, उसे प्रोत्साहित करें।

कोई भी गांव और आबादी नहीं घोषित होगी ग्रीन लैंड

मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दिया है कि बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। किसी भी सूरत में आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी।

बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं।

एक नजर

विधानमंडल का सत्रावसान

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानमंडल का सत्रावसान कर दिया है। विधानमंडल के दोनों सदनों विधानसभा व विधान परिषद का सत्र दो फरवरी से शुरू हुआ था, जो 10 फरवरी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रयास तेज

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी के दिनों में प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयास तेज हो गये हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने वितरण कंपनियों को निर्देश दिये हैं की ट्रांसफार्मरों आदि का रखरखाव कार्य समय हो जाए।

सुविधा दिवस पर होगा समस्याओं का समाधान

अमृत विचार, लखनऊ : नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए 27 फरवरी को लखनऊ विकास प्राधिकरण में नागरिक सुविधा दिवस आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और एलडीए के उपाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे।

लोस चुनाव: प्रदेश में अर्धसैनिक बल की 230 कंपनी होंगी तैनात

पुलिस की ओर से अंतिम दौर में है चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने का दिया निर्देश

अमृत विचार: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अगले माह तारीख घोषित किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस महकमा सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। डीजीपी मुख्यालय इस माह के अंत तक सुरक्षा तैयारी को मुकाम देने में जोर-शोर से लगा हुआ है। सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिलहाल जो खांका तैयार किया गया है, उसके हिसाब से उप्र के लिए 230 कंपनी अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी पुलिस कप्तानों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश जारी किया। दरअसल, इस माह आखिरी में केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम भी आने वाली हैं। वह जिला पुलिस के प्रमुखो और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक करेगी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था के मसले पर समीक्षा करेगी। लिहाजा डीजीपी कार्यालय पुलिस बल की तैनाती को लेकर अपनी तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक चुनाव में करीब दो लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती का खांका तैयार किया गया है।

राजधानी में 129 स्थानों पर ठहरेंगे जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मातहतों के संग बैठक कर निर्देशित किया। कहा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये फोर्स के ठहरने के लिये 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। कहा इन स्थानों पर बिजली, पानी, शौचालय, रास्ते व अन्य मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभाग के अफसरों से समन्वय कर मुकम्मल करायें।

जेसीपी ने दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये अभी से कमर कस लें। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी, समेत अन्य फोर्स रहेगा। ऐसे में इनके रात्रि विश्राम के लिये विद्यालय, स्कूल और धर्मशाला समेत 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर पानी, शौचालय, स्नानागार, बिजली की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके लिये पुलिस अफसर संबंधित विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापित कर इन सुविधाओं को मुकम्मल करायें। खराब रास्तों की मरम्मत करायें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उचित कार्रवाई करें।

58 जिलों से रिपोर्ट तलब, एक घंटे पहले वायरल हुई उत्तरकुंजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तरकुंजी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई थी वायरल
- अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से सामने आई सच्चाई

अमृत विचार: समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर यूपीपीएससी ने 58 जिलों के नोडल अफसरों से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्य से सामने आया है कि दोनों पालियों के प्रश्नपत्रों की उत्तरकुंजी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई।

प्रथम प्रश्नपत्र की जो उत्तरकुंजी वायरल की गई, उसमें आधे सवालों के वैकल्पिक जवाब सही और आधे गलत हैं। जबकि दूसरी पाली में हिंदी के प्रश्नपत्र में केवल 28 सवालों के वैकल्पिक उत्तर सही हैं और बाकी सवालों के जवाब गलत हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक हुई जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर माना जा रहा है कि पेपर आउट हुआ होता तो, यह परीक्षा केंद्र के स्तर से हो सकता है।

धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश जारी

यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र प्रयागराज में आयोग के गेट पर शुक्रवार से ही आंदोलित है।

एएनटीएफ ने नशे के 31 कारोबारियों को दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 2024 में अब तक प्रदेश-भर के नशे के 14 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 वांछितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास से 1594.97 किलो. मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसकी कीमत 14 करोड़ 63 लाख है।

एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इन आरोपियों के पास से 18,066 रुपये नगद, आठ दो पहिया, चार पहिया वाहन 4 और 2 ट्रक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों के कब्जे से 5.31 किलो. मार्फिन, 21.33 किलो. हेरोइन (स्मैक), 115.80 किलो. चरस, 47.35 किलो. अफीम, 6155.87 किलो. (डोडा पोस्ता तृण), 5647.341 किलो. गांजा, 32 दो पहिया, 41 चार पहिया वाहन और 15 ट्रक बरामद किए गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

आकांक्षी नगर योजना का पोर्टल शुरू, गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री अर्बन फेलोशिप योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने किया। साथ ही आकांक्षी नगर योजना पोर्टल की शुरुआत की और योजना से संबंधित गाइडलाइंस भी जारी की।

निकाय निदेशालय में आयोजित समारोह में मंत्री ने चयनित सीएम फेलोज को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के 100 निकायों को आकांक्षी नगर के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत इन नगरों में बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। उन्होंने फेलोज से आग्रह किया कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

38 जिलों के 100 नगरीय निकाय आकांक्षात्मक श्रेणी में

ये फेलोज 20 हजार से 1 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में निर्धारित 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे, बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

नौकरी देने की नीयत ही नहीं थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नियत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं।दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर जाहिर की खुशी

अमृत विचार, लखनऊ: पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को परीक्षा निरस्त करने फैसले पर अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीएम योगी के समर्थन में दर्जनों हैशटैग वायरल होने लगे। इनमें #YogiWithYouth ट्रेंड लिस्ट में टॉप पर आ गया। लखनऊ में एक छात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों छात्रों की बात को सुना है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हमारी मांग है कि 6 महीने में सरकार न सिर्फ पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करे, बल्कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा भी दिलाए।

पेपर लीक मामला नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को दिया जाए मुआवजा: अंशू

अमृत विचार: प्रदेश कांग्रेस ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए, क्योंकि परीक्षा रद होने के कारण उनकी कई प्रकार से क्षति हुई है।

यूपी बोर्ड परीक्षा: शासन स्तर से जांचें गए सात हजार परीक्षा केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा नहीं होने के बावजूद भी बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों के ऑनलाइन बैठक हुई। बाराबंकी के राजकीय इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की एक शिकायत मिलने पर शासन ने तत्काल संज्ञान में लिया है। कंमाड सेंटर से अब सात हजार परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग की जा चुकी है। वहीं सौ से अधिक परीक्षा केंद्रों की कमियों को कंट्रोल रूम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पकड़ा और कमियों को दूर कराया।

यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला के अनुसार कुछ परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही दिखी। इसे दूर करने का निर्देश दिया गया है।

जिलों में गठित है विशेष निगरानी दस्ता

बोर्ड के सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष जांच दस्ता गठित किया गया है। इस दस्तें के अफसरों का नाम गोपनीय रखा गया है। यह दस्ता किसी भी समय परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए पहुंचने के लिए अधिकृत है। हालांकि जांच के लिए जाने के पहले जिलाविद्यालय निरीक्षक को इसकी जानकारी दी जाएगी।

छह डिप्टी एसपी का हुआ तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। डिप्टी एसपी स्तर के इन अफसरों की विभिन्न एडीजी जोन के स्टाफ अफसर के रुप में तैनाती दी गई है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।



NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

कराह रहा 40 साल पहले बना संजय सेतु, अब नहीं उठा पा रहा वाहनों का बोझ

परेशानी

- सन् 1984 में घाघरा नदी पर बनकर तैयार हुआ था सेतु
- बढ़ता गया ट्रैफिक का बोझ, हर साल आ रही ज्वॉइंटर में दरार

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर में बना सरयू पुल। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले के लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाघरा नदी पर सन् 1984 में बना संजय सेतु बढ़ते वाहनों के बोझ तले कराह रहा है। 40 वर्ष की उम्र में पहुंच चुका यह सेतु सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत नहीं रहा गया है। शुक्रवार को अचानक सेतु में चार जगह ज्वॉइंटर टूट गए। यह कोई पहला मामला नहीं हैं, इसके पहले भी आधा दर्जन से अधिक ऐसी समस्याएं आ चुकी हैं। इसके चलते लखनऊ समेत दर्जनभर जिलों के अलावा नेपाल देश के यातायात पर प्रभाव पड़ चुका है।

9 अप्रैल 1981 को इस सेतु की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री वीपी सिंह ने रखी थी। उस समय बाराबंकी, लखनऊ समेत आसपास के करीब दर्जनभर जिलों में बनने वाला ये इतना लंबा पहला सेतु था। यही वजह है कि जब यह सेतु बनकर तैयार हुआ तो दूर-दूर से लोग इसे देखने आते थे। घाघरा नदी की बहती धारा के ऊपर बने इस पुल से गुजरने का रोमांच और और ही होता था। लोक निर्माण विभाग के जानकारों की मानें तो इस सेतु पर बीते दो दशक में कई गुना यातायात बढ़ा है। 18 वर्ष पहले यानी 2006 में इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने के कारण इसे नेशनल हाईवे का दर्जा दे दिया गया था। राजधानी लखनऊ समेत दक्षिण यूपी को नेपाल और दर्जन भर जिलों को जोड़ने वाले इस राजमार्ग पर यातायात काफी बढ़ने से दो लेन सेतु पर अब फोर लेन राजमार्ग के यातायात का वजन यह सेतु झेल नहीं पा रहा है। पिछले कई सालों से लगातार इसके ज्वॉइंटरों में दरार पड़ने से आवागमन ठप हो जा रहा है। लंबी-लंबी वाहनों की कतार लग जाती है। पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत कर यातायात बहाल करने में पसीना छूटता है। नेपाल तक जोड़ने वाला क्षेत्र का यह सेतु कई मायनों में अहम भूमिका निभाता है।

डीसीएम पलटने से गई थी 22 लोगों की जान

18 अगस्त 2018 को बहराइच से लखनऊ जा रही डीसीएम संजय सेतु पर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी थी। डीसीएम में सवार 26 लोगों में से 22 डूब गए थे। डूबे लोग श्रावस्ती के सिरसिया व बहराइच के नानपारा के निवासी थे। डीसीएम बहराइच से उड़द दाल लादकर लखनऊ की ओर जा रही थी। डीसीएम में लखनऊ जाने के लिए मजदूर सवार थे। जांच में पता चला था कि डीसीएम संजय सेतु के ज्वॉइंटर में पड़ी दरार व गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरी थी। सूचना पर बाराबंकी व बहराइच के जिलाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे थे और छानबीन की थी।

2021 में तीन बार ज्वॉइंटरों में आई दरार

वर्ष 2021 में छह महीने के अंदर 22 जनवरी, 20 अप्रैल और 27 जून को भी तीन बार संजय सेतु के ज्वॉइंटरों में दरार आई थी। एक बार तो लगातार 48 घंटों तक मरम्मत का कार्य पीएनसी कंपनी द्वारा किया गया था। इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा धीरे-धीरे वाहनों को निकाला गया था। हर बार मरम्मत कार्य करा जिम्मेदार विभाग पल्ला झाड़ लेते हैं। यह हाल तब था, जब इसके पूर्व एक डीसीएम के नदी में गिरने जैसी बड़ा घटना हो चुकी थी। इसके बाद भी अधिकारी नहीं चेते हैं।

अब ली सुध, 300 करोड़ से बनेगा सेतु

बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 समेत सरयू नदी पर नए पुल का निर्माण 28 सौ करोड़ की लागत से एनएचएआई द्वारा कराया जाएगा। यह हाईवे बुढ़वल चौराहा के बाहर से बनाया जाएगा। हाईवे को ग्राम साधारणपुर के पास से मोड़कर बिछलखा, भरसवा मोड़ से ले जाकर नचना गांव के पास जोड़ा जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने इस हाईवे को फोर लेन करने निर्णय लिया है। 740 करोड़ की लागत में बाराबंकी से जरवल तक जहां फोरलेन बनने का काम प्रस्तावित किया गया है, वहीं सरयू नदी पर करीब 300 करोड़ की लागत से नए पुल का भी निर्माण पुराने संजय सेतु के बाई ओर कराया जाएगा।

एक नजर

शिव प्रकाश अध्यक्ष तो सुरेश चुने गए महामंत्री

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : रामनगर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश कुमार विजयी घोषित हुए। शनिवार को 127 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। 124 मत वैध तो 3 अवैध मिले। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांत मिश्रा ने परिणाम की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी 85 वोट पाकर विजयी हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी परमहंस मिश्रा को 45 मतों से मात दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार गौतम ने 93 मत हासिल कर अरविंद कुमार निगम को 60 वोटो से शिकस्त दी। महामंत्री पद पर सुरेश त्रिपाठी ने 65 वोट पाकर अपने प्रतिद्वंदी सुरेश चंद्र मिश्रा को 5 मतों से हराया। चुनाव संपन्न कराने में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राधाकांत मिश्रा, सदस्य गौरी शंकर तिवारी आदि का सहयोग रहा।

पुलिस ने 34 पर की शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने 34 लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की। एक कुख्यात बदमाश को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना असन्द्रा पुलिस ने राजेंद्र रावत पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम देवरा थाना असन्द्रा को धनई का पुरवा के पास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से एक तमंचा .12 बोर व दो कारतूस बरामद किए गए। आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

कच्ची शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असंदरा और सुबेहा थाने की पुलिस ने शनिवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 37 लीटर अवैध शराब बरामद की। असंदरा पुलिस ने पुत्तीलाल पुत्र परीदीन निवासी व थाना असन्द्रा और तारा सिंह पुत्र मलखान विश्वकर्मा निवासी ग्राम ढेमा को गिरफ्तार कर 27 लीटर कच्ची शराब बरामद की। सुबेहा पुलिस ने राजेश शुक्ला पुत्र जयकरन निवासी शहरी इस्लामपुर थाना सुबेहा को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

288 बेटियों के पीले हुए हाथ, खर्च हुए 1.46 करोड़

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में मेले जैसा दिखा नजारा, जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने दिया आर्शीवाद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

जीआईसी ऑडिटोरियम में सामूहिक विवाह समारोह में नवदंपति व फेरे लेने वाले वर-वधु। अमृत विचार

अमृत विचार : शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम का नजारा शुक्रवार को मेले जैसा ज्ञिज्ञ। अवसर था मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन का। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले समाज कल्याण विभाग नै जिलेभर की 288 बेटियों के हाथ पीले कराए। इसमें 5 मुस्लिम समाज की बेटियां भी शामिल थीं जिनका निकाह पढ़ाया गया। इस आयोजन पर एक करोड़ 46 लाख 88 हजार की धनराशि खर्च की गई है। नवदंपत्तियों को जहां सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आर्शीवाद दिया, वहीं योजना के तहत बेटियों को उपहार व धनराशि भी दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह बहुत अच्छी योजना है। अब गरीबों को अपनी बेटियों के हाथ पीले करने की चिंता नहीं है। शासन और प्रशासन ने खुद ये जिम्मा संभाला है। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने अवगत कराया कि हमारे जिले में लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत शादियां कराई गईं हैं। इसी के तहत आज इस कार्यक्रम में 288 बेटियों का विवाह कराया गया है।। ससे पहले गायत्री परिवार द्वारा जहां हिंदू रिति-रिवाज से 283 बेटियों का विवाह मंत्रोच्चारण के बीच कराया गया, वहीं 5 मुस्लिम बेटियों का निकाह काजी द्वारा कराया गया। विवाह व निकाह के बाद बेटियों को सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने 35-35 हजार रुपये के चेक का डेमो प्रतीकात्मक रूप से दिया। वहीं, उपहार के रूप में बर्तन व गहने आदि वितरित किए। इन बेटियों के खातों में अब ब्लॉकवार धनराशि भेजी जा रही है। इस आयोजन में प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये की धनराशि खर्च की गई। इस तरह पूरे आयोजन में कुल एक करोड़ 46 लाख 88 हजार रुपये की धनराशि खर्च की गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, डीडीओ भूषण कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

सांसद ने किया ब्लॉक सभागार का उद्घाटन

ब्लॉक सभागार का उद्घाटन करते सांसद उपेंद्र रावत व मौजूद अन्य लोग।

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड सिद्धौर मुख्यालय में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र रावत व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत ने स्व. चंद्रमौलि वर्मा ब्लॉक सभागार का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। बैठक में सपा के पूर्व सांसद रामसागर रावत भी पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख आरती रावत की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि अभी तक क्षेत्र पंचायत को मात्र 35 से 40 लाख रुपये प्रतिवर्ष का बजट मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने अब करोड़ों का बजट कर दिया है। यह एक ऐसा जिला है जिसे सड़क बनवाने के लिए सबसे ज्यादा धनराशि इस वर्ष दी गई है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनवाए गए हेल्थ वेलनेस सेंटर पर सीएचओ शिवकुमार की तैनाती होने के बाद भी न आने की बात कही गई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. हरप्रीत सिंह ने केंद्र पर कर्मचारी के होने की बात कही और जब हेल्थ बेलनेस सेंटर का फोटो मंगाया गया तो वह बंद मिला। इस पर सीएमओ को फोन पर कार्रवाई के निर्देश दिए। मोहम्मदपुर चंदी सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ने पूछा कि पिछले वर्ष कितने किसानों को कृषक बीमा का लाभ मिला है, जिस पर इसका डाटा जिले पर होना बताया गया। बैठक में बीडीओ पूजा सिंह, डीडीसी हौसला प्रसाद, सत्यनाम सिंह आदि रहे।

भंडारे के साथ अखंड भगवन्नाम संकीर्तन का समापन

बाराबंकी, अमृत विचार : श्रीरामवन कुटीर आश्रम में नि :शुल्क ऑपरेशन शिविर के बाद शुरू हुआ 9 दिवसीय अखंड भगवन्नाम संकीर्तन का शनिवार को हवन- पूजन और भंडारे के साथ समापन हो गया। यह आयोजन आश्रम व ऑपरेशन शिविर की शुरुआत करने वाले वीतरागी संत स्वामी रामदास जी महाराज और स्वामी रामज्ञानदास जी महाराज की पावन स्मृति में किया गया था। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी से 15 दिन पूर्व नि :शुल्क ऑपरेशन शिविर की शुरुआत होती है। शिविर के बाद बसंत पंचमी के दिन मंदिर का ध्वज बदला जाता है। ऐसी मान्यता है कि वर्षभर हनुमानजी महाराज इस आश्रम की रक्षा करते हैं। बसंत पंचमी के बाद आश्रम के संस्थापक स्वामी रामदासजी महाराज द्वारा समाज सुधार के लिए लिखी गई लीलाओं भक्त सुतिक्षण, मनु सतरूपा, माता शबरी, केवट, मीराबाई, द्रोपदी, धनुष यज्ञ, भरत मिलाप, राजतिलक का मंचन जौरास के ओम प्रकाश तिवारी की मंडली द्वारा होता है। शनिवार को समापन के दिन रोगहरण श्रीहनुमान जी मंदिर के महंत ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवानदास व उपाध्यक्ष विष्णुदास ने राष्ट्र के शुभमंगल के लिए और मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हवन-पूजन किया। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से आए सत्संगी शामिल हुए।

हवन करते भगवानदास जी महाराज।

नगर पंचायत की मार्केट की छत पर बाहरियों का कब्जा

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत देवा प्रशासन भले ही कस्बे में अतिक्रमण हटवाने के दावे कर रही हो लेकिन दशकों से नगर पंचायत की मार्केट की छत पर कब्जा कर अवैध रूप से रहने लोगों को हटाने में नाकाम है जबकि अवैध रूप से रहने वाले ये लोग नगर पंचायत के निवासी भी नहीं हैं। इसके बाद भी इन कब्जेदारों पर नगर पंचायत की मेहरबानी कस्बावासियों में चर्चा का विषय बनी हुई है। कस्बा देवा के मजार रोड पर पार्किंग स्टैंड के ठीक सामने नगर पंचायत देवा की वीर अब्दुल हमीद के नाम से मार्केट है। इस मार्केट की छत पर करीब आधा दर्जन लोग अवैध तरीके से झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। पूर्व के नगर पंचायत के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों ने इन लोगों की अवैध कब्जे को बार-बार नजरअंदाज किया जिसके चलते यह लोग नगर पंचायत की सरकारी मार्केट की छत पर काबिज हैं। मामला कई बार चर्चा में आया लेकिन नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों ने अनसुना कर दिया जिसके चलते इन कब्जाधारकों के हौसले बुलंद हैं और वह झोपड़ी डालने के बाद अब पक्की दिवार बनाकर उसे पर टीन शेड डालकर रह रहे हैं लेकिन कोई भी इस अवैध अतिक्रमण की तरफ नजर तक डालते आज तक पहुंचा। इसके साथ ही यह अवैध कब्जेदार कहां के रहने वाले हैं और यहां क्यों रह रहे हैं, इसका जवाब भी किसी के पास नहीं है। कस्बा देवा में एक प्रसिद्ध स्थल होने के चलते सुरक्षा के लिहाज इन लोगों के संबंध में जानकारी होना काफी महत्वपूर्ण है। अधिशासी अधिकारी सीएल तिवारी ने बताया कि जानकारी नहीं है, अवैध कबजेदारी का विषय काफी गंभीर है। जांच कर मार्केट को जल्द कब्जे से मुक्त कराया जाएगा।

अति संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अति संवेदनशील बूथों व मतदान स्थलों का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राल्लापल्ली जगतसांई व सीओ जगतराम कनौजिया ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय निन्दूरा, प्राथमिक विद्यालय सिहाली, जरखा व भटुवामऊ आदि करीब 13 अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी से कहा कि बूथों की साफ-सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं।

तीसरे दिन भी खाली नहीं हो सकी जमीन

कार्रवाई

- लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन का मलवा हटाने को लगा रहा बुलडोजर, डटे रहे अधिकरी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

लेडी डॉक्टर बंगले की जमीन से अतिक्रमण हटाता बुलडोजर। अमृत विचार

अमृत विचार : लेडी डॉक्टर बंगले की जमीन से अतिक्रमण का मलवा तीसरे दिन भी पूरी तरह साफ नहीं हो सका। नगर पालिका का बुलडोजर सफाई अभियान में लग रहा। अधिशासी अधिकारी दलबल के साथ मौके पर डेरा डाले रहे। अतिक्रमण हटाने की गति यही रही तो पूरी तरह साफ-सफाई करने में अभी कुछ दिन और लग सकते हैं।

इस 90 हजार वर्ग फीट की जमीन को खाली करने की कवायद पिछले दो दशक से चल रही थी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की पहल के बाद जब कानूनी अड़चनें दूर हुईं तो 22 फरवरी से महाअभियान शुरू हुआ। लोगों को चेतावनी दी गई कि ज्यादा नुकसान से बचने के लिए वे खुद अतिक्रमण हटा लें। अब धीरे-धीरे यह अतिक्रमण हटाया जा रहा है। लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन पर आक्रमण के पीछे एक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की भूमिका रही है। उसके साथ मिलकर उन्होंने इसकी जमीन भी भेज डाली थी। हालांकि, अतिक्रमण हटाए जाने का अभियान शुरू होने के बाद कोई पीड़ित सामने नहीं आया है और न ही किसी ने प्रतिरोध किया है। अतिक्रमण हटाने के बाद इस जमीन पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव है जिससे शहर के जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी।

कोचिंग गई छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : कोचिंग सेंटर गई कक्षा 9 की छात्रा को बहला-फुसलाकर एक युवक बाग में उठा ले गया जहां उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। साथ मौजूद 4 अन्य युवकों ने उसका वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपियों को जेल भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय छात्रा एक कोचिंग सेंटर पढ़ने गई थी जहां राजू नाम के एक युवक से उसकी दोस्ती हो गई। गुरुवार दोपहर राजू उसे बहला-फुसलाकर बाइक से एक बाग में ले गया जहां उसके साथ उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। पूर्व नियोजित ढंग से वहां पहले से मौजूद राजू के दोस्त महेश वर्मा, अजय कुमार, हेमराज व राजकुमार ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब उसने मना किया तो सभी ने उसे बंधक बना दिया और उसके साथ गलत हरकतें करने लगे। बालिका को धमकी दी कि अगर तुमने किसी से शिकायत की तो यह वीडियो वायरल कर देंगे जिससे बालिका काफी डर गई। शुक्रवार शाम बालिका ने अपने पिता को आपबीती बताई जिस पर पुलिस ने बालिका की तहरीर पर पांचों आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और सभी आरोपियों को को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

चार तस्कर गिरफ्तार, 30 लाख की मार्फीन बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : सफदरगंज व फतेहपुर थाने के पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त मो. मारूफ पुत्र मो.फारूख, सादाब पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम रामपुर कटरा थाना सफदरगंज को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 230 ग्राम अवैध मार्फीन (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 23 लाख रुपये) बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। फतेहपुर थाने की पुलिस ने भी मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त जावेद पुत्र असलम निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना फतेहपुर व हनुमान पुत्र केतार निवासी ग्राम भटपुरवा मजरे भैसुरिया मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर, बाराबंकी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 70 ग्राम मार्फीन बरामद की गई है। इनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

अनियमितता 75 सौ रुपये से अधिक में खरीदे गए कैमरे, कुछ पंचायतों में पड़े हैं बंद, घोटाले की आशंका लेकिन जिम्मेदार मौन

103 ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी खरीद में जमकर धांधली

सूरतगंज, बाराबंकी

गांव में लगे सीसीटीवी व खरीद का वाउचर। अमृत विचार

अमृत विचार : ब्लॉक की 103 ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी लगाने में धांधली सामने आई है। 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत गांव के हर चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगाने को कहा गया था मगर, ग्राम पंचायतों ने जिस गोदरेज कंपनी के सोलर कैमरों की खरीद 15 से 16,500 रुपये में की जाना बताया है, सूत्रों के मुताबिक, बाजार से लेकर ऑनलाइन तक यही सोलर कैमरे महज 8 से 9 हजार रुपये की कीमत में ही उपलब्ध हैं। इस हिसाब से प्रति कैमरा 75 सौ रुपये अतिरिक्त का भुगतान कर दिया गया। इसका भुगतान ग्राम पंचायतों के खाते से 14वें राज्य वित्त आयोग के फंड से किया गया है। ऐसे में 103 ग्राम पंचायतों में खरीदे गए 515 सीसीटीवी की खरीद में 38.62 लाख रुपये का गोलमाल हुआ है। यही नहीं, कुछ ग्राम पंचायतों में रिचॉर्ज के अभाव में अब कैमरे बंद पड़े हैं। सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में इन सभी ग्राम पंचायतों में करीब 5 से 6 की संख्या में सीसीटीवी लगाए गए हैं। ज्यादातर ग्राम पंचायतों ने हैंडपंप रिबोर का काम करने वाली 'शिव शक्ति ट्रेडर्स' फर्म से कैमरे खरीदे गए। कहा यह भी जाता है कि पंचायत सचिव इस फर्म को फर्जी भुगतान भी कराते हैं। ब्लॉक के अधिकारियों का दावा है कि 16,500 रुपये में प्रति कैमरे के साथ एक साल का रिचार्ज भी है जबकि ग्राम प्रधानों का कहना है कि महज एक माह का ही रिचार्ज है। बताते चले कि इस ब्लॉक में घोटाले का यह मामला कोई नया नही है। इससे पहले कोरोना किट, स्ट्रीट लाइट, फॉगिंग मशीन खरीद में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ चुकी है, मगर हर बार ब्लॉक के उन्हीं अधिकारियों को जांच सौंपी जाती है जो खुद भ्रष्टाचार के खेल में शामिल होते हैं।

> करीब सभी 103 ग्राम पंचायतों में सोलर कैमरे लगाए जा चुके हैं। अभी हाल ही में कार्यभार संभाला है, इसलिए अधिक दामों पर भुगतान की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी और कमियां मिलने पर संबंधित से जवाब-तलब भी किया जाएगा।
>
> -देवेंद्र प्रताप सिंह, , खंड विकास अधिकारी, सूरतगंज

दूर-दराज से महादेवा पहुंचने लगे श्रद्धालु

महादेवा मार्ग पर सफाई में लगे मजदूर। अमृत विचार

कांवरियों का जत्था पहुंचा।

रामनगर, बाराबंकी

फाल्गुनी मेला

▸▸ उन्नाव से आया पहला जत्था लगाए जयकारे

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा धाम में लगने वाले फाल्गुनी मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को मंदिर के रंग-रोगन का कार्य शुरू हो गया। साथ ही महादेवा मंदिर तक जाने वाले मार्गों की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी और रेडियो टॉवर लगाए चुके हैं। यहां दूर-दराज से आने वाले भक्तों का भी आगमन शुरू हो गया है।

शनिवार को श्रद्धालुओं का पहला जत्था उन्नाव जनपद के बांगरमऊ इलाके से महादेवा पहुंचा। इस जत्थे में 11 महिलाएं, 10 पुरुष व 5 बच्चे हैं। जत्था प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से बिठूर पहुंचकर गंगाजल भरकर चले थे। यहां आने में करीब 24 घंटे का समय लगा। हम सभी लोधेश्वर महादेव के दर्शन-पूजन के लिए अति उत्सुक हैं। इतना कहकर वह सभी जोर-जोर से लोधेश्वर महादेव के जयकारे लगाने लगे। इस जत्थे में सुरेंद्र कुमार, लालाराम, बेटी मधुलिका, राधा सहित छोटे और बड़े शामिल हैं। मेले में दुकानें सजने लगी हैं। बता दें कि 28 फरवरी से मेला परवान पर चढ़ेगा।

सैलानी माता मंदिर में उमड़ी भीड़, लगी लंबी कतार

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार: माघ की पूर्णिमा पर शनिवार को सैलानी माता मंदिर में आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पडा। मां के दरबार में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं को लाइन में लगकर घंटों इंतजार करना पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से चार थानों का पुलिस बल तैनात किया गया।

सतरिख थाना क्षेत्र के डल्लू खेड़ा गांव में गोमती नदी के तट पर सैलानी माता का मंदिर है। माघ की पूर्णिमा पर यहा दो दिवसीय मेला लगा है। शनिवार को पहले दिन जिले के अलावा दूर-दराज के स्थानों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अधिक भीड़ होने से मंदिर के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालु मंदिर से थोड़ा दूर स्थित अभरन जिसमें हर पल धरती से शीतल जल निकलता रहता है, वहां स्नान कर मां के दरबार में माथा टेकने के लिए लाइन में लग गए। इस दौरान मां के जयकारों से माहौल गुंजायमान रहा। सैलानी माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव का कहना है कि सुबह से ही श्रद्धालुओं की लाइनें लगी हैं। मंदिर आने वाला हर मार्ग मां की जयकारों से गूंज रहा है। एसओ सतरिख अमर चौरसिया ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से असंद्रा, हैदरगढ़, जैदपुर के अलावा सतरिख थानों का पुलिस बल मेले में तैनात है।

सैलानी माता के दर्शन के लिए लगी कतार। अमृत विचार

वाहन स्टैंड पर बैठे पुलिसकर्मी

सैलानी माता मंदिर से करीब चार सौ मीटर पहले अलग-अलग दो स्थानों पर वाहन स्टैंड संचालित हैं। इनमें बाइक-कार सहित अन्य वाहन खड़े किए जाते हैं। मुख्य मार्ग पर संचालित वाहन स्टैंड पर पुलिस बल तैनात है। यहां जबरन बाइक और कार को स्टैंड में जमा कराया जाता है। विरोध करने वालों से पुलिस के सामने ही स्टैंड संचालक अभद्रता करते हैं। लखनऊ के मटियारी से पत्नी के साथ आए प्रदीप कुमार से वाहन स्टैंड में जमा करने को लेकर संचालकों ने अभद्रता की लेकिन पुलिस खामोश बैठी रही। इस तरह की अभद्रता की शिकायत कई श्रद्धालुओं ने की। देखने के बावजूद पुलिसकर्मियों ने इन्हें नजरअंदाज कर दिया।

एक नजर

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे केंद्र व्यवस्थापक हटाए गए

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, रनापुर के केंद्र व्यवस्थापक को हटाकर उनके स्थान पर इसी विद्यालय के प्रवक्ता सुनील कुमार गुप्ता को नियुक्त किया है। केंद्र व्यवस्थापक रहे प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला पर प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने फर्जी खाता खोलकर निर्धारित व अतिरिक्त शुल्क के 19 लाख रुपये गबन का आरोप लगाया था जिसका मुकदमा भी हैदरगढ़ थाने में दर्ज कराया है।

महिलाओं के हित में लिए बड़े निर्णय

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र में शक्ति वंदन अभियान के तहत शनिवार से मंडल निंदूरा के अनवारी और पड़री गांव में स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ संवाद किया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र के प्रदीप रावत ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के हित में बड़े निर्णय लिए हैं। सरवन रावत, प्रमोद रावत, मदन सिंह, ओमप्रकाश पाल, सपना रावत आदि मौजूद रहे।

सीओ कार्यालय का लोकार्पण

जीर्णोद्धार करते पुलिस अधीक्षक।

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय का जीर्णोद्धार किया गया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय का जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण किया।

ताना मारने पर बड़े भाई को पीटकर मार डाला

जहांगीराबाद थाना अंतर्गत पलिया मसूदपुर में हुई वारदात, नशे में धुत थे दोनों भाई, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : जहांगीराबाद थाना अंतर्गत पलिया मसूदपुर में युवक ने छोटे भाई को ताना मारा तो उसने बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला। घटना से पूरे गांव में दहशत जैसी स्थिति है। परिवार में कोहराम मच गया। घटना शनिवार दोपहर की है। बताया जाता है कि घटना के वक्त दोनों भाई नशे की हालत में थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पलिया मसूदपुर निवासी स्व. ढोढे बक्सोर के 8 बेटे-बेटियां हैं जिसमें से तीन बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। तीसरे नंबर की बेटी पूनम ने बताया कि उसके भाई राहुल (25) ने अपने सबसे छोटे भाई रचित (20) से दो दिन पहले कहा था कि बिना काम के दिनभर घूमते हो, जेल से छुड़ाने में तमाम पैसा लगा है, अब कोई काम कर पैसा कमा कर दो। बस इतनी सी बात पर शनिवार को रचित ने राहुल पर हमला कर दिया। पीट-पीट कर उसे मार डाला। पूनम के मुताबिक, हत्यारोपी रचित रेप के मामले में 18 माह जेल में रहकर 6 माह पूर्व ही बाहर आया है। जेल से छूटने के दो माह बाद ही उसने राहुल का दाहिना हाथ हमला कर तोड़ दिया था। बहन के मुताबिक, इसी भाई ने ही रचित को रुपये देकर जेल से बाहर निकाला था।

पुलिस हिरासत में अभियुक्त।

परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

पुलिस की लापरवाही ने ली जान

गांव वालों ने बताया कि दो दिन पहले हत्यारोपी रचित ने मसूदपुर चौराहे पर नशे की हालत में जमकर तांडव किया था। चौराहे पर दोनों भाइयों में मारपीट होती रही और पुलिस भाइयों का झगड़ा समझकर लापरवाह बनी रही। ग्रामीणों के मुताबिक, अगर दोनों में किसी एक का पुलिस शांति भंग में चालान कर देती तो आज ये वारदात न होती। बहन पूनम का आरोप है कि भाइयो में हो रहे विवाद में एक व्यक्ति ने शराब पिला कर उकसाया, इसलिए यह घटना हुई। शराब पिलाकर विवाद को हवा देने वाला हमारे परिवार का दुश्मन है जिसने यह घटना करा बदला लिया है।

संत रविदास ने दिखाया था आत्मज्ञान का मार्ग

बाराबंकी, अमृत विचार : संत शिरोमणि रविदास को उनकी जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान कहा गया कि सतगुरु रविदास मध्यकाल के एक संत कवि थे, इन्हें संत शिरोमणि सदगुरु की उपाधि दी गई। उन्होंने जातपात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया।

कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने कहा कि संत रविदास की वाणी भक्ति की सच्ची भावना, समाज के व्यापक हित की कामना व मानव प्रेम से ओत-प्रोत थी, उनकी वाणी का इतना व्यापक प्रभाव पड़ता था कि लोग उनके श्रद्धालु बन जाते थे। इस दौरान कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष विजयपाल गौतम, रामहरख रावत, अजय रावत, नौमीलाल गौतम, केसी श्रीवास्तव, रामानुज यादव, अखिलेश वर्मा, आयुष वर्मा, अरशद अहमद, श्रीकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं, मसौली चौराहे संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान संत शिरोमणि रविदास की कथा की गई। पूजा-अर्चना के बाद रामफल गौतम की अध्यक्षता में भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रता तक चलता रहा। इस दौरान अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महामंत्री लल्लन सिंह, संस्थापक डॉ. नौमीलाल गौतम, सहजराम यादव, कामता प्रसाद, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे। हैदरगढ़ में ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज परिसर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष शरद अवस्थी ने कहा कि गुरु रविदास जी परम योगी व ईश्वर के सच्चे उपासक और आध्यात्मिक महापुरुष थे। वे सदैव समाज में सामाजिक समानता, बंधुता एवं हर वर्ग के कल्याण के लिए सतत् प्रयत्नशील रहे। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि आत्मज्ञान का मार्ग दिखाने वाले संत रविदास जी अपने संदेशों से समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड व कुरीतियों को दूर करने के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी, प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी के समक्ष चार मामलों का निपटारा

बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने नगर कोतवाली में मौजूद रहकर जनता की समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

थाना कोतवाली नगर में जनसुनवाई के दौरान 6 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 4 का निस्तारण कराया गया। दूसरी ओर सभी क्षेत्राधिकारियों व प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों ने थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराया। थानों में प्राप्त कुल 135 प्रार्थना पत्रों में से 87 का निस्तारण कराया गया जिसमें मौके पर 45 और 42 का संबंधित अधिकारी ने मौके पर जाकर निस्तारण कराया। शेष मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के लिए मौके पर भेजा गया। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

समस्याएं सुनते डीएम व एसपी।

11 कीटनाशकों के नमूने भरे, 8 को नोटिस

39 दुकानों पर छापेमारी

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : जिला कृषि रक्षा विभाग द्वारा शनिवार को कीटनाशक व पेस्टीसाइड की 39 दुकानों पर छापामारी की गई। इसमें 11 संदिग्ध कीटनाशकों के नमूने भरे गए। दुकान बंद मिलने पर 8 को नोटिस दी गई।

उप कृषि निदेशक द्वारा तहसील नवाबगंज व रामसनेहीघाट में 6 दुकानों का निरीक्षण किया गया जहां संदिग्ध कीटनाशकों में 2 दुकानों से दो नमूने भरे गए। अभिलेखों का निरीक्षण कर किसानों को बिल उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने तहसील फतेहपुर व सिरौलीगौसपुर में 21 कीटनाशक दुकानों व फर्मों का निरीक्षण किया। 6 नमूने भरे गए। बालाजी कृषि सेवा केंद्र, देवखरिया, देव कुमार फर्टीलाइजरस, धौसारपुरवा द्वारा स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। माही बीज भंडार फतेहपुर और साई ट्रेडर्स, धौसार द्वारा बिना किसी सूचना के दुकान बंद करने पर उन्हें भी नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया। सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि स्टॉक व बिक्री रजिस्टर पूर्ण रखें और अधिकार पत्र लाइसेंस पर अंकन होने के बाद ही उस फर्म का रसायन बिक्री करें। इसके साथ ही तहसील हैदरगढ़ व रामनगर में 12 दुकानों पर हुई छापेमारी में तीन कीटनाशकों के नमूने भरे गए। मोहित बीज भंडार, पवन खाद एवं बीज भंडार, खेती-बाड़ी केंद्र, वर्मा बीज भंडार बिना किसी सूचना के बंद मिलने पर स्पष्टीकरण मांगा गया। कुल 39 छापों में 11 कीटनाशकों के नमूने भरे गए। वहीं, 8 दुकानों के संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। नमूनों के परीक्षण के बाद अधोमानक मिलने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई होगी।

निरीक्षण करते कृषि रक्षा अधिकारी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

LDA शारदा नगर योजना लखनऊ में एक छोटा मकान बिजली, पानी युक्त बिकाऊ है खरीददार स्वयं संपर्क करें– 7379655405

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम VAKEEL था अब मैने बदलकर अपना नाम VAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। VAKEEL AHMAD S/O: ABDUL AJEEJ R/O: 60, SAMMANPUR MACHLI GAON SIKANDARPUR, AMBEDKAR NAGAR

सूचना

सूचित हो कि मै सुनीता देवी पत्नी राम वृक्ष, निवासी– ग्राम गौरा गूजर परगना व पोस्ट ब्राहिमपुर तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकर नगर मेरी एल0आई0सी0 पालिसी सं0 216054202 में मेरा पुकारू नाम प्रमिला कुमारी अंकित हो गया है जब कि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजी दस्तावेज में मेरा नाम सुनीता देवी है। यह कि प्रमिला देवी व सुनीता देवी दोनो एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी एल0आई0सी0 पालिसी में घरेलू नाम प्रमिला कुमारी के स्थान पर सुनीता देवी अंकित किया जाय

कृषि पर निर्भर है देश की अर्थव्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार : ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का उद्घाटन करते हुए खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था हमारी खेती पर निर्भर है। हमारी खेती मौसम की मार झेलती है, मौसम विभाग के पूर्वानुमान की जानकारी लेकर हम अपनी खेती के जोखिम को कम कर सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन बनीकोडर ब्लॉक के जेबीएस इंस्टीट्यूट मालिनपुर में किया गया।

उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने कहा कि मिलेट्स की फसलें जलवायु सक्षम हैं, इनका उत्पादन कम लागत में हो जाता है। मोटे अनाज से देशवासियों का स्वास्थ्य स्तर सुधरेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वतः रोजगार उपायुक्त बीके मोहन ने कहा कि एसएचजी की महिलाएं सामुदायिक नेतृत्वकर्ता हैं, उनके आत्मनिर्भर होने से देश की अर्थव्यवस्था और अच्छी होगी, वे ग्रामीण कृषि मौसम की जानकारी प्राप्त कर अपने कार्यों के साथ मौसम की भविष्यवेत्ता भी बन सकती हैं। कार्यक्रम में 275 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। एमएलसी अंगद कुमार सिंह की धर्मपत्नी पूनम सिंह ने महिला प्रतिभागियों को अपनी सफलता की कहानी बताकर प्रेरित किया। इस दौरान रामदास, रामसरन, रत्नेश कुमार समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्य मंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

झंडा लगाकर सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास

जहांगीराबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : धनुष यज्ञ कार्यक्रम में जय भीम का झंडा लगाकर सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। दो समुदाय आमने-सामने आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने झंडा उतरवाकर धनुष कार्यक्रम कराने की अनुमति दे दी है। मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के करंद गांव का है। यहां वर्ष 1986 से एक स्थान पर रामलीला व धनुष यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस बार भी 22 फरवरी से तीन दिवसीय धनुष भंग कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार को गांव के कुछ लोगों ने जय भीम का झंडा कार्यक्रम स्थल पर लगा दिया जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मामले को संभाला। बताया जाता है कि जिस स्थान पर कार्यक्रम हो रहा है, वह राम-जानकी व खलियान के नाम से सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

गद्दी को लेकर किन्नरों में मारपीट, जमकर हंगामा

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गणेशपुर की किन्नरों की गद्दी हथियाने के चक्कर मे पप्पू बाहरी किन्नरों को बुलाकर आए दिन हंगामा करवाता है। एक बार फिर गद्दी को लेकर गद्दीधारी ललिता किन्नर व पप्पू ने बाहर से बुलाए गए किन्नरों की मदद से बवाल किया।

गद्दीधारी किन्नर ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। कहा कि उसकी मृतक गुरु खुशबू किन्नर ने एक मकान गणेशपुर में बनाया था। यही रहकर पप्पू उर्फ मुनेश्वर निवासी ग्राम पीरखाना थाना कैसरगंज उनके साथ बधाई में ढोल बजाने का कार्य करता था। जब उसकी किन्नर गुरु का निधन हो गया तो सर्वसम्मति से उसे गद्दी सौंपी गई। उसने पप्पू को गणेशपुर वाला घर रहने के लिए दिया। पप्पू उसकी अनुपस्थिति में बधाई मांगने लगा। मकान पर पप्पू ने कब्जा कर लिया। विरोध पर देर शाम महादेवा में निर्माणाधीन मकान पर पहुंचकर मारपीट कर दी जिसमें करीग आधा दर्जन किन्नरों को चोटे आई हैं।

शिकायत लेकर पहुंची गद्दी नशीन किन्नर।

बच्चों का चश्मा हटाए

GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें

जन कल्याण आँख का अस्पताल

ए– 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे0 बी0 फार्मा, मो0: 9452245400, के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

आयोजन

पीजी कॉलेज परिसर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, सांसद और विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

धीमी साइकिल चलाने में उदय राज और छवि रावत रहे अव्वल

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : पीजी कॉलेज परिसर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को सांसद उपेंद्र सिंह रावत, निवर्तमान विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सांसद ने अपनी निधि से दी गई धनराशि से निर्मित शिक्षण कक्ष का भी लोकार्पण किया। रेफरी अरविंद यादव, कुलदीप प्रताप सिंह व अमृत लाल यादव के निर्देशन में बालक- बालिकाओं की कबड्डी, रस्साकशी, धीमी साइकिल, लंबी व ऊंची कूद, शतरंज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

बालक वर्ग में धीमी साइकिल प्रतियोगिता में उदय राज, बालिका वर्ग में छवि रावत, ऊंची कूद में ज्ञान सिंह यादव प्रथम स्थान पर रहे। कबड्डी बालक वर्ग में राणा प्रताप की टीम विजेता रही। शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग से नरेंद्र कुमार व बालिका वर्ग से शुभांगी गुप्ता विजयी रही। लंबी कूद में आंचल व लवकुश अव्वल रहे। रस्साकशी बालिका की टीम महारानी लक्ष्मीबाई व बालक वर्ग में मेजर ध्यानचंद टीम विजयी रहीं। इस दौरान मौजूद लोगों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। सांसद व पूर्व विधायक ने विजयी छात्र- छात्राओं को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामकुमार सिंह ने किया। इस दौरान प्रो. सुनीत सिंह, प्रो. एचके मिस्र, डॉ. नीरज वाजपेई, प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम, विश्वेश मिश्र, अमरजीत सिंह, डॉ. केपी सिंह, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. शैलजा दीक्षित, बद्री विशाल त्रिपाठी, कमलेश शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, नवीन राठौर आदि मौजूद रहे।

रस्साकशी प्रतियोगिता के लिए तैयार छात्राएं व धीमी साइकिल चलाने की प्रतियोगिता में शामिल छात्र। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत दौड़ीहारा विकास खण्ड देवा–बाराबंकी

पत्रांक मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2023–024 दिनांक– 24/02/2024

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दौड़ीहारा विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 – 2024 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं।

क्र0सं0	कार्य	लागत
1	रामनाथ के घर से इदरीस के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	3.13 लाख
2	इफ्तियार के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य ढक्कन सहित	2.14लाख
3	धीर सिंह के घर से रमेश के घर तक नाली निर्माण कार्य	1.12 लाख

पाइप, भट्ठा ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट, सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, लोकल बालू, पत्थर गिट्टी, टायल्स, व्हाईट सीमेंट, आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री एवं एवं शर्तो का विवरण टेंडर फार्म उपलब्ध है। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा, जो 11/03/2024 को खुलेगा।

नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।

(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।

(20 सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी।

(30 सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।

(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

अल्ताफ, ग्राम प्रधान यशवंत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत– दौड़ीहारा विकास खण्ड– देवा बाराबंकी

एम्स लोकार्पण के दौरान होने वाले कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को देखते पुलिस अफसर।

एम्स के लोकार्पण के लिए सजाया गया पंडाल। अमृत विचार

एम्स का पीएम करेंगे वर्चुअल लोकार्पण, आज आएंगे सीएम

संवाददाता, रायबरेली

- एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, कई जिलों की पुलिस फोर्स रहेगी तैनात

अमृत विचार। गुजरात के राजकोट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को रायबरेली सहित पांच एम्स का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। साथ ही देश के 15 क्रीटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कई केंद्रीय मंत्री, राज्यमंत्री आदि एम्स में मौजूद रहेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। आईजी, एडीजी, डीएम, एसपी, अपर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

वही कार्यक्रम में तैनात पुलिस कर्मियों को ब्रीफिंग की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जिसके तहत छह अपर पुलिस अधीक्षक, 16 क्षेत्राधिकारी, 39 निरीक्षक, 128 उप निरीक्षक, 600 आरक्षी तैनात किए जाएंगे। साथ ही जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल लगातार कार्यक्रम स्थल पर नजर रखें हुए हैं।

मुख्यमंत्री के सभा स्थल पर वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया। शनिवार को एसपी अभिषेक नें भी सभा स्थल पर पहुंच कर सुरक्षा संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। वहीं जो कमियां दिखाई पड़ी, उनके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री लोकार्पण समारोह के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। एसपी अभिषेक अग्रवाल नें बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रायबरेली जिले की पुलिस फोर्स के साथ ही अन्य जिलों से भी पुलिस बल बुलाई गई है। कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। कार्यक्रम स्थल को सेक्टरों में बांट कर राजपत्रित अधिकारियों को सुरक्षा का दायित्व दिया गया है। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मान्डवीया, राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी समेत कई अन्य मंत्री भी शामिल होंगे। इस मौके पर डीन प्रोफेसर नीरज कुमारी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉक्टर सुयस सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अधीक्षक डा. सुयश सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर एम्स परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। यही नहीं चप्पे-चप्पे पर खाकी की निगरानी रहेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूर्ण कर ली है।

जनकल्याणकारी योजनाओं का दिलाया जायेगा लाभ : सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), मुंशीगंज में कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाये जाने के लिए स्टॉल लगाये जायेंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, क्षय रोग स्क्रीनिंग/परीक्षण, गैर संचारी रोग की जांच एवं परीक्षण के लिए स्टॉल लगाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को नामित किया गया है। इसी प्रकार वृद्धावस्था पेंशन के लिए समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांग पेंशन हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों के उत्कृष्ट उत्पादन हेतु परियोजना निदेशक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए उप कृषि निदेशक स्टॉल के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को नामित किया गया है। इसी तरह कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास योजना, जल जीवन मिशन के लिए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, पोषण अभियान स्टॉल के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को नामित किया गया है।

यातायात परिवर्तन बाईपास से गुजरेंगे वाहन

एम्स के लोकार्पण कार्यक्रम में आ रहे मुख्यमंत्री को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित व्यवस्था के अनुसार रायबरेली से भदोखर की तरफ जाने वाले सभी वाहनों को पथरकट तिराहा से बाईपास होते हुए उन्हें सलोन, प्रतापगढ़, लखनऊ की तरफ भेजा जाएगा। वही प्रयागराज की तरफ से आने वाले सभी वाहनों को बाईपास होते हुए सलोन, प्रतापगढ़ की तरफ व रायबरेली, लखनऊ को जाने वाले वाहनों को पथरकटा तिराहे को ओर भेजा जाएगा। पथरकट तिराहे से डलमऊ चौराहा, मुंशीगंज, दरियापुर तिराहा होते हुए अंकित ढाबा तक सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। फतेहपुर की तरफ से मुंशीगंज की तरफ जाने वाले सभी वाहनों को मुराईबाग चौराहे से डायवर्ट कर लालगंज रोड होते हुए रायबरेली की तरफ भेजा जाएगा।

लंबे इंतजार के बाद नई उड़ान भरने को एम्स तैयार, उद्घाटन आज

- अब तक ओपीडी में साढ़े छह लाख रोगी करा चुके पंजीकरण
- बेहतर सुविधाओं से प्रदेश भर से आ रहे हैं मरीज

हर्षित द्विवेदी/शंकर सिंह, रायबरेली

अमृत विचार। चिकित्सा के क्षेत्र में जिले को मिले सौगात एम्स अब अपने पूरे वेग से चलने को तैयार है। रविवार को प्रधानमंत्री वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री समेत कई केंद्रीय और राज्यमंत्री एम्स परिसर में उपस्थित रहेंगे करीब दस साल के लंबे सफर के बाद एम्स अब उस पड़ाव में पहुंच गया है, जहां पर रोगियों को हर सुविधा मुहैया होने लगा है।

चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक सुख सुविधाओं वाले एम्स में बेहतर इलाज के कारण प्रदेश के कई जिलों से रोगी लेकर तीमारदार आने लगे हैं। हाल यह है कि अब तक ओपीडी में साढ़े छह लाख रोगी अपना पंजीकरण कराकर चिकित्सा सुविधा का लाभ ले चुके हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रथम चरण में आवासीय भवन, छात्रावास और अस्थाई ओपीडी का निर्माण कार्य हुआ। वहीं दूसरे चरण में अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। वर्तमान में एम्स रायबरेली में अस्पताल संग एमबीबीएस और पीजी की कक्षाएं संचालित हो रही हैं।

कोविड काल में एम्स रायबरेली ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्तमान में इसका लाभ रायबरेली के अलावा प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, उन्नाव, कानपुर आदि जनपदों के लोगों को मिल रहा है।

संप्रग सरकार में 2009 में स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली थी मंजूरी

गांधी परिवार से जुड़ाव का फायदा संप्रग सरकार में जिले को काफी मिला। इसी में से एक एम्स भी शामिल है। सांसद सोनिया गांधी के प्रयास से जनपद समेत आसपास के जिलों के मरीजों को जटिल रोगों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े उन्हें जिले में ही सरकारी चिकित्सा विशेषज्ञों की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कुछ इसी सोच को लेकर साल 2009 में केंद्र की संप्रग सरकार ने 823 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले एम्स रायबरेली की स्वीकृति स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार को दी।

चीनी मिल से 97 एकड़ लीज पर ली गई भूमि

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली के निर्माण के लिए 147 एकड़ जमीन की जरूरत थी। इसमें से 97 एकड़ भूमि सरकारी चीनी मिल की लीज पर ली गई। शेष 50 एकड़ भूमि की और जरूरत थी, जिसे जिला प्रशासन द्वारा जरिए बैनामा किसानों से खरीदी गई। इस जमीन में दरियापुर और सुल्तानपुर ग्राम पंचायतों के 228 किसानों से सर्किल रेट के चार गुना दाम देकर खरीद की गई।

13 अगस्त 2018 से शुरू हुई ओपीडी

साल 2014 में अस्थाई ओपीडी बनकर तैयार हो गई, लेकिन उसका लोकार्पण नहीं हुआ जिससे जनाक्रोश काफी बढ़ गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद 13 अगस्त 2018 को अस्थाई ओपीडी का शुभारंभ किया गया। उस समय सिर्फ जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, महिला रोग, दंत, नाक कान गला और नेत्र रोग के इलाज के साथ शुभारंभ किया गया।

> 25 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। वर्तमान में एम्स में विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसका लाभ रायबरेली ही नहीं आने वाले समय में कई प्रदेश के लोगों को मिलेगा।
>
> -प्रो. अरविंद राजवंशी
> निदेशक एम्स

एम्स पर एक नज़र

कुल ओपीडी	629160
पैथोलॉजी	27304
एक्सरे	75008
सीटी स्कैन	5802
एमआरआई	4434

एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने से बढ़ी रौनक

साल 2019 में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हो गई। पहले 50 छात्रों के साथ शुरू की गई, जो अगले साल से बढ़कर 100 हो गई। इससे लोगों को लगा अब एम्स का जरूर विस्तार होगा। छह विभागों से शुरू हुई ओपीडी वर्तमान समय में जनरल मेडिसिन, हड्डी, जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, दंत, महिला रोग, हृदय रोग, चर्म रोग, मानसिक विकलांगता, आंख, नाक, कान, गला, कैंसर जैसे जटिल रोगों सहित कुल 19 विभागों में संचालित है, जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

900 से घटकर 610 बेड मेडिकल कॉलेज संचालित

पूर्व सरकार में एम्स 900 बेड स्वीकृत किया गया था। जिसे बाद में घटनाक 610 बेड का कर दिया गया। वर्तमान समय में एम्स 610 बेडों वाला अस्पताल है। इसमें इसमें आपातकालीन एवं ट्रामा सेंटर के लिए 30 बेड सुरक्षित हैं। 10 बेड आईसीयू के लिए उपलब्ध है।

बिजली की अघोषित कटौती से परेशान परीक्षार्थी

- शाम होते ही गुल हो जाती बिजली, इमरजेंसी लाइट के सहारे करनी पड़ती पढ़ाई

खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा शुरू हो गई है। अच्छे अंक पाने के लिए छात्र-छात्राएं दिनरात तैयारी करने में लगे हुए हैं। वहीं शासन के निर्देश के बावजूद क्षेत्र में अघोषित कटौती जारी है। इससे परीक्षार्थियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है।

विगत 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमिडिएट की परीक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। ऐसे समय परीक्षार्थी सुबह शाम देर रात तक अपनी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम की जा रही बिजली की अघोषित कटौती परीक्षार्थियों की तैयारी में बाधा उत्पन्न कर रही है। जिससे छात्र सही ढंग से अपनी परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।

हाई स्कूल के छात्र विवेक मिश्रा, प्रदीप कुमार, सीतू, प्रीती यादव, इंटरमीडिएट के छात्र हर्षित, अयांश शुक्ला, निवेदिता वाजपेयी, राधा यादव, शाक्षी सिंह, अनुराधा जायसवाल आदि ने बताया कि इस समय यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। सभी लोग सुबह चार बजे उठकर और शाम छह बजे से रात लगभग ग्यारह बजे तक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग द्वारा प्रतिदिन शाम को लगभग सात बजे से डेढ़ से दो घंटे और सुबह पांच बजे से लगभग पांच घंटे की अघोषित कटौती की जा रही है। सुबह पांच बजे से ही और शाम को पढ़ाई के समय बिजली नहीं मिल पा रही है। बाजार में केरोसिन भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे बिजली चले जाने के बाद पढ़ाई बंद करनी पड़ती है। परीक्षा की तैयारी में बहुत अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

परीक्षा की निगरानी में आ रही समस्या

इस समय सभी परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र रखे हुए हैं। जिनकी दिन रात आनलाइन मानीटरिंग के लिए सीसी कैमरे लगे हुए हैं। बिजली कटौती होने के बाद इनवर्टर के सहारे कैमरे चलते हैं। परीक्षा के दौरान भी यही स्थिति रहती है। इन परिस्थितियों में इनवर्टर बंद होने पर कैमरे बंद होने की आशंका बनी रहती है। सभी छात्रों और केन्द्र व्यवस्थापकों ने विभागीय अधिकारियों से अघोषित कटौती बंद कर आपूर्ति देने की मांग की है।

> उपकेंद्रो को जितनी आपूर्ति मिल रही। उसमें कोई कटौती नहीं की जा रही है। जो भी कटौती होती है वह मुख्यालय से ही होती है। विभागीय अधिकारियों को सूचित कर लगातार आपूर्ति देने का प्रयास किया जायेगा।
>
> -कैलाश सिंह यादव
> उपखण्ड अधिकारी

गलत काम करने के लिए दबाव बनाते हैं बीडीओ

- बीडीओ द्वारा नोटिस देने पर कंप्यूटर आपरेटर ने लगाए गंभीर आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। विकास खंड कार्यालय में चल रही मनमानी और आपसी खींचतान का मामला सामने आया है। कार्य में शिथिलता का नोटिस मिलने के बाद मनरेगा के आपरेटर ने खंड विकास अधिकारी की पूरी पोल खोल दी है। उसने बीडीओ पर गलत काम करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

ऊंचाहार ब्लॉक मुख्यालय में तैनात मनरेगा के कंप्यूटर आपरेटर सलाउद्दीन को बीडीओ ने एक नोटिस भेजकर आरोप लगाया कि वह कार्यालय में विलम्ब से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। मनरेगा का कार्य भी ठीक से नहीं करते। बीडीओ ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की भी धमकी दी थी। नोटिस के मिलने के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर ने बीडीओ की पूरी पोल खोलकर रख दी है।

आपरेटर का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी उससे गलत ढंग से काम करवाना चाहते हैं, जो नियम विरुद्ध है। इसी लिए बीडीओ द्वारा उन्हें नोटिस देकर प्रताड़ित किया जा रहा है। दूसरी ओर बीडीओ कामरान नेमानी ने बताया कि कार्य में लापरवाही के कारण उन्हें नोटिस दी गई है। मामला परिवार जैसा है, मिल बैठकर मामले को सुलझा लिया जाएगा।

सार-संक्षेप

सर्व समाज के प्रेरक हैं संत रविदास

वीणा पाणि इंटर कॉलेज में संत रविदास जयंती पर मौजूद बच्चे।

संवाददाता, रायबरेली। वीणा पाणि इंटर कॉलेज में संत रविदास की जयंती धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार शर्मा ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद शिक्षकों और बच्चों ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य अजीत कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि रविदास जी ने समाज में जातिवाद के खिलाफ संघर्ष किया और सभी को एक समान माना। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

जिला जज से विशेष अभियोजना अधिकारी की शिकायत

संवाददाता, रायबरेली। अधिवक्ता अजय शंकर गुप्ता ने विशेष अभियोजना अधिकारी पर मुवक्किल को गुमराह कर रुपये लेने की शिकायत जिला जज से की है। बताया कि उसकी पारिश्रमिक को देने के लिए मेरा मुवक्किल 20 हजार रुपये लेकर आया था। मेरी व्यस्तता का फायदा उठाकर विशेष अभियोजना अधिकारी ने उक्त रुपये ले लिए। साथ ही फैसला पक्ष में लाने के लिए और धनराशि की मांग की। जानकारी होने पर जब मैने मांगा तो यह कहते हुए देने से मना कर दिया कि मैं नहीं दूंगा। अधिवक्ता ने मामले की जांच कराकर उचित कदम उठाए जाने की मांग की है।

श्रद्धालुओं ने छका भंडारे का प्रसाद

सरेनी, रायबरेली। क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के समापन में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान लोगों ने भंडारे का प्रसाद छका। आयोजक उषा पांडेय ने कहा कि भागवत कथा का प्रसाद पाने वाले श्रद्धालु भी पुण्य के भागीदार होंगे। श्रद्धालु अशोक पाण्डेय, अनिल कुमार, राजेश कुमार, कौशल किशोर ने श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने पर सौभाग्य बताया। कहा कि यह अवसर सभी को नहीं मिलता है। आशीष, उत्कर्ष, विवेक पाण्डेय, सौरभ, गौरव, विपिन ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्म और संस्कार यही एक मात्र रास्ता है। इस मौके पर नीरज, अमित, महेश चंद्र, हरिकरण सिंह, संजय पाण्डेय, मयंक पांडेय, उदय, शशि शर्मा, अंकित पांडेय, कमल, उमाकांत, चंदन, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में किसान का लटकता मिला शव

घटना स्थल पर ग्रामीणों से पूछताछ करते पुलिस कर्मी।

डीह, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में खेतों में लगे ट्यूबवेल पर सोने गए किसान का सुबह छप्पर से संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता हुआ मिला। इससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पूरे नदीतीर (रामगंज बाजार) मजरे लोधवारी निवासी अजय कुमार यादव पुत्र राम प्रताप अपनी ससुराल पूरे गनेशराय मजरे जगदीशपुर में अपने परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार की देर शाम घर से खाना खाकर रोजाना की तरह खेत में लगे ट्यूबवेल पर सोने चला गया था। थानाध्यक्ष जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में आईं शिकायतों में एक का निस्तारण

ऊंचाहार, रायबरेली। शनिवार को कोतवाली परिसर में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान छह शिकायती पत्र आये, जिसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर भेजी गई है। तहसीलदार दीपिका सिंह ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। काशीपुर मजरे शहजादपुर निवासी तेजई ने अज्ञात खनन माफियों पर अपनी जमीन पर खनन करने की आशंका जताते हुए शिकायती पत्र दिया, सरकपुर निवासी जगदीश नारायण ने पड़ोस के ही लोगों पर भूमिधरी जमीन पर जबरन निर्माण करने की शिकायत की।

रोडवेज बस की ठोकर से मजदूर ने तोड़ा दम

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार। शहर से मजदूरी कर घर वापस जाते हुए रास्ते में हाईवे पार करते समय वाराणसी की तरफ से आ रही रोडवेज बस मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। वह सड़क पर ही गिरकर घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के तुलसी नगर वार्ड निवासी सीताराम यादव (45) सुलतानपुर शहर में पेंटिंग का काम करके अपना भरण पोषण करता था। शुक्रवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे वह शहर से लंभुआ बाजार आया और समान इत्यादि लेकर पैदल ही घर जा रहा था। पठखौली गांव के पास स्थित लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग को घर जाने के लिए पार कर रहा था, तभी वाराणसी की ओर से लखनऊ की तरफ जा रही रोडवेज बस में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया।

रेलवे बोर्ड के सदस्य ने मशीनों की कार्यदक्षता को परखा

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैशन एवं रोलिंग स्टॉक) सतीश कुमार ने आरेडिका और रेल पहिया फैक्ट्री का दौरा किया। इस दौरान फैक्ट्री में चल रही निर्माण संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान बेहतर कार्य पर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा और आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ रेलवे बोर्ड के सदस्य सतीश कुमार ने कोच उत्पादन एवं निर्माण तकनीक का निरीक्षण किया। उन्होंने शैलशाप, बोगीशाप, व्हीलशाप, फर्निसिंगशाप आदि में कोच उत्पादन से संबंधित सामग्री के उचित रखरखाव के सुझाव दिए। साथ ही मशीनों की कार्य दक्षता को परखा। इस दौरान उन्होंने व्हील फैक्ट्री परिसर का दौरा किया और फैक्ट्री की अवसंरचना एवं क्रिया कलापों का निरीक्षण किया। वही रेल पहिया कारखाने के निरीक्षण के समय व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी। रेलवे बोर्ड मेंबर ने रेल पहिया की सप्लाई चैन को प्रभावी बनाने के उपायों की चर्चा की।

फैक्ट्री की गतिविधियों का निरीक्षण करते रेलवे बोर्ड के सदस्य और अधिकारी गण।

मजदूर संघ नेताओं ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना निरीक्षण करने आए रेलवे बोर्ड सदस्य सतीश कुमार को मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में अन्य उत्पादक इकाइयों की तरह आरेडिका कर्मचारियों को भी इंसेंटिव दिए जाने, कर्मचारियों की प्रस्तावित संख्या 5082 में रिक्त पड़े सभी पदों को भरे जाने सहित नई पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम बहाल किए जाने की मांग की। साथ ही आठवे वेतन आयोग के गठन की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने, चालू वित्तीय वर्ष में ही वंदे भारत कोचो का उत्पादन शुरू कराए जाने, बोनस की सीलिंग को सात हजार रुपये से बढ़कर 28 हजार रुपए से गणना किए जाने की भी मांग की है। इस मौके पर मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, महामंत्री सुशील गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, कुणाल, रोशन सचिन साहू, पप्पू कुमार अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

आरोप | समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी एवं पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में ज्ञापन

युवाओं को गुमराह कर रही भाजपा : शुभम लोहिया

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन समाजवादी छात्र सभा द्वारा समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी एवं पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में जिलाध्यक्ष शुभम लोहिया के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि भर्ती रद्द कर पुनः परीक्षा करायी जाए। साथ ही दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो।

जिला अध्यक्ष शुभम लोहिया ने कहा कि भाजपा शासित सरकार द्वारा युवाओं के साथ छल कर उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में बार-बार रोजगार देने के नाम पर आयोजित की जा रही परीक्षाओं के पेपर सुनियोजित ढंग से लीक हो रहे है। परीक्षा व्यवस्थाओं में खामियां खराब कानून व्यवस्था के कारण है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में बेरोजगारी कई गुना बढी है। विनय यादव राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, सौरभ सिंह, विनय यादव, अभिषेक, शिवम् प्रजापति, अभय, धीरज, विवेचक पाण्डेय, सुधांशु आदि ने प्रदेश सरकार पर हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए उचित कदम उठाए जाने की मांग की है। इस दौरान अभिषेक यादव, सुरजीत, शिवम्, चन्द्रकुमार, मनीष यादवच, शिवसेवक यादव, हार्दिक रावत, सुरेन्द्र सरोज, विजय कुमार, हिमांशु यादव, मो. अली खान, सचिन यादव, पंकज गौतम, अखिलेश यादव, आदि सैकड़ों छात्रों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

पेपर लीक प्रकरण में ज्ञापन सौंपते समाजवादी छात्रसभा अध्यक्ष शुभम लोहिया व अन्य।

समसपुर पक्षी विहार का बच्चों ने किया भ्रमण

सलोन, रायबरेली। समसपुर पक्षी विहार सलोन में शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज के बच्चों ने विंटर बर्ड कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है। कार्यक्रम में इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस बी अमित ने प्रतिभागी बच्चो से कहां की प्रकृति से जुड़े रहने से ही मन को शांति मिलती है। स्वास्थ्य अच्छा रहता है और हर व्यक्ति निरोगी बना रहता है। इसलिए जब कभी भी जीवन में मौका लगे तो प्रकृति के विहंगम दृश्य को जरूर देखना चाहिए। प्रकृति के सुंदर वतावरण में सुबह चिड़ियों की मधुर धुन मन को प्रसन्न करती है। इस मौके पर 110 बच्चे और 10 अध्यापक ने विंटरबर्ड वॉक, प्रकृति भ्रमण और पौधारोपण किया।वही समसपुर झील में विदेशी पक्षियों को देख बच्चों का मन प्रफुल्लित हो उठा। इस मौके पर बच्चों ने पाकड़, अर्जुन, जामुन, बरगद और पीपल के पेड़ भी लगाए। इस मौके पर की डॉक्टर उर्मी नियोगी ने बच्चों को शीतकाल में पक्षी बिहार आने वाले पक्षियों की जानकारी दी। वाइल्डलाइफ फोटग्राफर राहुल अमित स्थलेकर ने बच्चों को पक्षियों के बारे में जानकारी देते हुए 180 प्रजाती के पक्षियों को दूरबीन और कैमरे से बच्चों को दिखाया। बच्चों के इस एकदिवसीय टूर में पक्षी विहार रेंजर विकास सक्सेना ने अलग-अलग पक्षियों के आवास और उनके खाने की जानकारी दी है। इस मौके पर उपनिरीक्षक डी आर पाल, अरविंद समेत बच्चे मौजूद रहे।

चुनावी बिसात पर रायबरेली और अमेठी बनेगा भाजपा का केंद्र बिंदु

▸▸ एम्स के उद्घाटन से देश भर को मिलेगा एक नया संदेश, जिले की बदलेगी राजनीतिक आबोहवा

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की घोषणा भले ही ना हुई हो, लेकिन सभी दलों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। सपा द्वारा सीटों की घोषणा तो कांग्रेस में जान फूंकने के लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं भाजपा एक कदम आगे चलते हुए कांग्रेस समेत विपक्षियों की चुनौती को कमजोर करने के लिए सेंधमारी करने में लगी हुई है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कई दलों को अपने साथ करने में कामयाब हो चुकी है।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2024 सरकार बनने के साथ भाजपाई प्रदेश की सभी सीटों का दावा भी कर रहे हैं। इस बार चुनाव का मुख्य केंद्र बिंदु रायबरेली और अमेठी ही रहेगा। राहुल गांधी अमेठी में अपनी हार को अभी तक नहीं स्वीकार कर पाए हैं। वह किसी भी कीमत पर गढ़ को वापस पाना चाह रहे हैं। साथ ही पिछले चुनाव में रायबरेली में कम हुए जीत के अंतर को लेकर भी चिंतित हैं। वहीं भाजपा अमेठी के बाद रायबरेली में भी सेंध लगाने के लिए आक्रामक नजर आ रही है। इसकी वजह, चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों को यहीं तक सीमित रखने की है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भले ही वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

लेकिन उनके संदेश और रायबरेली में जीत को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के साथ कई अन्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे। यह कहीं न कहीं जिलेवासियों को एक सकारात्मक संदेश देने के साथ ही कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों को भी घेरने की तैयारी है।

प्रियंका के चुनाव लड़ने पर संशय, पशोपेश में कांग्रेसी

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कई जगह लोगों को बेरूखी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह लोग इस इंतजार में खड़े रहे कि उनके जनप्रिय नेता मिलेंगे। लेकिन काफिला तेजी से बढ़ गया। इससे वे मायूस हो गए। अब तक जिस तरह घटनाक्रम तेजी से बदल रहे हैं, इससे प्रियंका वाड्रा के लड़ने पर संशय बना हुआ है। यदि गांधी परिवार से कोई नहीं आया तो कहीं न कहीं इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है। इससे कांग्रेसी कार्यकर्ता भी पशोपेश में है। भाजपा जहां तेजी से बूथ स्तर पर लोगों को जोड़ने में लगी है। वहीं कांग्रेसी अभी भी हाईकमान के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं।

लंबित योजनाओं के सहारे भाजपा पर प्रहार की तैयारी

हालांकि कांग्रेस भी किसी कीमत पर रायबरेली और अमेठी सीट हासिल करना चाह रही है। संप्रग सरकार में कई योजनाओं को शुरू किया गया, जो भी अभी लंबित है। सबसे प्रमुख रिंग रोड का कार्य, जिससे उम्मीद थी कि जहां शहर का तेजी से विकास होगा। वहीं लोगों को सुविधाएं भी अधिक मिलेगी। लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका। वहीं एम्स में बेड की कटौती को भी कांग्रेसी प्रमुखता से उठा रहे हैं। इसके साथ ही सिटी रिसोर्स सेंटर की अधूरी बिल्डिंग, जो आज भी शहरवासियों को मुंह चिढ़ा रही है। इसके अलावा महिला विश्वविद्यालय, द्वितीय स्टेडियम निर्माण समेत कई योजनाएं ऐसी हैं, जो सांसद सोनिया गांधी के प्रयास से शुरू हुई, लेकिन आज तक पूरी नहीं हो सकी।

अपनों को जोड़ रखना कांग्रेस को चुनौती

पिछले कुछ दिनों में बदले घटनाक्रम से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायबरेली पहुंचने से पहले ही कई पुराने पदाधिकारियों ने पार्टी से किनारा कर लिया। उनके लगाए गए आरोपों में पार्टी संस्कृति को लेकर सवाल भी खड़े हो गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी की माने तो कई और कांग्रेसी संपर्क में है। वर्तमान में जिले की जनता सबकुछ जान चुकी है। अब वह किसी परिवार के बंधन में नहीं रहना चाहती है। इस बार बदलाव होना तय है।

पूर्णिमा के पुण्य योग पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

माघ मास की पूर्णिमा पर गोकना गंगा घट पर स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु।

माघ मास की पूर्णिमा पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ गंगा तटों पर उमड़ा आस्था भक्ति और विश्वास का सैलाब

अमृत विचार। शनिवार को माघ मास की पूर्णिमा पर जनपद के सभी गंगा घाटों पर आस्था, भक्ति और विश्वास का सैलाब उमड़ा रहा। पूर्णिमा के शुभ योग पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की है। इस दौरान गंगा घाटों पर मेले जैसा नजारा बना रहा।

जिले के गंगा घाटों गेगासो, डलमऊ, गोकना, पूरे तीर आदि में प्रातःकाल से स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। बड़ी संख्या में दूरदराज से श्रद्धालु शुक्रवार शाम को ही गंगा तटों पर पहुंच गए थे। गोकना गंगा घाट पर शुक्रवार की शाम पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में गंगा महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या महिलाएं, पुरुषों ने भाग लिया। गंगा तटों पर भारी भीड़ के कारण घाटों की छटा ही निराली दिखी। गंगा घाटों पर हर हर गंगे का जयघोष गूंजता रहा। घाटों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। छोटे से लेकर बड़ों और महिलाओं में गंगा स्नान को लेकर काफी उत्साह दिखा।

माघी पूर्णिमा के कारण गंगा तटों की ओर जाने वाले मार्गों पर भारी भीड़ रही, जिसके कारण कई स्थानों पर जाम लगा रहा। गोकना गंगा घाट को जाने वाले मार्ग पर जुगराजपुर से लेकर गंगा घाट तक करीब तीन किमी का सफर काफी दुश्वारियों भरा रहा। ऊबड़ खाबड़ मार्ग पर रेंगते वाहनों की भीड़ ने स्नानार्थियों की राह में रोड़ा बने हुए थे। डलमऊ के मुराई का बाग चौराहा पर भी यातायात में भीड़ बाधा बनी हुई थी। कानपुर मार्ग के जमुनापुर चौराहा पर भी जाम की समस्या रही।

रोजगार मेला : 154 युवाओं का चयन

छतोह, रायबरेली। ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित रोजगार मेले में आई निजी कंपनियों सफायर हेल्थ सलूशन, पुखराज हेल्थ केयर और लेंसकार्ट ने युवाओं का साक्षात्कार करके रोजगार उपलब्ध कराए। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के अन्तर्गत जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कंपनियों ने मेले में प्रतिभाग करने वाले 282 बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार लिया और उनमें से 154 का चयन करके नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे पहले रोजगार मेले का शुभारंभ करते हुए खण्ड विकास अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप वर्मा ने किया। कहा कि रोजगार के लिए जरूरत है लक्ष्य को निर्धारित करना। लक्ष्यविहीन व्यक्ति कभी भी जीवन में सफल नहीं होता है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत नागेश कुमार, जिला कौशल प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश पाल आदि मौजूद रहे।

दो जिलों की राजस्व टीमें नहीं सुलझा सकीं सीमा विवाद

खीरो, रायबरेली

भूमि विवाद को सुलझाने पहुंची रायबरेली और उन्नाव जिले के राजस्वकर्मी।

अमृत विचार। शनिवार को थाने में आयोजित समाधान दिवस में दो ग्राम प्रधानों द्वारा की गयी राजस्व से संबंधित शिकायतों से विभागीय अधिकारी सकते में आ गए। पहली शिकायत में ग्राम प्रधान पाहो ने उन्नाव सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत की भूमि पर उन्नाव जिले की दूसरी ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। दूसरा मुख्य मुद्दा बकुलिहा प्रधान ने ग्राम पंचायत की भूमि पर निर्माणाधीन बारात घर मे गांव के ही एक व्यक्ति पर रोक लगाने का उठाया।

शनिवार को समाधान दिवस में कुल 13 राजस्व से संबंधित प्रार्थना पत्र आये, जिनमें पाहो ग्राम प्रधान राम सिंह द्वारा शिकायत की गई कि उन्नाव जिले की लोटना ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पाहो ग्राम पंचायत की भूमि को अपनी भूमि बताकर उसमें अवैध निर्माण कार्य कराना चाहते हैं। दोनों गांव की सीमा पर लगभग 800 मीटर लम्बा पाहो ग्राम पंचायत का जंगल है, जिसकी कुछ भूमि ग्राम पंचायत पाहो के कुछ लोगो को आवंटित की गई थी। इसी भूमि के कुछ हिस्से में उन्नाव जनपद की ग्राम पंचायत लोटना के ग्राम प्रधान द्वारा अपनी ग्राम पंचायत की भूमि बताकर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

ग्राम प्रधान राम सिंह की शिकायत पर राजस्व विभाग ने तत्काल राजस्व निरीक्षक गंभीर सिंह के नेतृत्व में लेखपाल जितेंद्र सिंह व दिनेश कुमार को मौके पर भेजा, जहां लोटना ग्राम सभा की लेखपाल ममता आदि से संपर्क करके मौके पर बुलाकर सीमांकन का काम शुरू किया गया। लेकिन देर शाम तक निराकरण नहीं हो सका। जबकि दूसरे पक्ष के अशोक त्रिवेदी ने ग्राम प्रधान के पुत्र आदि पर पुरानी कब्जे की जमीन पर लगे पेड़ो को कटवा कर जबरन निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पाहो का मामला राजस्व से संबंधित था। दोनों जनपदों की राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर सीमांकन करके सीमा विवाद को समाप्त करने का प्रयास कर रही है।

सार-संक्षेप

संदिग्ध हालत में युवक ने खाया जहर, मौत

बछरावां, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजनों ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर हालत देखते हुए मौजूद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया है। रिंकू पुत्र रामदास निवासी दोस्तपुर काफी दिनों से बीमार था। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अकसर कहा करता था कि हम किसी दिन जहर खा लेंगे और उसका कहना सत्य भी हुआ। शनिवार को सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी ले गए थे। हालत में कोई सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जीएमपीएस स्कूल में आयोजित किया गया विदाई समारोह

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे की पटेल नगर कालोनी में स्थित गिरीश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक अंबेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का आभूषण है। शिक्षा से अपने जीवन की मंजिल प्राप्त की जा सकती है। पुरस्कार वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सबकी मेहनत का फल है कि आज पुरस्कृत होने का मौका मिला है। प्रबंधक अंबेश सिंह ने कहा कि विद्यालय शिक्षा देने की गुणवत्ता को लेकर पीछे दो दशकों से ज्यादा समय से आप सभी के बीच काम कर रहा है। विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर शिक्षक संग्राम, कल्पना सिंह, पूनम सिन्हा, साधना अवस्थी, सुष्मिता सिंह, अन्नपूर्णा गुप्ता, सोनम सरोज, वर्षा बाजपेई, सिमरा फातिमा, निशा दीक्षित, पूर्णिमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

पड़ोसियों ने महिला को पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली। बच्चों द्वारा शरारत करने की शिकायत पर पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया, महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया है। मामला जमुनियाहार मजरे ऊंचाहार देहात गाँव का है, गाँव निवासी महिला रेनू देवी का कहना है कि शुक्रवार को उसके पड़ोसी के बच्चे क्रिकेट खेलकर उसकी गेंहू की फसल नष्ट कर रहे थे। उसने इस बात की शिकायत उनके मां बाप से की तो आरोप है कि उन लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रेनू देवी की तहरीर पर रामभजन व गोदन्ती देवी के विरुद्ध केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों ने किया हंगामा

ऊंचाहार, रायबरेली। सड़क पर जा रहे बाइक सवार युवक को अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक बाल-बाल बच गया, जिसके बाद नाराज सैकड़ों लोगों ने सड़क पर चल रहे डंपरों को रोककर हंगामा करना शुरु कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। मामला क्षेत्र के कमोली गांव के पास की है, जहां शनिवार की दोपहर गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में मिट्टी ढो रहे डंपर ने बाइक सवार चंदन मौर्य निवासी पूरे महिपत को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि बाइक सवार घटना में बाल-बाल बच गया, जिसके बाद मौके पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर सड़क पर चल रहे डंपरों को रोककर हंगामा करना शुरु कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य में मिट्टी ढो रहे डंपर तय सीमा से अधिक गति से चलते हैं, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क पर उड़ती धूल से राहगीरों का जीना दूभर हो गया है। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया, तब जाकर हंगामा कर रहे लोग शांत। इस दौरान तकरीबन एक घंटे तक सूची-खरौली मार्ग जाम रहा।

सीएचसी अधीक्षक बाहर की लिख रहे दवा, रोगी परेशान

जगतपुर, रायबरेली। टांघन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन पहले सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर ने पदभार ग्रहण किया और आते ही मरीज को बाहर से दवाएं लिखना शुरू कर दिया, जिसको लेकर मरीजों ने सीएचसी अधीक्षक पर बाहर से दवा लिखने का आरोप लगाया। जगतपुर सीएससी में नवागंतुक सीएचसी अधीक्षक ने एक दिन पहले ही पदभार ग्रहण किया और उसके बाद से ही मरीजों को बाहर से दवाई लिखना शुरू कर दिया। सीएचसी के बाहर मेडिकल स्टोर से सांठगांठ करके आए हुए मरीजों को महंगी दवाई लिखी जा रही हैं, जिसको लेकर मरीज रामकुमार, शिवकुमार, नन्हे लाल, सदाशिव आदि ने दूरभाष के माध्यम से इसकी शिकायत सीएमओ रायबरेली से की है। मरीजों का कहना है कि सीएचसी अधीक्षक द्वारा बाहर से ही ज्यादातर दवाई लिखी जा रही हैं। महंगी दवाओं के कारण काफी परेशानी हो रही है। बेहतर इलाज की आश में दवाओं को खरीदना पड़ रहा है। इस बाबत सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

इंडेक्स प्लस में बचत के साथ आकर्षक रिटर्न : प्रबंधक

लालगंज, रायबरेली। भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक चंदन सिंह ने कहा कि एलआईसी से हमें एक ओर जहां पर सुरक्षा प्राप्त होती है। वहीं पर बचत के साथ आकर्षक रिटर्न भी मिलता है। एलआईसी हमेशा नई-नई पॉलिसी ग्राहकों के लिए देती रहती है। इस बार इंडेक्स प्लस तालिका संख्या 873, अमृत बाल तालिका संख्या 874 लांच की गई है, जिसमें गारंटेड रिटर्न है। उन्होंने लालगंज के एक रेस्टोरेंट में मुख्य सलाहकार भारतीय जीवन बीमा निगम मनोज कुमार कुशवाहा की टीम को संबोधित करने के दौरान जानकारी दी। कहा कि बीमा व्यवसाय रोजगार के साथ-साथ जन सेवा का भी कार्य है। इस मौके पर चीफ एडवाइजर मनोज कुमार कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अभिकर्ताओं के हितों की जानकारी देते हुए कहा कि इंडेक्स प्लस और अमृतबाल में कई तरह की विशेषताएं हैं जो ग्राहकों के लिए लाभप्रद हैं। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

संत रविदास ने समाज को दी नई दिशा : ब्लॉक प्रमुख

संवाददाता, रायबरेली

संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर मौजूद लोग।

अमृत विचार। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि वे एक ऐसे राज्य की कल्पना चाहते थे, जहां छोटे-बड़े सभी आपस में मिलजुल कर रह सकें।

राही विकासखंड स्थित भदोखर गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राही ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव उर्फ राजू यादव ने संत शिरोमणि रविदास को युग पुरुष बताते हुए कहा कि जहां मन चंगा वहीं पर गंगा। उन्होंने कहा कि रविदास जी जीवन पर्यन्त जाति-पाति, छुआछूत और अंधविश्वास का विरोध करते रहे और लोगों को जागरुक करते रहे। भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई रायबरेली अध्यक्ष डॉ सुनील दत्त ने संत रविदास के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि संत रविदास चाहते थे कि ऐसा चाहूं राज मैं जहां मिले सबन को अन्न, छोटे बड़े सम सब बसें रविदास रहें प्रसन्न।

उधर, न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह और हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्श माघ पूर्णिमा के दिन रविदास जयंती मनाई जाती है। संत रविदास को कवि, संत और समाज सुधारक के तौर पर जाना जाता है। उनके द्वारा किये गये कार्यों ने समाज को एक नई दिशा देने का काम किया।

संत रविदास समाज के सच्चे हितैषी

सरेनी, रायबरेली। ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में संत रविदास जयंती का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गौरव कुमार तिवारी ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रबंधक ने कहा कि संत रविदास समाज के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने लोगों को बिना भेदभाव के के आपस में प्रेम करने की शिक्षा देते रहे। इस मौके पर संजय सिंह, रोशन, दुर्गाशंकर सिंह, राजन सिंह, हिमांशु, अंजनी शुक्ला, नैंशी, आंचल, पूनम, कशिश सिंह, राजेश, श्रेया तिवारी, सृष्टि, कल्याणी, आशीष, आर्या सिंह, आदर्श, अरुण, दिव्यांश तिवारी, अंश लोधी, आस्था द्विवेदी, दिव्यांशु गुप्ता, अरनव, प्रागी सिंह, रिया पटेल, अभिनव, कीर्ति, अंजली, कृष्णा तिवारी, रियान सिंह, दीपक आदि मौजूद रहे।

मधुमक्खियों के हमले से कई घायल

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। शहर के मढ़ी देवी मंदिर में उस वक्त भगदड़ मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। पूजन-अर्चन कर रहे लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान मधुमक्खियों से बचने की कोशिश में लगे रहे। इसमें कई लोग घायल हो गए।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

ई-निविदा सूचना – अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित कार्य में दक्ष जिन्हे सम्बन्धित कार्य का पूर्व में अनुभव हो या वर्तमान में कार्य कर रहे हो, आयकर तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र धारक अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो/कार्यदायी ऐजेन्सियों से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित कार्य/आपूर्ति हेतु ई-निविदायें अलग-अलग दो भागों में, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन की सूचना UP Govermemt की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड/ देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग कियें जायेंगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित कराकर प्रयोग किये हुए मान्य नही होगें। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग-अलग EXECUTIVE ENGINEER ELECTRICITY TEST DIVISION-II, U.P POWER CORPORATION LTD. RAEBARELI के ICICI BANK के खाता सं0 081205500344/ IFS Code ICIC0000812 में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन-लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे-इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि 13.03.2024 निर्धारित है। (1) अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 166 6/ विविमद्विरा//2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-लालगंज, रायबरेली के भौगोलिक कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 5 एमवीए एवं 10 एमवीए पावर परिवर्तकों की गैस किट, आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जीएस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 8500.00।(2) अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 167/ विविमद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-सलोन, रायबरेली के भौगोलिक कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 5 एमवीए एवं 10 एमवीए पावर परिवर्तकों की गैस किट, आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0) सहित) धरोहर धनराशि रू0 8000.00।(3) अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 168/ विवि मद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-डलमऊ, रायबरेली के भौगोलिक कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 5 एमवीए पावर परिवर्तकों की गैस किट, आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल – द्वितीय रायबरेली ''बल्ब एवं सी0एफ0एल के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''** पत्रांकः– 3318/वि0वि0 मं0द्वि0रा0/निविदा प्रका0/ 2023-24 दिनांकः– 24.02.2024

महाकाल में बनने लगे पकवान, भंडारा आज

संवाददाता, रायबरेली

इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में ओम नमः शिवाय का जाप करती महिलाएं।

अमृत विचार। इंदिरा नगर स्थित भगवान महाकाल का दरबार सज गया है। ओम नमः शिवाय का अखंड जाप शुरू हो गया है। इसके साथ ही रविवार को होने वाले विशाल भंडारे के लिए पकवान बनने लगे हैं। हर साल 25 फरवरी को स्थापना वर्षगांठ मनाया जाता है। इसमें हजारों लोग शामिल होते हैं। इस बार भी प्रसाद वितरित करने की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं

महाकालेश्वर मंदिर के संस्थापक एवं मंदिर की प्रबंध कमेटी ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह ने बताया इस आयोजन में जहां जनपद और आसपास के जिलों के हजारों भक्त भगवान महाकाल के पूजन अर्चन और दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं। वही इस आध्यात्मिक उत्सव में तमाम संत आचार्य राजनेता प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी भी प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा भगवान महाकाल के दर्शन मात्र से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पिछले 22 वर्षों से प्रत्येक वर्ष निर्धारित इस 25 फरवरी की तिथि पर समारोह में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती है। सुबह नौ बजे रुद्राभिषेक और हवन की पूजन के बाद अपराह्न दो बजे भंडारा शुरू हो जाएगा और देर रात तक यह सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। महिला संकीर्तन और भांगड़ा भी उत्सव में शामिल होगा।

छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। कृपालु इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल साइंस दरियापुर मुंशीगंज रायबरेली में जीएनएन-एएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं का एप्रेन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें उन्हे भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया गया। वहीं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सेरेमनी की शुरुआत संस्थान की निदेशिका डॉ. स्तुति सिंहने मुख्य अतिथि डॉ. वरुण पाल सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय प्रताप सिंह और डॉ. बीके वर्मा के साथ दीप प्रज्वलन करके किया। निदेशिका डॉ. स्तुति सिंह ने छात्राओं को प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु नर्स को उनके कर्तव्यों एवं मरीजों के प्रति कैसे ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दी। कहा कि इसमें नौकरी के साथ ही समाज सेवा का भी अवसर मिलता है। इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े कई नाटक भी प्रस्तुत किए, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। इसी के साथ जीएनएम-एएनएम अंतिम वर्ष की छात्राओं की फेयरवेल पार्टी भी दी गई। मुख्य अतिथि डा. वरुण पाल सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अमित सिंह, आयुषी सिंह, आरती कटियार, प्रतिभा, महिमा, कनक, किंजल आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

आयोजन आज से सलोन विधान सभा में शुरू होगी सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता

ग्रामीण महिलाओं के अंदर छुपी खेल प्रतिभा निखारेंगी स्मृति

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। अपनी छिपी हुई खेल प्रतिभा दिखाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का इंतजार अब खत्म हुआ। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा आयोजित सांसद महिला खेल कूद प्रतियोगिता आज से हो शुरू रही है। इस खेल प्रतियोगिता के माध्यम से केंद्रीय मंत्री महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराएंगी।

केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत करने के लिए पूरे संसदीय क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता आयोजित कर रही हैं। ये प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में 16 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए रस्सा कस्सी, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद व दूसरे चरण में 31 से 50 वर्ष की महिलाओं के लिए रस्सा कस्सी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, निंबू दौड़, बैलून दौड़ व 200 मीटर पैदल चाल के खेल का आयोजन कराया जाएगा।

डीह व छतोह विकास खंड में रविवार को लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी की गई है। छतोह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की हजारों महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। डीह में उत्थान सेवा संस्थान के ब्लॉक संयोजक विंदादीन मौर्य ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

> दीदी स्मृति चाहती हैं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा अवसर मिले। इसलिए पूरे संसदीय क्षेत्र में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो रही है जिसमें डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।
>
> –विजय गुप्ता
> प्रतिनिधि-केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

डीह में यहां होगी खेल प्रतियोगिता

हाजीपुर में विनय सिंह के घर के पास मैदान में, खेतौधन में आशा रसीदपुर के खेल मैदान में, डीह में उछैला बाग में, मऊ में सीएससी अस्पताल के पीछे, पोठई में मौर्या मेडिकल के सामने मैदान में, टेकारीदांदू में हिमांशु शशिधर उ.मा. विद्यालय में, छतोह में यहां होगी खेल प्रतियोगिता, नसीराबाद में रामलीला मैदान के पास, अशरफपुर में डी.पी.एस. पब्लिक सकूल, बनी में प्राथमिक विद्यालय कांटा, परैया नमकसार में एम.ए. जीनियस पब्लिक स्कूल, छतोह मोड़ पर स्थित मैदान में, मेंहदीगंज में सावित्री महाविद्यालय में, बारा में निनावां ग्राउंड

एक नजर

एसएचओ ने समाधान दिवस में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। संपूर्ण समाधान दिवस (चौथा शनिवार) पर हरियावां थाना परिसर शनिवार एसएचओ हरियावां और सदर तहसीलदार ने समस्याओं को सुन कर उनका निपटारा कराया। इस दौरान राजस्व की 6 समास्याओं का निपटारा किया गया। समाधान दिवस के दौरान एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज ने पुलिस और सदर तहसीलदार विनय कुमार सिंह ने राजस्व की शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए।इस बीच सदर तहसीलदार श्री सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के तहत समाधान दिवस का क्रियान्यवयन होना चाहिए। फरियादियों की शिकायत का सही समाधान हो, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संविलियन विद्यालय के जर्जर भवन की हुई नीलामी

हरियावां, हरदोई। ब्लाक के संविलियन विद्यालय भदेवरा के जर्जर हो चुके दो कक्षा-कक्ष व एक शौचालय की नीलामी प्रकिया पूरी की पूर्व ग्राम प्रधान राजन त्रिवेदी की अध्यक्षता में पूरी की गई नीलामी बैठक के दौरान 6 बोलीदाता मौजूद रहे। बोली के दौरान निर्धारित न्यूनतम धनराशि 50,695 (पचास हज़ार छः सौ पच्चानवें) रुपये के सापेक्ष 51,850 (इक्कावन हजार आठ सौ पचास) रुपये की अधिकतम बोली मोहम्मद नागर पुत्र मोहम्मद सईद निवासी पिहानी ने लगाई। नीलामी प्रकिया मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामपाल के अलावा प्रवीण कुमार, सहित सभी शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कवि गोष्ठी आज

हरदोई। संवेदना' संस्था के मासिक अधिवेशन में रविवार को अपराह्न दो बजे से सीएसएनपीजी के सभागार में विचार-गोष्ठी तथा कवि-गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष डा. ईश्चर चंद्र वर्मा ने दी है।

मैं तुमसे दूर कैसा हूं, तू मुझसे दूर कैसी है

कविता पाठ करते डा. कुमार विश्वास।

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। नगर के जूनियर हाई स्कूल मैदान में स्व. आलोक सिंह " नीलू " की छठीं पुण्यतिथि व प्रख्यात शिक्षाविद अमर लोकतंत्र सेनानी स्व. शिवराज सिंह की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। युग कवि कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से लोगों को ओत प्रोत करते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय आलोक सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि डॉ कुमार विश्वास ने अपनी यह कविताएं प्रस्तुत की- मैं तुमसे दूर कैसा हूं, तू मुझसे दूर कैसी है। ये मेरा दिल समझता है, ये मेरा दिल समझता है। इसके अलावा उन्होंने पढ़ा- ,मैं अपने गीत गजलों से उसे पैगाम करता हूं ,उसी की दी हुई दौलत उसी के नाम करता हूं,। हवा का काम है चलना, दिए का काम है जलना । वो अपना काम करती है ,मैं अपना काम करता हूं। बहुत बिखरा, बहुत टूटा, थपेड़े सह नहीं पाया। हवाओं के इशारों पर मगर मैं बह नहीं पाया। मेरी ताकत है, तेरे सामने कमजोर हो जाना। अधूरा अनसुना ही रह गया । यूं प्यार का किस्सा। कभी तू सुन नहीं पाई, कभी मैं कह नहीं पाया।। समेत कई गजलें प्रस्तुत कर लोगों को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। खूब वाह वाही लूटी। इसके पूर्व कवि गजेंद्र प्रियांशु ,हेमंत पांडे ,रश्मि शाक्य ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक, सांसद अशोक रावत,उन्नाव जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह, विधायक श्याम प्रकाश, डीएम मंगला प्रसाद सिंह, गौरव सिंह, एसपी केसी गोस्वामी, एसडीएम बिलग्राम गरिमा सिंह , सीओ बिलग्राम सत्येंद्र सिंह समेत सैकड़ों संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक आशीष सिंह आशू ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

क्षेत्र के अधिकांश सरकारी ट्यूबवेल मामूली मरम्मत के कारण पड़े हैं बंद

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड क्षेत्र के अधिकांश सरकारी ट्यूबवेल विभागीय लापरवाही के कारण मामूली मरम्मत की वजह से बंद पड़े हैं, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की लाखों शिकायतों के बाद भी सरकारी ट्यूबवेलों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। ब्लाक शाहाबाद के बमियारी सहित आधा दर्जन से अधिक मोहल्ला और ग्रामों में सरकारी ट्यूबवेल मामूली मरम्मत के कारण बंद पड़े हैं। इस वक्त किसानों को गेहूं, गन्ना सहित तमाम फसलों में पानी की आवश्यकता है, लेकिन सरकारी ट्यूबवेल बंद होने की वजह से पानी लगाने में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डीजल की भयंकर महंगाई किसानों को लिए मुसीबत बनी हुई है। फसल को बचाने के लिए किसानों को अपने निजी संसाधनों का प्रयोग करके फसलों में पानी लगाना पड़ रहा है, परंतु नलकूप विभाग पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारी से मुंह फेरे हुए बैठा है।

ट्रेन से टकराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के उड़े परखच्चे

शुक्रवार रात ऐगवां-कहेलिया रेलवे ट्रैक पर हुआ हादसा, कई घंटे तक प्रभावित रहा यातायात

हरदोई

अमृत विचार। दिल्ली के आनंद विहार से चल कर दानापुर जा रही जन साधारण एक्सप्रेस (डाउन) 13258 जैसे ही ऐगवां-कहेलिया रेलवे ट्रैक से गुज़र रही थी,उसी बीच ट्रैक पार ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने आ गई। नतीजतन ट्रेन की चपेट में आने से उसके परखच्चे उड़ गए। शुक्रवार की रात हुए इस हादसे से रेलवे का अप और डाउन रूट ठप हो गया। घंटों कई ट्रेनों के पहिए थमें रहे। रेलवे की टेक्नीशियन टीम काफी देर जूझने के बाद रूट क्लियर हो सका। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल की तरफ से ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ रेलवे एक्ट के 153/174-बी के तहत केस दर्ज कराया गया है।

ट्रेन की टक्कर बाद क्षतिग्रस्त हुई ट्रैक्टर ट्राली का घटनास्थल पर पड़ा टुकड़ा।

बताया गया है कि शुक्रवार की रात को डाउन जन साधारण एक्सप्रेस ट्रेन 13258 ऐगवां-कहेलिया रेलवे ट्रैक पर धड़धड़ाती हुई निकल रही थी। उसी बीच ट्रैक पार कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने आई और पलक झपकते ही उसके परखच्चे उड़ गए। टक्कर होने से हुई तेज़ आवाज़ से ट्रेन में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसा होने से अप और डाउन रूट ठप हो गया। इसका पता होते ही रेलवे की टेक्शियन टीम के साथ पीडब्लयूआई की टीम वहां पहुंच गई।आनन-फानन में ट्रैक और उसके आसपास बिखरे पड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली के टुकड़े हटाए गए। रेलवे की टीमों के घंटो जूझने के बाद रेलवे ट्रैक क्लियर किया जा सका। इस मामले में ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

होगी कार्रवाई

▸▸ रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज कराया केस

रेलवे ट्रैक पर हादसे के बाद यह ट्रेनें हुईं लेट

ऐगवां-कहेलिया रेलवे ट्रैक पर हुए हादसे के चलते डाउन लाइन पर 15910 असम-अवध एक्सप्रेस, 0446 आस्था स्पेशल ट्रेन रुकी रही,वहीं अप लाइन पर मालगाड़ी के अलावा 12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस और 14611 गाज़ीपुर-कटरा माता वैष्णो देवी एक्सप्रेस ट्रेन तकरीबन दो घंटे तक जहां की तहां खड़ी रहीं।

पायलट की सूझबूझ से बची सैकड़ों यात्रियों की जान

रेलवे ट्रैक पर अचानक से ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने आ जाने से जन साधारण एक्सप्रेस ट्रेन के पायलट ने बड़ी सूझबूझ दिखाते हुए तेज़ रफ्तार ट्रेन को किसी तरह से काबू किया, वरना बड़ा हादसा होता और सैकड़ों लोगों की जान जा सकती थी।

रेलवे को हजारों रुपए का नुकसान, एएसआई करेंगे जांच

आईपीएफ/एसपीएन के आदेश पर ट्रेन के साथ हुए हादसे की जांच एएसआई वेदराम सिंह को सौंपी गई है। बता दें कि हादसे से रेलवे को हज़ारों का नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही कई ट्रेनों के घंटो रुकने से रेलवे के शेड्यूल पर भी असर पड़ा है।

धर्म परिवर्तन नहीं करने पर परिवार को पीटा, दी तहरीर

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। धर्म परिवर्तन न करने पर दबंगों ने मिलकर महिला समेत चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

बरौना गांव निवासी रामकिशोर ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि उसके परिवार के चाचा कमलेश पुत्र मेवालाल, संजय, हरिशंकर, पवन कुमार पुत्रगण कमलेश ने ईसाई धर्म अपना चुके है। शुक्रवार की सुबह चंडीगढ़ से गांव आया था। इस दौरान उसकी मां ने बताया कि आरोपी लोग जबरन ईसाई धर्म अपनाने का काफी दिनों से दबाव बना रहे है। शनिवार कि सुबह करीब 10 बजे उसने ज़ब इसकी शिकायत आरोपियों से की तो उन लोगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया और सभी मिलकर मारपीट करने लगे। बहन प्रीती, मां प्रेमावती, पिता संतोष बचाने लगे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

नगर में सक्रिय है गैंग

नगर में ईसाई धर्म को लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। ऐसे में मोहिउद्दीनपुर, बंदीपुर, तेंदुआ में आए दिन सतसंग के बहाने लोगों को बरगलाया जाता है। ईसाई बनने के बाद ये लोग अपने घरों के बाहर ईसू का निशान दरवाज़े और दिवाल पर बनाते है और भगवान को घरों से हटा देते है।

रोटावेटर की चपेट में आने से 5वीं के छात्र की मौत

हरदोई

अमृत विचार। ट्रैक्टर पर बैठने से मना किया गया 5 वीं का छात्र चुपके से रोटावेटर पर बैठ गया, लेकिन उसी बीच रोटावेटर की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

पिहानी कोतवाली के महमूदपुर सरैय्या निवासी वादे अली का 10 वर्षीय पुत्र कामरान गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं की पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। शनिवार को वादे अली अपनें ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने जा रहा था। कामरान भी साथ में चलने की ज़िद करने लगा, लेकिन वादे अली ने उसे मना कर दिया। बताते है कि कामरान चुपके से रोटावेटर के ऊपर जा कर बैठा गया, लेकिन उसी बीच वह अचानक रोटावेटर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी कई टुकड़ों में बंट कर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि देखने वालों का कलेजा मुंह को आ गया। इसका पता होते ही घर वालों में कोहराम मच गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

रोजगार मेले में 87 प्रतिभागियों का चयन

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। ब्लाक सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 192 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 87 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मौके पर 10 प्रतिभागियों को आफर लेटर दिया गया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा और बीडीओ सुश्री काजल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर त्रिपुरेश मिश्रा ने कहा आईटीआई और कौशल विकास से जो प्रतिभागी प्रशिक्षण ग्रहण करते हैं उनको रोजगार अवश्य प्राप्त होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है। भाजपा सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में औद्योगिक हब का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित युवक युवतियों को रोजगार प्राप्त होगा।अब प्रशिक्षण लेने के बाद रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। रोजगार मेले में पांच औद्योगिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 192 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 87 प्रतिभागियों का विभिन्न नियोजनों के तहत चयन किया गया। रोजगार मेले में मौके पर 10 प्रतिभागियों को विभिन्न कंपनियों में जहां जिसका चयन किया गया उन को कंपनी का ऑफर लेटर दिया गया। इस अवसर पर रोजगार मेला के प्रभारी एनके जौहरी,संतोष अवस्थी,अरविंद सिंह जिला कौशल प्रबंधक, आईटीआई स्टाफ,प्रशिक्षण प्रदाता और प्रशिक्षित प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देतीं खंड विकास अधिकारी काजल।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता रैली निकालते राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सदस्य।

रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

हरदोई। शनिवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन ब्लाक पिहानी और ब्लाक साण्डी में किया गया। पिहानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक अनुराग आर्य एवं सोनपाल और साण्डी में संगीता शर्मा और रतनदीप पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। पिहानी में बीडीओ अरुण कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साण्डी एवं पिहानी में युवाओं ने स्लोगन,पैम्फलेट एवं नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। दोनों ही ब्लाकों में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार सामग्री घर घर बांटकर लोगों को मतदान हेतु जागरुक किया। बीडीओ अरुण कुमार ने मतदाता शपथ भी दिलाई।

खण्ड शिक्षा अधिकारी को दी गई विदाई

हरदोई, अमृत विचार। कछौना ब्लॉक संशाधन केंद्र पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह का गैर जनपद तबादले के चलते विदाई समारोह आयोजित किया गया। इनका स्थानान्तरण जनपद हरदोई से लखीमपुर हो गया है। शशांक सिंह की कार्यकाल ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाना हमेशा याद किया जायेगा। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र, राकेश कुमार दीक्षित, इन्द्रसेन, रामप्रकाश द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रेमचंद्र कनौजिया अटेवा के आशीष कुमार सिंह द्वारा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। अध्यापक अमित कुमार गौतम ने स्मृति चिन्ह भेंटकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। समस्त एआरपी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित कर विदा किया गया। इस अवसर पर जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, समस्त स्टॉफ, एआरपी, अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन ऋतुराज मिश्र ने किया।

गुनाहों से तौबा की रात होती है शब-ए-बारात

सण्डीला, हरदोई। इस्लामिक कैलेंडर के आठवे माह शबान की 15 वीं तारीख को शब-ए-बारात के नाम से जाना जाता है। यह तेव्हार आज 25 फरवरी इतवार को मनाया जाएगा। यह रात मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष इबादत रात होती है। इस रात अल्लाह की इबादत करना और दरगाहों व अपने रिश्तेदारों की कब्रों पर जा कर उनकी मगफिरत के लिए फातिहा पढ़ना,दुआ करना ज़रूरी होता है। मौलाना मेहंदी हसन ने बताया शब-ए-बारात के दो शब्दों का अर्थ है शब माने रात और बरआत माने बरी होना होता है उन्होंने बताया की शब-ए-बारात में अल्लाह की रहमत बरसती है।और गुनाहों की बख्शिश होती है। गुनाहों से तौबा की रात होती है। कारी शकील वारसी ने बताया इस रात अल्लाह अपने बंदों की तरफ खास तवज्जो फरमाता है।और तौबा करने वाले बंदों के गुनाहों को माफ़ करता है। लोग अपने मां बाप व अन्य रिश्तेदारों की कब्रों पर जाकर उनकी मग़फ़िरत की दुआ करते हैं अल्लाह उनके गुनाह भी माफ केट है। शहर काजी सय्यद आरिफ अब्दुल्लाह ने बताया इस रात बंदा अल्लाह के सामने जब हाथ उठाकर बुराइयों से दूर होने अपने गुनाहों को माफ करने और नेक रास्ते पर चलने की दुआ मांगता है तो अल्लाह बंदे को गुनाहों से माफ कर देता है। नायब शहर क़ाज़ी हकीम सय्यद असद मियां ने बताया यह रात बड़ी फ़ज़ीलत की रात है लोग पूरी रात इबादत करते हैं और दरगाहों, कब्रिस्तानों में फातिहा पढ़ने जाते हैं। घरों में बच्चे महिलाएं इबादत करती हैं। इसी शब ए बारात के दिन में हज़रत उवैस करनी रह. की चना, रवा के हलवा पर नज़र होती है लंगर आदि का वितरण किया जाता है, अगले दिन रोज़ा भी रखा जाता है।

धू-धू कर जल उठी रावण की सोने की लंका

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश मेला मैदान में चल रही श्रीराम लीला में शनिवार को कलाकारों ने लंका दहन लीला का मंचन किया। आतिशबाजी की गन से और दूधिया रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा। हनुमान को जामवन्त ने उनका बल याद दिलाया तो हनुमान समुद्र को पार करके गए। वहां लंकनी का उद्धार किया। जानकी को टोटने लगे, तभी विभीषण से मिलन हुआ। जानकी के पास पहुचे मिलन हुआ। भूख लगी तो बगीचे में जाकर फल खाने लगे जम्बू माली को मार डाला। मेघनाथ को भेज कर बंदी बनाकर बुलाया और मारने लगे, तभी विभीषण आये और दूत को नहीं मारना तो पूछ में आग लगा दी। हनुमान ने लंका में आग लगा दी। सुंदर हनुमान उड़ान भी दिखयी गयी। वहीं रात्रि रासलीला में सुदामा चरित्र दिखाया गया। जिसमें दोनों की मित्रता हुई गुरु संधिपन जी के यहां पर सुदामा भगवान के चना खा गए और दर-दर के भिखारी हो गए।

रामलीला में लंका दहन का सीन।

वाणिज्य संकाय ने दर्ज की शानदार जीत

हरदोई

अमृत विचार। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के क्रम में शनिवार को महाविद्यालय प्रांगण में फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। अन्तर संकाय प्रतियोगिता के फाइनल में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का मैच हुआ। जिसमें अत्यंत संघर्षपूर्ण मैच के दौरान कई बार उतार चढ़ाव की परिस्थितियों बनीं। पूरे मैच के दौरान हार और जीत का रोमांच बना रहा। मैच के आखिरी मिनट में वाणिज्य संकाय ने विजयी गोल करके विज्ञान संकाय को 4-3 से शिकस्त दी। क्रीड़ा प्रभारी डॉ जय भगवान सिंह ने मैच को प्रारम्भ करवाया। डा.तिलक राज एवं डा. गुलशन कुमार ने आयोजन में सहायता की। फाइलन मैच में 'मैन ऑफ द मैच' देव अग्रवाल (गोल कीपर) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए दिया गया। विरोधी टीम के सबसे प्रभावशाली खिलाडी प्रशांत मिश्रा को फेयर प्ले ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। विज्ञान संकाय के कप्तान रचित सिंह गौर एवं वाणिज्य वर्ग के कप्तान देव अग्रवाल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने मैच में अपना शानदार प्रदर्शन किया। खेल के दौरान रोहित कुमार शर्मा, अभिनय गुप्ता, आयुष गुप्ता, हर्षित गुप्ता ने रेफरी एवं सहायक की भूमिका निभाई।

दो युवकों पर नाबालिग बेटी को भगा ले जाने का आरोप

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। एक पिता ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री को दूसरे संप्रदाय के दो युवकों पर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि युवकों ने उसकी पुत्री को दूसरी जगह छिपा रखा है और मैसेज के माध्यम से बातचीत कर रहे हैं।

शाहाबाद कोतवाली के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया उसकी 16 वर्षीय पुत्री पूर्वाह्न 11:00 बजे टेलर के यहां कपड़े सिलवाने के लिए कहकर घर से गई थी। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। पिता के अनुसार उसे पता चला है कि थाना शाहाबाद के खेड़ा बीबीजई निवासी मुन्ना पुत्र इस्लाम तथा जीशान पुत्र सहाबू उसकी पुत्री को कहीं पकड़ कर ले गए हैं और दूसरी जगह छिपा दिया है। पीड़ित पिता के अनुसार जब वह उपरोक्त लोगों से अपनी बेटी के बारे में पूछने गया तो वह लोग मुकर गए। पिता का आरोप है कि मैसेज के द्वारा बराबर उसकी पुत्री से आरोपी बात कर रहे हैं जिसकी रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। पीड़ित पिता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

जयंती सीएसएन महाविद्यालय में मनाई गई जयंती, पूर्व आईएएस ने कहा-

महामानव व युग प्रवर्तक थे संत रविदास

हरदोई

अमृत विचार। सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को महान संत रविदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाई गई। संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सेवानिवृत आईएएस चंद्र प्रकाश ने रविदास जी को युग प्रवर्तक व महामानव बताया।

उन्होंने बताया कि रविदास जी ने जीवन पर्यंत छुआछूत, दुख, दारिद्रय, दंश व दलन के विरुद्ध आवाज उठाई। उनका रास्ता कबीर के समान क्रांति व आक्रोश का न होकर सरल, सहज प्रेम का था। उन्होंने बताया कि संविधान ने जनता को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य दिए हैं। युवाओं की जिम्मेदारी है कि समाज में व्याप्त अन्याय, अनीति व अनाचार के विरुद्ध प्रतिरोध कर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करें। प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संत रविदास ने तुलसी के रामराज की भांति बेगमपुरा की कल्पना की है। यह एक ऐसा नगर जिसमें किसी भी प्रकार की असमानता, अस्पृश्यता, अशिक्षा व दुख -दर्द के लिए स्थान न हो। संचालन करते हुए हिंदी विभाग के डॉ दीपक कुमार राय ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा कहने वाले संत रविदास ने जीवन पर्यंत मन की पवित्रता, पाखंड का विरोध, त्याग, प्रेम व सद्भाव का रास्ता बताया।

संत रविदास जयंती पर बोलते सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश। अमृत विचार

संत रविदास की मूर्ति पर आरती करते ग्रामीण। अमृत विचार

छूआछूत और भेदभाव के खिलाफ थे संत रविदास

हरदोई, अमृत विचार। महान संत श्री रविदास की जयंती शनिवार को जनता जूनियर हाईस्कूल सिविल लाइन में हवन पूजन के साथ मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाया गया। इसके उपरांत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजक प्रबंधक संदीप कुमार अंशू, सुनीता देवी जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपामऊ ने कहा कि संत रविदास ने सबके मार्गदर्शक थे। वे छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ थे। आज उनके पद चिन्हों पर चलना देश के हर व्यक्ति का कर्तव्य है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक गीता देवी, अध्यापक आसिफ खान, देवेंद्र यादव, भुटटो मियां, जिला महासचिव मीडिया प्रभारी गया प्रसाद, मास्टर देवेंद्र, बाबूराम दिवाकर, रजनी सुमन तथा आचार्य उमेश कुमार मौजूद रहे।

एक नजर

दबंग ने ग्रामीण को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सिरदार नगर निवासी एक दबंग ने पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही एक व्यक्ति को लाठी से पीटा जिससे उसे काफी चोटें हैं। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। सरदार नगर निवासी विश्वनाथ पुत्र लालाराम के अनुसार 22 फरवरी को रात्रि 8 :00 बजे वह अपने चबूतरे पर बैठा था। उसी समय परविंदर पुत्र बबलू निवासी सिरदार नगर लाठी लेकर आया और उसके ऊपर हमला कर दिया। वह चीखता चिल्लाता रहा, लेकिन परविंदर ने उसे नहीं छोड़ा। विश्वनाथ के अनुसार उसके काफी चोटें आई हैं। घटना की लिखित तहरीर देने के बाद कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

अज्ञात अधेड़ का शव मिला

हरदोई, अमृत विचार। कछौना कोतवाली के अंतर्गत शारदा नहर के लखनऊ ब्रांच में बालामऊ रेगुलेटर में एक अज्ञात युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली कछौना ने शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त हेतु मर्चरी में रखवा दिया है। बताते चलें कि कोतवाली कछौना के अंतर्गत शारदा नहर लखनऊ ब्रांच के बालामऊ रेगुलेटर में शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने एक अज्ञात युवक का शव फंसा देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को दी।

वस्त्र वितरण आज

हरदोई, अमृत विचार। नारायण सेवा समूह की ओर से रविवार को रफी अहमद स्कूल में 70 जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरण किया जा रहा है। यह जानकारी संस्था के प्रियम मिश्रा ने दी है।

तीन वारंटी गिरफ्तार

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। अतरौली थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया वारंटी प्रतापखेड़ा कुकुरा निवासी रामाधार, सुखऊखेड़ा निवासी जागेश, सुमेर दुबे को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया।

मतदान केंद्रों का सत्यापन करें अधिकारी

सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक में जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

हरदोई

अमृत विचार। रसखान प्रेक्षागृह मे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में वलनरेबिलिटी मैपिंग के सम्बन्ध में सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी व सेक्टर पुलिस अधिकारी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लें। मतदान दलों से मोबाइल के माध्यम से जुड़े रहें। संवेदनशीलता की अच्छी तरह से पहचान सुनिश्चित कर लें। सेक्टर अधिकारी कमजोर वर्ग की बस्तियों मे बैठक कर लें। मतदान केंद्रों के पूर्व के वर्षों का रिकार्ड अवश्य देखें।

बैठक को संबोधित करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र को असुरक्षित या संवेदनशील बनाने वाले व्यक्तियों की पहचान की जाये। जाति या समूहों व समुदायों के बीच संघर्ष का इतिहास देखा जाये। इस सम्बन्ध मे सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर लें। क्षेत्र मे स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी क्षेत्र मे निरंतर भ्रमणशील रहें। उपनिदेशक केटीएस विजय सिंह द्वारा मतदान प्रक्रिया व ईवीएम की जानकारी दी गयी। सभागार मे ईवीएम के प्रदर्शन से सम्बंधित वीडियो क्लिप दिखाई गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने देखी प्रथम रेन्डमाइजेशन से ईवीएम के विधानसभा वार आवंटन की प्रक्रिया

हरदोई। एनआइसी कक्ष में डेमो सर्वर पर प्रथम व द्वितीय रेन्डमाइजेशन का ड्राई रन कराया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी पूरी प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे। डेमो सर्वर पर ड्राई रन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा व उनकी टीम द्वारा कराया गया। प्रथम रेन्डमाइजेशन के माध्यम से ईवीएम के विधानसभा वार आवंटन की प्रक्रिया देखी गयी। इसके माध्यम से विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट की संख्या के बारे मे पता चला। द्वितीय रेन्डमाइजेशन मे ईवीएम को बूथ आवंटित किये गए। इसी प्रक्रिया के आधार पर आगामी लोकसभा चुनाव हेतु वास्तविक रेन्डमाइजेशन किया जायेगा।

बाइक पर हेलमेट न लगाने पर पुलिसककर्मी भी होंगे दंडित

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने सभी पुलिस के जवानों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के निर्देश दिए है। एसपी ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा है कि यदि ट्रैफिक नियम की अवहेलना करते हुए कोई भी कर्मचारी या फिर अधिकारी पाए गए तो उन पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने फरमान जारी करते हुए कहा है कि सभी पुलिस के कर्मचारी और अधिकारी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के साथ-साथ जब भी वह दो पहिया वाहन चलाएं तो उस दौरान हेलमेट जरूर पहनें। इसके अलावा जब भी चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करें तो सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें। अगर वह इन नियमों का पालन नहीं करते हैं और पकड़े जाते हैं, तो उन पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि आम नागरिकों से पहले पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों का पालन करवाना बेहद जरूरी है। ऐसा करने से आम नागरिकों और पुलिस के बीच आदर्श स्थापित करने में मदद मिलेगी। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि एसपी का आदेश सभी को भेज दिया गया है।

मकान की चौथी मंजिल पर चढ़े नंदी को नीचे उतारा

हरदोई

अमृत विचार। शहर के बगल में कांशीराम कालोनी में चार मंजिल मकान की छत पर नंदी चढ़ गया। जिसके बाद वहां भगदड़ सी मच गई। सूचना मिलने पर वहां पुलिस के दो कांस्टेबल पहुंचे लेकिन वह भी बेबस होकर दूर खड़े रहे। उसी बीच दो महिलाएं आगे आईं और उन्होने अपनी सूझबूझ से नंदी को नीचे उतारा, तब कहीं वहां के लोगों की सांस में सांस आई।

बताया गया है कि पुलिस को सूचना मिली कि कांशीराम कालोनी में एक मकान की चौथी मंज़िल की छत पर् नंदी पहुंच गए। अफरा-तफरी के बीच कालोनी की दो महिलाएं मधु गुप्ता व पूनम मिश्रा आगे आई और अपनी सूझबूझ से नंदी को छत से नीचे उतारा। नंदी के छत से उतरने के बाद कालोनी के लोगों ने राहत की सांस ली। इस बीच श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल की युवा जिला प्रभारी संध्या श्रीवास्तव ने मधु गुप्ता व पूनम मिश्रा को सम्मानित करते हुए प्रशासन से दोनों निडर महिलाओं को सम्मानित करने की मांग की है।

पूनम मिश्रा व मधु गुप्ता।

दो पेशेवर आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

हरदोई, अमृत विचार। कछौना ब्लाक में जिला प्रशासन के निर्देश पर दो पेशेवर आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। आगामी चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपराधियों पर ठोस कार्रवाई का अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में चोरी, लूट, शराब माफिया, खनन माफिया, हत्या आदि घटनाओं के लिप्त अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली कछौना के दो आपराधिक तत्व कपिल रैदास निवासी समसपुर व आकाश शुक्ला पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। कपिल रैदास पेशेवर अपराधी है। चोरी, लूट की घटनाओं में लिप्त है। आकाश शुक्ला शराब तस्करी व चोरी की घटनाओं में लिप्त है। आकाश शुक्ला जेल में है।

बदमाशों ने लूट कर छात्र को बेरहमी से पीटा

हरदोई

अमृत विचार। बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर चहल-कदमी करने वाले बदमाशों ने बोर्ड परीक्षा देने के बाद घर लौट रहे छात्र को पकड़ कर पहले तो उसके साथ लूटपाट की और फिर बेरहमी से पिटाई कर फरार हो गए। पुलिस सारे मामले की छानबीन कर रही है।

कोतवाली देहात के मदारा गांव निवासी आदेश सिंह गौर शुक्रवार को छिबरामऊ से बोर्ड परीक्षा देने के बाद वापस घर लौट रहा था। बिल्हौर-कटरा हाईवे पर रूपापुर-हुल्लापुर के बीच कुछ देर के लिए वहां रुका, तभी वहां पहुंचें बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद आदेश का मोबाइल, उसकी जेब में रखे सारे रुपये और पर्स लूट कर पिटाई कर दी। छात्र वहां से किसी तरह भाग कर रूपापुर के एक ढाबे पर पहुंच गया। इसका पता होते ही पाली थाने में तैनात एसआई एचआर यादव अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और छात्र के अलावा वहां लोगों से पूछताछ की। पुलिस सारे मामले की छानबीन कर रही है। बिल्हौर-कटरा हाईवे पर रूपापुर-हुल्लापुर के बीच का सर्किल हरदोई के साथ-साथ शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद ज़िले में आता है। शुक्रवार की रात छात्र के साथ हुई लूट और उसकी पिटाई के मामले से शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद की पुलिस ने काफी गैरजिम्मेदारा रवैया अपनाया। दावा किया जाता रहा है कि वहां हरदोई के अलावा शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद की पुलिस लगातार गश्त पर रहती है, लेकिन छात्र के हुई वारदात ने सारे दावों की हवा निकाल दी है।

वारदात की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

शाहजहांपुर जिले की पुलिस बनी रही लापरवाह

पड़ोसी ज़िला शाहजहांपुर की पुलिस काफी लापरवाह है। क्योंकि छात्र के साथ लूट की सूचना देने के काफी देर बाद भी पुलिस वहां नहीं पहुंची। दरअसल छात्र आदेश सिंह गौर के साथ रूपापुर-हुल्लापुर के बीच रावतपुर के पास लूट हुई,वह इलाका शाहजहांपुर जिले के अल्हागंज थाने में आता है। वारदात के बाद वहां के कुछ लोगों ने अल्हागंज पुलिस को तुरंत सूचना दी, लेकिन काफी देर बाद तक कोई नहीं पहुंचा। उसके बाद पाली पुलिस की मदद ली गई।

बेटी की शादी के कार्ड बांट रहे पिता की मौत

मचा कोहराम

हरदोई-साण्डी रोड पर पेट्रोल पंप के पास ट्रक से भिड़ी बाइक

हरदोई

अमृत विचार। रिश्तेदारी में बेटी की शादी के कार्ड बांट रहे पिता की बाइक ट्रक में सामने से जा टकराई। इस हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा शनिवार की सुबह हरदोई-साण्डी रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास होना बताया गया है।

बताते है कि बिलग्राम कोतवाली के दुर्गागंज निवासी 50 वर्षीय अनीस पुत्र छोटे के पांच बेटे हनीफ,हबीब,हफीज़,हकीक व हमीद के अलावा दो बेटियां परवीन और यास्मीन है। भांजे सलमान ने बताया की अनीस गांव में ही कपड़ो की सिलाई करता था। उसकी छोटी बेटी यास्मीन की अप्रैल में बालामऊ से शादी होना तय थी। अनीस उसी की तैयारियों में जुटा था। शुक्रवार की सुबह रिश्तेदारी में कार्ड बांटने के लिए हरदोई आया और वहीं से शनिवार की सुबह बाइक से साण्डी जा रहा था।उसी बीच उसकी बाइक हरदोई-साण्डी रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास ट्रक में सामने से बड़े ज़ोर से टकरा गई। हादसे में अनीस बुरी तरह से ज़ख्मी हुआ। वहां पहुंची कोतवाली शहर की पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया,लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अनीस के पास से बरामद हुए मोबाइल के नंबर ट्रेस किए और उसके बारे में जानकारी जुटाई। उधर हादसे की खबर सुनते ही अनीस के रोते-बिलखते घर वाले पहुंचें।पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

रोते बिलखते मृतक के परिजन व अनीस की फोटो।(इनसेट में)

कट कर दूर गिरे दोनों पैर,एक का नहीं लगा पता

हरदोई-साण्डी रोड पर पेट्रोल पंप के पास ट्रक में सामने से टकराए बाइक सवार अनीस के दोनों पैर कट गए। हादसे की खबर सुन कर वहां पहुंची पुलिस को उसका एक पैर मिला,जबकि दूसरे की तलाश में जुटी पुलिस ने काफी खोज की,लेकिन फिर भी उसका कुछ पता नही चल सका।

फेरे लेने से पहले दूल्हे के घर से सामान लेकर दुल्हन भागी

हरदोई

अमृत विचार। शादी से पहले सारी खरीदारी की और उसी रात दूल्हे के घर ठहरी दुल्हन वहां से धोखाधड़ी कर 16 हज़ार की नगदी और जेवर समेट कर फरार हो गई। टड़ियावां पुलिस ने आरोपी दुल्हन और शादी करा रहे मझवा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टड़ियावां थाने के बहोरवा निवासी बीनू पुत्र मोरध्वज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मझिला थाने के बेलहइया निवासी योगेन्द्र उर्फ लल्ला पुत्र हरिप्रकाश ने उसकी शादी कराने के लिए पहले 16 सौ रुपये ले लिए। 15 फरवरी को योगेन्द्र उर्फ लल्ला अपने साथी डूडी और एक महिलाएजिसके साथ उसने शादी कराने की बात की थीएको ले कर उसके पास पहुंचा। उसने शादी के लिए उसी दिन टिप्पू उर्फ विनोद की दुकान से करीब 60 हज़ार रुपये में सोने की चैनएचांदी की बिछियाए नाक का फूल और दो साड़ियों की खरीददारी भी करा दी और रात को दोनों उसी के घर में ठहरे। तहरीर में आगे कहा गया कि जिसे वह दुल्हन बनाने का ख्वाब देख रहा थाएवही उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 16 हज़ार की नगदी और ज़ेवर समेट कर फरार हो गई। पुलिस ने योगेन्द्र और उसी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

लाभार्थी को सम्मानित करते भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल पांडेय।

हर एक को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद के आवास विकास कालोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया गया। जिसमें सभासदों ने भाग लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आए लाभार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू ने कहा भाजपा सरकार में सभी लाभार्थियों को समान रूप से लाभ दिया जा रहा है। सभी पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को पूरा राशन दिया जा रहा है। इससे पहले की सरकारों में महिलाएं बच्चे सुरक्षित नहीं थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने महिला शक्ति मिशन को लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाते हुए सुरक्षित रहने का वादा पूरा किया है। सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर सभासद अजीत सैनी, माशूक अली,शोएब खां,रचित गुप्ता,रमाकांत मौर्य,सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

घर-घर पहुंचाएं भाजपा की योजनाएं : आकाश

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। इस दौरान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने कहा भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर युवा चौपाल कार्यक्रम पूरे जनपद में हर मंडल पर 20-20 चौपाल का आयोजन होना है या चौपाल 25 फरवरी से तीन मार्च तक संपन्न होनी है, जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा का कार्यकर्ता जनता के बीच में भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और 2024 में मोदी जी को पुन : प्रधानमंत्री बनाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा, जिला महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी आयुष सिंह, आकाश गुप्ता व विवेक शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पतंग उड़ाते समय छत से गिरे बालक की हुई मौत

हरदोई, अमृत विचार। मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा आठ वर्षीय बच्चा नीचे सड़क पर गिर कर ज़ख्मी हो गया था। उसे मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया। उसे लखनऊ ले जाया गया और ट्रामा सेंटर पहुंचते ही उसकी सांसे थम गई। उसकी मौत होने की खबर सुनते ही उसके घर वालों में कोहराम मच गया। बताते चलें कि शुक्रवार की शाम को बिलग्राम कोतवाली के रावणपुरवा निवासी राम औतार का आठ वर्षीय पुत्र जीतू मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा था। उसी बीच उसका पैर लड़खड़ाया और वह नीचे सड़क पर गिर पड़ा। काफी ऊंचाई से गिरने से उसके सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची। पहले तो उसे सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया। जहां के डाक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया। पिता राम औतार उसे उठा कर भागा,लेकिन ट्रामा सेंटर पहुंचतें ही जीतू की मौत हो गई। इधर उसकी सलामती की दुआएं मांग रहे जीतू के घर वालों ने जब मौत की खबर की खबर सुनी तो उन सबकी चीख निकल गई,चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर आस-पड़ोस वाले दौड़ आए। राम औतार के तीन बेटों में सबसे छोटे बेटे की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। दिब्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत विधायक आशीष सिंह आशू के स्व. पिता शिवराज सिंह की पुण्य स्मृति व भाई स्व डॉ. आलोक सिंह नीलू की छठवीं पुण्यतिथि पर विशाल स्वास्थ्य शिविर, नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा एवम मोतियाबिंद ऑपरेशन और कृषि कल्याण मेला समेत तमाम कल्याणकारी कार्यक्रमो का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रान्त प्रचारक कौशल किशोर ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। शनिवार को कस्बे के जूनियर हाईस्कूल मैदान में क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू के आयोजन पर दिब्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत जनकल्याणकारी कार्यक्रम स्व. पिता शिवराज सिंह की पुण्यस्मृति, भाई स्व डॉ आलोक सिह नीलू की पाचवी पुण्यतिधि पर विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, विशाल कृषि कल्याण मेला, किसानों के लिए निशुल्क हाइब्रिड सब्जी बीज, के साथ ही प्रगतिशील किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रोगियों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। कार्यक्रम में आए भारी संख्या में किसानों को निशुल्क हाइब्रिड सब्जी का बीज वितरण किया गया। तीनो ब्लॉकों के 30 प्रगतिशील किसानों को प्रान्त प्रचारक व विधायक आशीष सिंह, आशू, ने सम्मानित किया।

नशे के आदी ट्रक चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। नशे के लती ट्रक ड्राइवर ने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसने नशे की लत में ज़र-ज़मीन सब कुछ बेंच दिया था। उसके बाद से वह तंगहाली में रहने लगा था। साण्डी थाने के रसूलपुर गोवा निवासी 30 वर्षीय विनय तिवारी पुत्र श्यामसुंदर तिवारी ट्रक ड्राइवरी करता था। दो भाइयों में छोटे विनय की शादी नहीं हुई थी। ट्रक ड्राइवरी करने के दौरान उसे नशे की लत पड़ गई। उसने उसी लत के चलते जो भी पास में था उसे बेंच कर खर्च कर चुका था। विनय शुक्रवार को घर पहुंचा। उसने किसी से कोई बात नहीं की और चुपचाप कमरें में चला गया। काफी देर तक जब उसकी कोई आहट नही सुनाई दी तो उसके बड़े भाई शैलेंद्र कमरे में गया,तो वहां विनय का शव फांसी पर लटका देखा। सूचना देने पर वहां पहुंची पुलिस ने इस बारे में पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम कराया।

बदहाली के बीच रह रहे फिरोजपुर खुर्द के लोग

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। ब्लॉक के फिरोजपुर खुर्द ग्राम पंचायत में प्रधान की मनमानी के चलते ग्रामीण बदहाली का जीवन जी रहे हैं। गांव की अधिकांश सड़कें पूरी तरह से टूटी हुई है और पानी का निकास न होने की वजह से दलदल में तब्दील हो गई हैं। इसी दलदल से होकर ग्रामीण अपनी दिनचर्या में लग जाते हैं लेकिन शासन प्रशासन और ब्लॉक प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शाहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द में पिछले कई वर्षों से सड़क और खड़ंजे न होने की कारण ग्रामीणों का जीना हराम हो गया है। पानी का पर्याप्त निकास न होने की वजह से घरों का पानी सड़कों पर बहता है । वीडियो में आप साफ देख सकते हैं किस तरह से सड़क दलदल में तब्दील हैं। इसी दलदल से गुजरकर ग्रामीण अपने घरों तक जाते हैं, स्कूली बच्चे इसी दलदल से गुजर कर स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं। लेकिन प्रधान और ब्लॉक का प्रशासन ने इस गांव की समस्या का समाधान करना मुनासिब नहीं समझा। ग्रामीणों का कहना है प्रधान सड़कों की नाप तो हर दूसरे दिन करता है, लेकिन सड़कों पर काम कभी नहीं हो पाता। यहां के ग्रामीणों ने तमाम बार ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिए, लेकिन खंड विकास अधिकारी ने मात्र आश्वासन दिए। काम धेला भर नहीं हुआ। वीडियो में आप साफ देख लें कि इसी दलदल से प्रतिदिन ग्रामीणों का गुजरना होता है और स्कूली बच्चे भी इसी दलदल से गुजर कर स्कूल पहुंचते हैं।

फिरोजपुर खुर्द गांव में दलदल का नजारा। अमृत विचार

आयोजन सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के अंतिम दिन हुआ हवन और भंडारा, बड़ी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु

सहनशीलता ही मनुष्य को बनाती है महान : आचार्य प्रदीप

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला उधरनपुर में एक मैरिज हॉल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विसर्जन दिवस पर आचार्य महाराज ने अपनी वाणी से भक्तों को ईश्वर का रसास्वादन करवाया। कथा विसर्जन के बाद हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष भक्तगण उपस्थित रहे।

कस्बे के उधरनपुर में एक मैरिज हॉल में करुणा शंकर शुक्ला द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया गया था। वृंदावन धाम से आए आचार्य प्रदीप गौड़ ने भागवत कथा के सप्तम दिवस पर उपस्थित भक्तों से सहनशीलता अपनाने का आग्रह करते हुए कहा जिसने सहना सीख लिया उसे महान बनने से कोई नहीं रोक सकता, इसलिए कोई गलत भी कहे तो ये उसका कर्म है। उन्होंने कथा में त्रिदेव के परीक्षण का वर्णन करते हुए कहा ब्रह्मा, विष्णु, महेश में विष्णु जी सहनशीलता के कारण सर्वोच्च माना गया।आचार्य ने भगवान शंकर और उनके भक्त वक्रासुर के एक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा वक्रासुर की भक्ति से प्रसन्न भोलेनाथ ने उससे वर मांगने को कहा तो वक्रासुर ने कहा वह जिसके सिर पर हाथ रख दे वह भस्म हो जाए।भोलेनाथ ने तथास्तु कह दिया। वक्रासुर ने प्रभु के वरदान की प्रामाणिकता के लिए भोलेनाथ के ही सर पर हाथ रखने का प्रयास किया तो शंकर भगवान डर के कारण भागने लगे वक्रासुर ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया।ये दृश्य देखकर विष्णु जी ने मनोहारी बालक का मोहिनी रूप धारण कर वक्रासुर को पुकारा और कहा कहां भागे जा रहे हो इतनी धूप में तो उसके पूर्ण व्रत्तांत बताने पर विष्णु जी ने कहा तुम भी भोलेनाथ की बातों में आ गए उन्होंने तो हमे भी कई बार ऐसी बातों से बेवकूफ बनाया है। तुम अगर यकीन मत मानो तो अपने ही सर पर हाथ रखकर देख लो कुछ हो जाए तो हमे बताना बालक के मोहिनी रूप के बहकावे में आकर वक्रासुर ने अपने ही सर पर हाथ रखलिया और वह भस्म हो गया। तभी उसे भस्मासुर के नाम से जाना जाता है।फिर विष्णु जी ने भोलेनाथ से कहा प्रभु पात्र और अपात्र का चयन कर ही आशीर्वाद देना चाहिए।उन्होंने कहा आज समाज समस्यायों से ग्रसित है वह लाभ चाहता है।कलियुग में भागवत कथा के सच्चे मन से श्रवण और उसी आचरण पर चलकर निश्चय ही समस्यायों से मुक्ति संभव है। आचार्य ने और भी कई प्रसंग सुनाकर भक्तो को भाव विभोर कर दिया। कथा के विसर्जन के बाद आयोजको द्वारा आचार्य ने हवन संपन्न करवाया। फिर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अनुराग शुक्ला, आलोक शुक्ला, रवि शुक्ला, दीपू सुदेश त्रिपाठी सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्तों ने कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया।

कथा का रसपान कराते आचार्य प्रदीप।

डॉक्टर के साथ मारपीट में कांस्टेबल निलंबित

हरदोई। शव के पोस्टमार्टम के लिए भटक रहे कांस्टेबल की पोस्टमार्टम हाउस में तैनात डाक्टर से नोंकझोंक हो गई। उस पर डाक्टर ने कांस्टेबल को गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। जिस से गुस्साए कांस्टेबल ने डाक्टर पर हाथ छोड़ दिया। घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। जिसके बाद कांस्टेबल को एसपी के सामने पेश कर दिया। जिस पर एक्शन में आए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने कांस्टेबिल गगन सिंह को निलंबित कर दिया। शुक्रवार को हरपालपुर थाने के टिलिया घटवासा में बस पलटने से अरवल थाने के बेहथर निवासी अंकित के 3 वर्षीय की मौत हो गई थी। जिस पर कांस्टेबल गगन सिंह की पोस्टमार्टम कराने में ड्यूटी लगाई गई थी।

एक नजर

दो मार्च तक प्रवेश पत्र भरकर जमा करें विद्यार्थी

सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद स्थित मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट आफ ह्यूमैनिटिज साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बीए, बीएससी, बीकॉम-दूसरे, चैथे व छठे समेस्टर व एमए, एमएससी चैथे समेस्टर के समस्त छात्र-छात्रायें अपना प्रवेश फॉर्म भरकर समस्त औपचारिकताएं दो मार्च तक महाविद्यालय में अनिवार्य रूप उपस्थित होकर पूर्ण करा लें। अन्यथा की दशा के समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र का होगा। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा मिश्रा ने दी।

पांच शिकायतों का निस्तारण

महमूदाबाद। कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार सूरज प्रताप की अध्यक्षता में किया गया। आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से राजस्व विभाग की 6 और पुलिस विभाग की 6 शिकायतें आईं। मौके पर पुलिस विभाग की आईं 5 शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया। शेष बची राजस्व विभाग की शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसीलदार ने संबंधित अधिनस्तों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्वकर्मियों और पुलिसकर्मियों सहित फरियादी मौजूद रहे।

दबंगों ने 40 साल पुराना नीम का पेड़ काटा

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। थाना कमलापुर अन्तर्गत ग्राम सरांय के एक ग्रामीण में गांव के ही कुछ दबंगों ने उसके घर के आगे लगे प्रतिबन्धित श्रेणी के एक पेड़ को काट लेने का आरोप लगाते हुए कार्यवाई की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में ग्रामीण छोटेलाल ने बताया कि उसके सहन में नीम का एक चालीस साल का पुराना पेड़ लगा था। गाँव के ही राम सिंह और राकेश ने दबंगई से उसका पेड़ कटवा लिया। ग्रामीण ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा का लाभार्थी अभियान आज से

सिधौली। भाजपा 25 फरवरी से लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत कर रही है। इसकी तैयारी के लिए शनिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम जीवन जयसवाल रहे उन्होंने कहा कि लाभार्थी संपर्क योजना में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे। इस दौरान केन्द्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करेंगे। लोकसभा की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में यह अभियान चलेगा। सरकार की योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं या नहीं इसकी जानकारी एकत्रित करेंगे। इस मौके पर राकेश पाण्डेय भाजपा मंडल अध्यक्ष, रामनिवास विश्वकर्मा, आदित्य त्रिपाठी, राजेश्वर सिंह, अतुल तिवारी, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों का हुआ चालान

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नगर के शहर बाजार चैराहे पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दोपहिया वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट लगाए लगभग एक दर्जन बाइकसवारों के ई-चालान काटे गए। पुलिस ने इस मौके पर सभी लोगों से हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल चलाने की अपील की। अचानक नगर के शहर बाजार चैराहे पर पुलिस के चलाए गए चेकिंग अभियान से चैराहे पर अफरा तफरी मच गई और मोटरसाइकिल सवार इधर-उधर गलियों में भागते नजर आए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

टैंकर अनियंत्रित होने से छह दुकानें क्षतिग्रस्त

ग्राम पंचायत स्तर से लगा सीसीटीवी कैमरा व स्ट्रीट लाइट भी टूटीं, चालक लखनऊ रेफर

कार्यालय संवाददाता, झरेखापुर

अमृत विचार। हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर झरेखापुर चौराहे पर शुक्रवार देर रात तेज गति से आ रहा एल्कोहल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया। बताया जाता है कि ट्रक अनियंत्रित होने से सड़क के किनारे बना एक मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क के किनारे करीब आधा दर्जन दुकानें नष्ट हो गयीं। हादसे में दुकानदारों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

एल्कोहल भरा टैंकर लखीमपुर जनपद के गुलरिया चीनी मिल से झांसी के लिये जा रहा था। हरगांव के झरेखापुर चौराहे पर अचानक टैंकर सड़क के किनारे बने एक मंदिर से टकराकर अनियंत्रित हो गया। वहीं टैंकर की चपेट में सड़क की पटरी के किनारे पर रखी करीब आधा दर्जन दुकानें भी आ गईं। जिससे दुकानदारों का दुकान सहित लाखों का सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया। वहीं ग्राम पंचायत स्तर से लगा सीसीटीवी कैमरा व एक स्ट्रीट लाइट भी टूट गयी। इसके बाद टैंकर चौराहे पर लगे विशालकाय पीपल के पेड़ से टकरा गया। जिससे पेड़ का कुछ हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया। ऐसे में सीतापुर-लखीमपुर मार्ग अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके मार्ग को वनवे किया। सुबह मार्ग बहाल हो पाया। गनीमत यह रही कि घटना के समय सभी दुकानदार दुकान बंद करके घर जा चुके थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुयी। एल्कोहल भरे टैंकर को झरेखापुर चौराहे से हटाकर कोतवाली देहात के बड़ागांव के पास हाट मिक्स प्लांट पर आबकारी विभाग की निगरानी में खड़ा किया गया।

घटनास्थल पर अपनी टूटी हुई दुकानों को देखते दुकानदार व लोगों की भीड़।

क्षतिग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

दुकानदार विजय, दलजीत, कौशलेंद्र, सुशील, सुमेर आदि ने बताया कि हम लोगों का रोजी रोटी जरिया चला गया है। परिवार का खर्च इसी दुकान से चलता था। ऐसे मौके पर कोई अधिकारी मदद के लिए नहीं कह रहा है। टैंकर का चालक लखीमपुर के गोला निवासी सचिन टैंकर के अंदर ही बेहोश हो गया। मौके पर पहुंची झरेखापुर पुलिस ने चालक को निकालकर एम्बुलेन्स से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव पहुंचाया।

वहां से डाक्टरों ने सीतापुर जिला अस्पताल रेफर किया। वहां गंभीर हालत देखकर डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे के बाद टैंकर क्षतिग्रस्त होने से एल्कोहल का रिसाव होने लगा। मौके पर मौजूद आबकारी टीम ने फायर ब्रिगेड की मदद से केमिकल और पानी से टैंकर को ठंडा किया। मौके पर सीओ सदर आलोक प्रसाद, जिला आबकारी अधिकारी मय फोर्स, नायब तहसीलदार महेन्द्र तिवारी, हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौजूद रहीं। हरगांव थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रवीन तिवारी ने बताया कि टैंकर अनियंत्रित होने से यह हादसा हुआ है। टैंकर पुलिस अभिरक्षा में है। अभी कोई भी तहरीर नहीं मिली है।

सपा छात्र सभा ने किया प्रदर्शन

सड़कों पर उतरकर नारेबाजी करते छात्र सभा के जिलाध्यक्ष व मौजूद कार्यकर्ता।

सीतापुर, अमृत विचार। यूपी पुलिस भर्ती मामले में पेपर लीक के बाद शनिवार को समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की और राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा।

छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उपस्थित होकर सड़क पर उतर आये और सरकार विरोधी नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने आर/एआरओ/यूपीपी भर्ती के लीक हुये प्रश्न पत्र के चलते परीक्षा को निरस्त कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग की। इस प्रदर्शन के दौरान मो. ऐतिशाम, अभय, रूद्र, रजनीश राठौर, समीर, मुनेन्द्र, अनिल कुमार, जीशान, दीपक, सत्यांश, राहुल सहित दर्जनों पदाधिकारी कार्यकर्ता ने लीक प्रश्न पत्र पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में कोई भी प्रतियोगी परीक्षा शुचितापूर्ण तरीके से नहीं करा पा रही है।

पेपर लीक के खिलाफ आक्रोशित है युवा

पुलिस भर्ती

सीतापुर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी से धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में चल रही समाजवादी पीडीए पदयात्रा ग्राम नगरा से प्रारंभ होकर बिछिया, चनवा, कलुआमोती, चंदीपुर, ओलरापुर, पिपरिया होकर ग्राम ककरहा पहुंची जहां समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव के आवास पर रुकी।

समाजवादी पीडीए पदयात्रा शनिवार 11वें दिन नगरा में राजकुमार सिंह के आवास से सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ प्रारंभ होकर नगरा ग्राम होते हुए आगे बबढ़ी जहां पर अवधेश गुप्ता व सौरभ सिंह ने स्वागत किया, यात्रा बिछिया होते हुए चनवा पहुंची जहां पर राम सिंह, हरपाल सिंह व खेम सिंह ने कल्लुआपुर में निमेष त्रिवेदी ने, बलरामपुर में ओमप्रकाश सिंह, राम प्रकाश सिंह, रामसागर सिंह, गुड्डू सिंह व सौरभ सिंह ने, पिपरिया में हंसराम यादव, संतोष सिंह यादव, अनिल अर्कवंशी, बृजपाल सिंह यादव व ओमप्रकाश भार्गव ने, ककरहा में सुधीर यादव, वेद प्रकाश सिंह, रिंकू यादव, हकीम खान, सादिक अली, कुलदीप यादव, अरविंद यादव, गोविंद गुप्ता, राम मूर्ति सिंह ने माला पहनकर स्वागत व अभिनंदन किया, जगह-जगह माता व बहनों ने भी तिलक लगाकर विजय होने का आशीर्वाद दिया, समाजवादी पीडीए यात्रा में चल रहे आनंद भदौरिया सहित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ककरहा पहुंचकर संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जयंती मनाई।

समाजवादी पीडीए यात्रा के दौरान लोगों से मिलते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया।

आनंद भदौरिया ने युवाओं किसानों को संबोधित करते हुए कहाकि गांव-गांव में नौजवान भर्ती पुलिस में पेपर लीक के खिलाफ आक्रोशित है, पेपर लीक और भर्ती में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में पश्चिमी यूपी, बुन्देलखण्ड से लेकर हर जिले में छात्र सड़कों पर है, इलाहाबाद में लोक सेवा आयोग के सामने भी छात्रों ने मामला उठाया है।

सार-संक्षेप

डालमिया चीनी मिल ने किसानों के खाते में भेजे 12 करोड़

रामकोट। डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने नए पेराई सत्र के दौरान खरीदे गए गन्ने के 12 करोड़ 45 लाख 20 हजार 322 रुपये किसानों के खाते में भेज दिए हैं। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड यूनिट जवाहरपुर के मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया पिराई सत्र 2023-24 में किसानों से क्रय किये गए गन्ने का भुगतान 11-02-2024 तक का 12,45,20,322.33 किसान भाइयों के खाते में भेजा जा चुका है। नए पेराई सत्र का 11 फरवरी तक का शत प्रतिशत भुगतान हो गया। चीनी मिल के उप अधिशासी निदेशक टी एन सिंह ने बताया कि मिल ने गन्ना पेराई सत्र 2023-24 में खरीदे गए गन्ने का 11 फरवरी तक का पूरा भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है और कहा कि हमारे द्वारा किसानों को गन्ने की फसल से संबंधित रोगों की रोकथाम व उसमें पड़ने वाली दवाओं के बारे में समय-समय पर कैंप लगाकर किसानों को अवगत कराते रहते हैं।

टीएन सिंह

पिता की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने पिता को बेरहमी से बांके से गला काटकर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस हत्यारे पुत्र की पत्नी की भूमिका की जांच कर रही है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोतवाल अनिल कुमार, एसएसआई अरविंद कटियार, आरक्षी राहुल, विनोद की टीम ने पैंतेपुर के संगत मंदिर के पास से पिता का बांके से गला काटकर मौत के घाट उतारने वाले बेरहम कातिल बेटे राम सजीवन पुत्र अवधराम को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि पिता द्वारा 18 बीघा जमीन बहन के नाम कर देने की शंका में महमूदाबाद कोतवाली के सायपुर के राम सजीवन ने अपने 65 वर्षीय पिता अवधराम की बुधवार की सुबह शौच के लिए जाते समय बांके से गला काटकर हत्या कर दी थी। मृतक की बेटी ने भाई राम सजीवन के साथ उसकी पत्नी अनीता को नामजद करते हुए कोतवाली में हत्या का केस दर्ज कराया था।

दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल

झरेखापुर। हरगांव थाना क्षेत्र मे शनिवार देर शाम झरेखापुर चैराहे के करीब पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की भिड़ंत से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक हरगांव थाना क्षेत्र के नौनेर गांव निवासिनी छाया कृष्णा कालेज से बीएड की पढाई करके घर वापस आ रही थी रास्ते मे झरेखापुर चैराहे के पास पेट्रोल पंप के सामने कोतवाली देहात के नरसोही गांव से तिलक लेकर जा रहे अंकित की बाइक से टक्कर हो गयी जिससे छाया व दूसरी बाइक सवार अंकित तथा रंजीत गंभीर रूप घायल हो गये बाइकों की चपेट मे दुकान से सामान लेकर जा रहे लहरपुर कोतवाली के लछछन नगर निवासी दस वर्षीय बालक जुल्फिकार भी गंभीर रूप घायल हो गया जुल्फिकार के पिता झरेखापुर मे गुडबेल पर मजदूरी करते है ।मौके पर पहुंचे परिजनो ने छात्रा व अन्य को निजी वाहन से जिला अस्पताल मे ले जाकर इलाज के लिए भर्ती कराया है ।जहां जुल्फिकार की हालत नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया ।मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइकों को कब्जे मे ले लिया है।

एसडीएम ने पांच शिकायतों का किया निस्तारण

समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में शनिवार को 11 लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतों के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिसे उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने सभी शिकायतकर्ताओं की बात सुनकर शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उन्होंने पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, शेष शिकायतों को संबंधित पुलिस व राजस्व टीम को पारदर्शितापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा सहित पुलिस एवं राजस्व कर्मी उपस्थित थे।

बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, परिजनों ने दी तहरीर

इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार। थाना इलाके में 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोप गांव के ही एक युवक पर लगा है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बच्ची के परिजनों ने बताया कि पीड़िता के पड़ोस के रहने वाले श्रीकांत पुत्र मनोज कुमार 21 फरवरी को मिट्टी लेने के बहाने बच्ची को खेतों की तरफ बुला ले गया। आरोप है कि इस दौरान युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसे धमकाया और मौके पर छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने बच्ची की हालत देखकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

प्रसंस्करण से आय अर्जित करेंगी महिलाएं: डॉ. रमेश

सीतापुर, अमृत विचार। फलों एवं सब्जियों के प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों/कृषि महिलाओं में उद्यमिता विकास के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर ने भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी (नार्म) हैदराबाद के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि उप-निदेशक कृषि, सीतापुर डॉ श्रवण कुमार सिंह ने फलों एवं सब्जियों के प्रसंस्करण से जुड़े हुए लघु उद्यम पर वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से कृषक महिलाओं में उद्यमिता को और मजबूत किया जा सकता है, जो न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि उन्हें नए विपणन मौकों की खोज में मदद करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ राम नाइक मुडे ने दक्षिण के महिला स्वयं सहायता समूहों के सफलता का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के सहयोग से छोटे पैमाने पर फल और सब्जियों के प्रसंस्करण यूनिट्स स्थापित किए जा सकते हैं, जो उत्पादों को साफ, संरक्षित और पैक करने में मदद करेंगे और उत्पादकों को अधिक मूल्य उत्पन्न करने में सहायता प्रदान करेंगे।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, वैज्ञानिक व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकियों और बाजार की नवाचारी विधियों पर प्रशिक्षण दिया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र प्रतापगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ स्वाति दूबे, प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय से डॉ एस सुचित्रा देवी, बांदा कृषि एवं प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय से डॉ सौरभ यादव, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ से प्रधान वैज्ञानिक डॉ अखत सिंह एवं कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर के वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह, डॉ रीमा, डॉ शिशिर कांत सिंह, श्री सचिन प्रताप तोमर, डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह प्रमुख वक्ता रहे।

बनबीरपुर गांव में दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

सदरपुर, अमृत विचार। बनबीरपुर गांव में घर के बाहर दरवाजे के सामने खड़ी बाइक अज्ञात चोर उठा ले गये। थाना क्षेत्र के बनवीरपुर गांव निवासी आयतुल्ला पुत्र कल्लू ने बीती रात एचएफ डीलक्स बाइक को घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी कर दिया। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गये। आयतुल्ला ने बताया कि चोरी गयी बाइक यूपी 34 बीडी 1701 जो उन्होंने अपने गांव के अकील पुत्र कल्लन से लगभग छः माह पहले ही खरीदा था वह शुक्रवार/शनिवार की रात चोरी हो गई है। सदरपुर थाने पर बाइक चोरी की सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया है कि आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

प्रेस विज्ञप्ति

पत्र संख्याः भ-14/2024 दिनांकरू 24/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर में वर्ष 2023-24 में मानक मद-29 (अनुरक्षण) तृतीय कार्य योजन वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत 09 आवासीय / अनावासीय कार्यो को कराये जाने हेतु निम्न शर्तों के अधीन निविदा दिनांकः 03/02/ 2024 को आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को ही अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये राजपत्रित अधिकारी द्वारा समय 16:00 बजे खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांकः 02/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 17:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा की शर्ते व निविदा फार्म एवं धनराशि की जानकारी प्राप्त कर सकते है। तदानुसार सूचित किया जाता है।

सेनानायक द्वितीय वाहिनी
पीएसी सीतापुर

कार्यालय ग्राम पंचायत- जगदीशपुर, विकास खण्ड-कसमण्डा, जिला सीतापुर

पत्राकः मेमो /विज्ञप्ति / दिनांक 24/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

विक्रयोग विकास खण्ड कसमण्डा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जगदीशपुर जाने वाले कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये कार्य पर सामग्री की आपूर्ति की जानी हैं। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री हेतु फर्म से अल्पकालीन निविदाये दिनांक 2/03/2024 को अपराहन 03 बजे तक ग्राम पंचायत में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उपरोक्त तिथि को अपराहन 04 बजे पंजीकृत फर्मो के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। किसी टेन्डर को बिना बताये अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलन के अनुसार आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण	सामग्री
1	वरगदिया में सागर के घर से गुड्डू के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य	237076.00	ईट -3180 संख्या, इंटरलाकिंग बिक- 5269 नं0, सीमेंट - 62 बोरी, बालू - 5.15 घन मी0, मौरंग - 3.50 घन मी0 गिट्टी - 2 धनमी0, रोड़ा - 10.25 घनमी0, सरिया = 0.05 क्विंटल
2	बरगदिया में राम प्रसाद के घर से नल तक इण्टर लाकिंग कार्य	248202.00	ईट -3180 संख्या, सीमेंट - 62 बोरी, बालू - 5.15 घन मी0, मौरंग - 3.50 घन मी0 गिट्टी - 2 धनमी0, रोड़ा - 10.25 घनमी0, सरिया = 0.05 क्विंटल, इंटरलाकिंग बिक- 5666 नं0,

नोट-निविदा/कोटेशन से सम्बन्धित नियम व शर्ते लागू होंगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- जगदीशपुर
विकास खंड- कसमण्डा, सीतापुर

ग्रा0 वि0अधि0/ ग्रा0 पं0 अधि0
ग्राम पंचायत- जगदीशपुर
विकास खंड- कसमण्डा, सीतापुर

हर्षोल्लास महमूदाबाद चौराहा स्थित पंचायती रविदास मंदिर से बैंड-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

संत रविदास जन्मोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहीं महापुरुषों की झांकियां

सिधौली, अमृत विचार। सामाजिक सद्भाव के मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत संत रविदास की जयंती नगर सिधौली में शनिवार को परंपरागत तरीके से बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ढोल नगाड़े, बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा कस्बा के महमूदाबाद चौराहा पर स्थित पंचायती रविदास मंदिर से निकाली गई। जिसमें संत रविदास के साथ गुरुनानक देव, संत कबीर, डॉ. अम्बेडकर, तथागत गौतम बुद्ध आदि महापुरुषों से संबंधित मनमोहक झांकियां लोगों का आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभा यात्रा में हरदोइया, बनियानी, बिशुनदासपुर, बौनाभारी, सीतारसोई, रघुराजपुर, उनई, सोनारी, खरवलिया, बहादुरपुर, खालेगढ़ी, रामपुर टड़वा, रमनगरा, नरायनपुर, भुचकैली, जुधौरा, दुर्गापुर, मानपारा, सीरगंज, सरौरा कला, अलहइयापुर आदि गांवों से भव्य व दिव्य झांकिया सम्मिलित हुईं। रविदास मंदिर महमूदाबाद चौराहे से शोभा यात्रा पंचायती रविदास मंदिर से शुरु होकर तहसील चैराहा, बस स्टाप, पड़ाव मैदान, अम्बेडकर पार्क, विसवॉ चैराहा, डाक बगला और तहसील रोड होते हुए पुनः रविदास मंदिर पहुंच कर जनसभा के रूप में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अनुयायियों ने कहा कि संत रविदास ने मानव को शिक्षित व कर्मयोद्धा बनने की नसीहत दी है जो आज के दौर में प्रासांगिक है, जिससे आज भी हम उनके मार्ग पर चलकर मानव कल्याण की ओर बढ़ रहे हैं। मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर ने कहा कि हिंदू धर्म में कोई इंसान बड़ा और छोटा नहीं होता है। इंसान अपने मन बचन और कर्म से बड़ा है। जयंती के अवसर पर डॉ पुष्पेन्द्र पासी ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक एवं आध्यात्मिक संघर्ष किया था।

संत रविदास जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से विधायक मनीष रावत, कमलसेन चैधरी, बुद्ध प्रकाश, राम चन्द्र गौतम, पूर्व विधायक राम लाल, राजकुमार, गुरुदीन गौतम, हर्ष कुमार रसिक, अधिवक्ता हेमनाथ गौतम, एडविकेट रामपाल भार्गव, रामकुमार, इंजी. महेन्द्र कुमार, डॉ. रवि कुमार, अनुराग आग्नेय, प्रधान पंकज कुमार गौतम, प्रधान महेंद्र कुमार, ब्रज लाल गौतम, राजेश सिद्धार्थ, कमलेश कुमार, उजागर लाल गौतम आदि उपस्थित रहे।

भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों–आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधू कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊर्ध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकाश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवे मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

साहित्यकार और भैंस

मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी'और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅप कॅप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध

अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूं: बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

भारतीय-संस्कृति

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

कुरीतियों के सुधारक संत रविदास

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

संस्कृति की विशिष्ट परंपरा

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24-दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

एक नजर

समदा झील से जुड़ी भूमि को लेकर चेयरमैन प्रतिनिधि ने दी शिकायत

सोहावल, अयोध्या। नगर पंचायत खिरौनी के चेयरमैन प्रतिनिधि राम सुमेर भारती ने अपने राजस्व गांव के लेखपाल पर प्रापर्टी डीलरों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने समदा परियोजना से जुड़ी भूमि की बिक्री कराने की शिकायत शनिवार को दर्ज कराई। चिन्हांकित दो गाटा का हवाला देकर उपजिला अधिकारी को दी गई शिकायत में आरोप है प्रापर्टी डीलरों ने ड्रेन और रास्ते की भूमि के बगल भूमि खरीद कर सरकारी भूमि पर भी कब्जा कर बिक्री कर रहे है। उपजिला अधिकारी अशोक सैनी ने बताया शिकायत जांच के लिए राजस्व निरीक्षक को सौंपी है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

अगले 24 घंटे में हल्की बारिश की संभावना

अयोध्या, अमृत विचार : एक बार फिर मौसम बदलने लगा है। शनिवार को कभी बादल रहे तो कभी धूप खिली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने व हल्की वर्षा की संभावना है।

रामनगरी में चलेंगी डबल डेकर ई-बसें : दयाशंकर

परिवहन मंत्री बोले- अयोध्या से गोरखपुर, लखनऊ, काशी और प्रयागराज को भी जोड़ा जाएगा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें जो अब तक केवल शहर में चल रही थीं, अब उनका दायरा बढ़ाया जाएगा।अयोध्या से गोरखपुर, लखनऊ, काशी और प्रयागराज भी जोड़ा जाएगा, इन रूट पर ई बसों को चलाया जाएगा। होली पर यात्रियों की सुविधा और सहूलियत के लिए विशेष रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। ये बातें शनिवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहीं। वो नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद की आगवानी करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि नगरीय निदेशालय की ओर से अयोध्या में 225 इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। रोडवेज को मुख्यालय से नई बीएस-6 मॉडल की बसें उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग की योजना भविष्य में प्रदेश के विभिन्न रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की है, जिसके लिए प्रक्रिया चल रही है।

नेपाल के विदेश मंत्री की अगवानी के लिए महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर मौजूद परिवहन मंत्री।

मोदी की सुनामी के आगे गठबंधन फेल

लोकसभा चुनाव के प्रभारी और परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने विपक्षी दलों और गठबंधन पर भी सियासी हमला बोला। कहा कि सपा और कांग्रेस पहले भी गठबंधन कर चुकी है। सपा ने बसपा के साथ भी गठबंधन किया था। कोई ऐसा दल नहीं है जिसने मोदी के खिलाफ गठबंधन नहीं किया, लेकिन कोई गठबंधन मोदी की लहर को रोक नहीं पाया। इस बार तो मोदी की सुनामी चल रही है। इस सुनामी में सब बह जाएंगे। कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी प्रदेश की अमेठी सीट छोड़ चुनाव जीतने के लिए केरल भाग गए थे और इस बार लोकसभा चुनाव के पहले उनकी माताजी राजस्थान से राज्यसभा की सदस्य बन गई। पिछली बार कांग्रेस प्रदेश में रायबरेली की एक लोकसभा सीट जीती थी। इस बार पार्टी ने चुनाव के पहले ही वह भी छोड़ दी। सवाल उठाया कि जो नेता खुद मैदान छोड़कर भाग रहा हो वह अपने समर्थकों को कैसे जीत दिला पाएगा। कहा कि यूपी में मोदी और योगी की डबल इंजन सरकार विकास और जनकल्याण में जुटी है। पार्टी प्रदेश की सभी 80 की 80 सीट पर जीत दर्ज करेगी।

▸▸ राहुल केरल भागे थे और अब माता जी राजस्थान चली गईं

धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन के रिश्ते होंगे प्रगाढ़ : सऊद

▸▸ नेपाल के विदेश मंत्री बोले- परिवार के साथ पहुंचे अयोध्या

महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से बाहर निकलते नेपाल के विदेश मंत्री।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जनकपुर से अयोध्या और पशुपतिनाथ से काशी के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात शनिवार को अयोध्या पहुंचे नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद कही। नेपाल विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद परिवार के साथ दिल्ली से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उनका प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान वह रविवार को हनुमान गढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से वापस नेपाल की रवाना होंगे। उनके साथ हिंदू महासंघ नेपाल की उपाध्यक्ष ज्योत्सना सऊद, काजी मानसुब्बा, दीपेंद्र पाठक, श्रीकृष्ण थापा मौजूद रहे। विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बहुत ही महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। भारत और नेपाल के बीच बहुत ही गहरा सांस्कृतिक संबंध रहा है। दोनों सरकार के बीच में ही नहीं जनता के बीच में भी उतना ही गहरा संबंध रहा है। कहा भगवान राम की शादी माता जानकी से जनकपुर के राम जानकी मंदिर में हुई थी। इसलिए हमारे बीच जो गहरा संबंध है वह सांस्कृतिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उसको और मजबूत करने के लिए प्रयत्नशील है। हम लोग धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इससे पूर्व मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, निदेशक एयरपोर्ट विनोद कुमार, आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने उनका स्वागत किया।

जिला होम्योपैथिक अधिकारी निलंबित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिला होम्योपैथिक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सीएमएस डॉ. संगीता भाटिया ने बताया किआदेश आ गया है। ऑफिस में रखा है। अभी बाहर हूं इसके बारे में अधिक नहीं बता सकती। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. घनश्याम चौधरी पर चिकित्सकों ने आरोप लगाया था कि शासन की तरफ से बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए मिलने वाले यात्रा भत्ता को पास करने के लिए डॉ.घनश्याम ने 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। जब चिकित्सकों ने कमीशन देने से मना कर दिया तो बताया गया कि अभी बजट नहीं है। आरोप है कि इसके बावजूद जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने अपना यात्रा भत्ता पास करा लिया था। इसकी जानकारी होने पर चिकित्सकों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत की थी। मामले की जांच अयोध्या मंडलाधिकारी सीएमएस ने की थी और रिपोर्ट निदेशक होम्योपैथिक को भेज दी थी। इसके बाद निदेशक ने अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी को भेजी थी। इस बीच डॉ. घनश्याम चौधरी को निदेशक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। अब प्रमुख सचिव ने आरोपों से घिरे डॉ. घनश्याम चौधरी को निलंबित कर दिया।

▸▸ चिकित्सकों से यात्रा भत्ता के नाम पर कमीशन मांगने का था आरोप

'फिर लिखेंगे नए सिरे से कहानी अपनी, ये बर्बादियों का दौर है खत्म हो जाने दो'

सुधाकर यादव हत्याकांड में 4152 गैंग की थी भूमिका

▸▸ 4152 बनाता है किशोरों को स्मैक का आदी, 4152 की इंस्टाग्राम आईडी पर कम हो रही फैन फॉलोइंग

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। छात्र सुधाकर यादव के हत्याकांड ने अब तूल पकड़ लिया है। हिरासत में लिए गए शशांक और स्मैक तस्कर शादीपुर निवासी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर का छोटा बेटा व गैंग का सक्रिय सदस्य आकाश को पुलिस ने शुक्रवार को बाल सुधार गृह हरदोई भेज दिया।

मालूम हो कि दोनों हत्यारोपियों में से एक किशोर आकाश 4152 गैंग के सरगना राज का छोटा भाई और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर का छोटा बेटा है। हरकत में आई पुलिस ने 4152 गैंग को जड़ से खत्म करने की ठान ली है। लिहाजा अब पुलिस 4152 गैंग के सरगना और कुख्यात हिस्ट्री शीटर व स्मैक तस्कर रंजीत के बड़े बेटे राज की फिराक में है। कल देर रात पुलिस की बढ़ती सख्ती के बीच 4152 गैंग के सरगना राज ने कुछ समय के लिए अपने असली नाम अभिषेक 4152 के नाम से इंस्टाग्राम पर बनी आईडी का नाम कुछ समय के लिए 4152 को हटाकर 2006 करने के साथ आईडी पर स्टोरी में एक फोटो अपलोड किया था। स्टोरी में अपलोड फोटो में लिखा था... 'फिर लिखेंगे नये सिरे से कहानी अपनी, ये बर्बादियों का दौर है खत्म हो जाने दो' अलबत्ता सुबह फिर से इंस्टाग्राम आईडी पर 4152 नाम हो गया। शनिवार चौथे दिन भी पुलिस एनडीआरएफ गोताखोरों की मदद से सुधाकर यादव के शव को नगर में तलाशती रही। फिलहाल इलाके में सनसनी फैली हुई है। पुलिस इस दुर्दांत गैंग पर शिकंजा कसने में जोरों से लगी है।

'दुर्दांत 4152 गैंग किशोरों को बनाता स्मैक का आदी'

इन दिनों नवयुवक सहित नगर के रसूखदारों के कई किशोर 4152 गैंग के जाल में फंसे हुए हैं। महमूदाबाद के किशोरों में सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक चर्चित 4152 गैंग के मनबढ़ किशोरों का भौकाल है। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर गांव का स्मैक तस्कर और कुख्यात हिस्ट्री शीटर रंजीत का बड़ा बेटा राज इस गैंग का सरगना है। नशे में धुत इस गैंग के मनबढ़ किशोरों द्वारा आए दिन नगर से लेकर उसके सटे इलाकों में स्टंटबाजी के साथ साथ छोटे-छोटे विवादों में भौकाल का परिचय दिखाया जाता है। इस हत्याकांड में आरोपी और मृतक 4152 गैंग के सक्रिय हैं। आरोप है की गैंग का सरगना राज किशोरों को स्मैक व अन्य मादक पदार्थों की लत लगाकर उनसे छोटी-छोटी वारदातों को अंजाम दिलाता है।

'पुलिस पर भी हमला कर चुका है कुख्यात हिस्ट्रीशीटर'

कुछ माह पहले पत्नी की सूचना पर 4152 गैंग का सरगना राज का हिस्ट्रीशीटर पिता स्मैक तस्कर को पकड़ने पहुंची पुलिस के सिपाही मनदीप पर दुर्दांत ने हमला बोल दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था।

'4152 गैंग का सरगना मजदूर पर झोंक चुका है फायर'

जानकारों की मानें तो गैंग सरगना राज से मजदूरी मांगने गए मजदूर पर राज ने तैश में आकर फायर झोंक दिया था। जिसके बाद मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद आरोपी राज को पुलिस ने धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था।

पराली जलाते समय खेत में लगी आग, 50 बीघा गन्ना जला

पहला, सीतापुर

अमृत विचार। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत शनिवार दोपहर करीब 11 बजे एक किसान अपने खेत की पराली जला रहा था। उसी दौरान पड़ोस के खेतों में आग लग गई और कुछ ही देर में आग फैल गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई, तब तक करीब 50 बीघा गन्ना जलकर खाक हो गया। पीड़ित किसानों ने सदरपुर थाने पर विपक्षी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुसैनपुर निवासी महेश पाल पुत्र क्षत्रोहण अपने खेत की पराली जला रहा था कि उसके खेत की आग की लपटों ने पड़ोस के खेत हरिसरन पुत्र महादेव, बाबूराम पुत्र छोटकन्ने, मनोज पुत्र भोलाराम, संतोष पुत्र जगन्नाथ, उमेश पुत्र राजाराम निवासी हुसैनपुर तथा कमलेश पुत्र घनश्याम श्यामलाल पुत्र रामौतार शैलेंद्री पत्नी श्यामलाल गोविंद प्रसाद पुत्र टहलू उमेश पुत्र सूर्य प्रकाश सर्व निवासी जिंगलावाद हुसैनपुर के खेतों में गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ी आती, तब तक करीब 50 बीघा गन्ना जल गया। पीड़ित किसानों ने सदरपुर थाना पर विपक्षी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

देश के एक लाख स्थानों पर होगा विहिप के संगठन का विस्तार : परांडे

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद के अतंरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को यहां कहा कि विहिप अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। इसके अलावा कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके से ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन करेगी।

वो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत होने जा रही है। यहां आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को गति प्रदान करेगी।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में पत्रकारों से बातचीत करते विहिप के अंतराष्ट्रीय महामंत्री।

उन्होंने कहा प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा। कहा कि सीएए कानून का लाभ पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू, जैन, बौद्ध सिक्ख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा के साथ आगे रहेगी। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह (पद्मश्री), कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार और विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चम्पत राय भी मौजूद रहेंगे।

दूसरे दिन भी धरने में नहीं पहुचे अधिकारी

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। गोमती नदी के कुल्लहा पुल के निकट भाकियू टिकैत गुट द्वारा भूमिहीन को आवास सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने को लेकर दूसरे दिन भी अनवरत धरना जारी रहा। दूसरे दिन शाम तक पुलिस के अलावा तहसील प्रसाशन का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी धरना स्थल पर नही पहुचा जिसको लेकर उनमें भारी रोष देखने को मिला। संगठन के मंडल प्रवक्ता हरिहर ने बताया जब तक नकटौरा की भूमिहीन अबरूना को आवास अमिर्ता, जहासापुर के चकरोड से अवैध कब्जा नादन के निकट तालाब से अवैध कब्जा नही हटाया जाता है तबतक धरना अनवरत जारी रहेगा।

राजकीय इंटर कॉलेज को दी सहायता

सीतापुर, अमृत विचार। गर्मी के मौसम आने वाला है। ऐसे में छात्रों की सुविधा के लिए फ्रेंड्स फॉरएवर क्लब ने राजकीय इंटर कॉलेज में एक पंखा विद्यालय को भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इसके लिए फ्रेंड्स फॉरएवर क्लब धन्यवाद किया। क्लब अक्सर इस तरह के सामाजिक कार्यों को करता रहता है। नये खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए क्लब टूर्नामेंट का आयोजन करता है। ताकि खिलाड़ी अपने सीनियर खिलाड़ियों से खेल के गुर सीख सकें। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, महासचिव विमल, सचिव अभिषेक दीक्षित, उपाध्यक्ष अभय मिश्रा व संयोजक अखिलेश मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य को पंखा देते फ्रेंड्स फॉरएवर क्लब के सदस्य।

शिविर में 23 दिव्यांगजनों ने कराया पंजीकरण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय विकासखंड सभागार में शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में शासन के मंशानुरूप ऐसे दिव्यांगजन जिनके हाथ, पैर कटे हुए हैं, उन्हें कृत्रिम हाथ व पैर उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर में 23 दिव्यांगजनों ने अपना-अपना पंजीकरण कराया। इस मौके पर डॉक्टर जामिद अली ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उपकरण प्राप्त करने के लिए आवेदन की जांच कर उनके आवेदनों का सत्यापन किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा के साथ लाभार्थी उपस्थित थे।

चिन्हांकन शिविर में मौजूद दिव्यांगजन।

दशकों से फरार दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या। अमृत विचार : सूरज (गुजरात) की क्राइम ब्रांच की टीम ने उत्तर प्रदेश एसटीएफ की मदद से जिले से शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों सूरत में हुई अलग-अलग हत्याओं में तीन और दो दशक से फरार चल रहे थे। गुजरात के सूरत शहर में मार्ग दुर्घटना के बाद मारपीट में एक शख्स की मौत हो गई थी। लगभग तीन दशक पूर्व हुए इस वारदात में रामदयाल पांडेय को नामजद किया गया था। उसको संयुक्त टीम ने खंडासा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध संबंध को लेकर लगभग दो दशक पूर्व सूरत में हुई एक महिला की हत्या में जिले के विजय बहादुर चौहान को नामजद किया गया था। वह वारदात के बाद अपने गांव भाग आया था। यहां उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और वह जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में रह रहा था। जहां से संयुक्त टीम ने विजय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद क्राइम ब्रांच टीम दोनों को सूरत ले जाने की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

▸▸ यूपी एसटीएफ की मदद से गुजरात क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

हटाए गए मनोहर लाल इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में अनियमितता और गड़बड़ी पाए जाने पर एम एल एम एल इंटर कॉलेज (मनोहर लाल इंटर कॉलेज) रिकाबगंज के केन्द्र व्यवस्थापकों को शनिवार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। ये कार्रवाई परीक्षा के दौरान शुक्रवार को सामने आईं खामियों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल द्वारा डीआईओएस को पत्र भेजकर दिए गए कार्रवाई के निर्देश के बाद की गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या की ओर शनिवार देर शाम जारी पत्र के अनुसार पूर्व में नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार राव को हटा कर वहां के प्रवक्ता ज्ञानेश द्विवेदी को नया केन्द्र व्यवस्थापक बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व में नियुक्त वाह्य केंद्र व्यवस्थापक रंजीत वर्मा को भी हटा दिया गया है। उनके स्थान पर सहायक अध्यापक सर्वेन्द्र विक्रम सिंह को तैनात किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर अनियमितता में लिप्त पाए गए अन्य केन्द्रों के व्यवस्थापकों में खलबली मची हुई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि संबधित परीक्षा केंद्र पर डीवीआर सीसीटीवी ऑफलाइन पाई गई थी। जिसका संज्ञान खुद माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने लेते हुए डीआईओएस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड द्वारा परीक्षा को लेकर जारी निर्देशों का उल्लंघन और केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की लापरवाही और दुरभिसंधि को दर्शाता है। इस कार्रवाई के बाद दो दिनों की परीक्षा में अनियमितता के आरोपी पाए गए 13 परीक्षा केंद्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों पर भी देर सवेर कार्रवाई तय मानी जा रही है। डीआईओएस द्वारा शनिवार देर शाम परीक्षा के दौरान गेट न खोलने, सचल दल को प्रवेश न देने पर केशवदास बालिका इंटर कॉलेज गंगौली चौराहा व सार्वजनिक इंटर कॉलेज अबनपुर सरोहा के केंद्र व्यवस्थापकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई।



▸▸ परीक्षा के दौरान ऑफलाइन पाए गए थे सीसीटीवी, सचिव ने लिया था संज्ञान

अब जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भी होगी ईसीजी

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) मशीन लगाई गई है। जिससे मरीजों की 24 घंटे लेटेस्ट मशीन से जांच हो सकेगी और तत्काल रिपोर्ट भी मिल जाएगी। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि गंभीर रोगियों के इमरजेंसी में पहुंचने के बाद उनकी जांच में ईसीजी का रोड़ा आता था। इसे देखते हुए हाल में मशीन की खरीद की गई है। मशीन का संचालन 24 घंटे करने के लिए इमरजेंसी के चिकित्सकों व कर्मियों को ट्रेनिंग भी दी गई है। संज्ञान में आया था कि चिकित्सक व फार्मासिस्ट मरीजों को रात में जांच के लिए नहीं भेजते थे। अब ऐसा नहीं चलेगा। रात में इमरजेंसी में पहुंचने वाले मरीजों की अगर शिकायत मिली तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

लेखपालों को अभी नहीं मिलेगा नियुक्ति पत्र

अयोध्या। अमृत विचार : जिले के नवचयनित 113 लेखपालों को अभी नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाएगा। जिले में मंत्री और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इन नवचयनित लेकपालों को शुक्रवार को समारोहपूर्वक नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना था। राजस्व परिषद लखनऊ के आयुक्त एवं सचिव एसवीएस रंगाराव ने गुरुवार को मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को पत्र भेज नियुक्ति पत्र वितरण पर रोक लगा दी। एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय ने बताया कि राजस्व परिषद का आदेश मिलने के बाद कार्यक्रम अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया गया है।

मंडलाध्यक्ष ने नए लोगों को पिन लगा दिलाई गई सदस्यता

क्लब के न्यूज बुलेटिन का विमोचन करती मंडल अध्यक्ष।

अयोध्या। अमृत विचार : इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद और इनरव्हील मैत्री क्लब की मंडलाध्यक्षा सुषमा अग्रवाल ने शनिवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में संयुक्त बैठककर कार्यों की समीक्षा की। दो जरूरतमंद को कैलिपर्स और एक कन्या की शादी के लिए स्त्री-धन प्रदान किया गया। दोनों क्लब की आम बैठक में कॉलर एक्सचेंज के बाद इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा ममता सिंह ने सभा आरंभ की घोषणा की। इनरव्हील क्लब सचिव अंजू अग्रवाल एवं मैत्री क्लब सचिव संगीता रस्तोगी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। क्लब एडिटर अंजू अग्रवाल ने मंडलाध्यक्षा से आठ वां न्यूज़ बुलेटिन रिलीज़ करवाया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब की पिन लगाकर डॉ. पल्लवी, सरोज वर्मा, कविता सिंह, पारुल रस्तोगी, उर्मिला मिश्रा, अनुपमा रस्तोगी ,गीता शुक्ला, वर्षा जैसवाल आदि को क्लब की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में इनरव्हील की प्रार्थना व दीप प्रज्वलन हुआ। सिल्की अग्रवाल ने गणेश-वंदना प्रस्तुत की। क्लब अध्यक्षा ममता सिंह ने स्वागत भाषण एवं रंजना सिंह ने फ्लोरल वेलकम किया। कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व अर्पिता और शिवानी ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष स्वाति टंडन ने क्लब की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

छह माह से बकाया है मनरेगा कर्मियों का मानदेय

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : मनरेगा कर्मचारियों को छह माह से मानदेय नहीं मिला। ब्लॉक क्षेत्र में कुल 68 रोजगार सेवक, चार तकनीकी सहायक, एक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर, एक लेखा सहायक तैनात हैं। तकनीकी सहायक दृगपाल मौर्य, दलसिंगार सिंह, केदार दुबे ,एपीओ विजय कुमार, लेखाकार धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मजदूरों के अलावा कर्मचारियों को भी विभाग से सीधे मानदेय मिलने का प्रावधान है। छह माह से कर्मचारियों को मानदेय नही मिला है। रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि मानदेय न मिलने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। खंड विकास अधिकारी तारुन सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि शासन से 20 करोड़ रुपये जारी हो चुका है। हेड खाते में कुछ दिक्कतों के कारण पैसा नहीं आ पा रहा है। शीघ्र ही भुगतान कर दिया जाए।

यूपी बोर्ड — परीक्षा के दौरान सीसीटीवी की झपकियों को लेकर नकल का संदेह बढ़ा, मॉनीटरिंग सेल की रिपोर्ट पर विभाग गंभीर, मांगा स्पष्टीकरण

दागी निकले 12 परीक्षा केंद्रों पर टॉस्क फोर्स की नजर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन ही गुरुवार को दागी निकले 12 परीक्षा केंद्रों पर अब चौथी नजर भी लग गई है। मॉनीटरिंग सेल की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर इन परीक्षा केंद्रों पर नकल का संदेह गहरा गया है। इसे लेकर अब जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स की निगाह भी इन केंद्रों पर गढ़ गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। बताया जाता है यदि स्पष्टीकरण से विभाग संतुष्ट नहीं हुआ तो इन सेंटरों को बोर्ड परीक्षा से डिबार किए जाने की संस्तुति की जा सकती है।

मॉनीटरिंग सेल की ओर गुरूवार देर शाम जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार 10 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों की परीक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निरन्तरता नहीं पाई गई। मॉनीटरिंग सेल के सूत्रों ने बताया कि दोनों पालियों में की जा रही ऑनलाइन निगरानी के बीच इन केंद्रों पर बीच-बीच में कई बार सीसीटीवी कैमरे बंद रहे। कुछ देर के लिए मॉनीटरिंग सेल से लिंक होते फिर ऑफलाइन मोड में चले जा रहे थे। कॉल किए जाने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और न ही केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा संतोषजनक जवाब ही दिया गया। मॉनीटरिंग सेल की रिपोर्ट के अनुसार परीक्षा से तीन दिन पूर्व सभी 116 केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों को लेकर रिहर्सल भी किया गया था। सभी तकनीकी बिंदुओं से अवगत कराया गया। यह भी निर्देश दिया गया था कि सीसीटीवी कैमरे बिजली आपूर्ति के साथ इनवर्टर से भी जोड़े जाएं। जिससे किसी भी दशा में ऑफलाइन मोड न हो। इसके बाद भी निरन्तरता भंग हुई जिसके कारण परीक्षा की सुचिता, पवित्रता और विश्वसनीय संदेह के दायरे में आ गई है। रिपोर्ट के बाद अब जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा भी संबधित केंद्रों पर निगरानी शुरू कर दी गई है।

राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए मानीटरिंग सेल में कार्य करते कर्मी। अमृत विचार

जिले के यह परीक्षा केंद्र आए संदेह के दायरे में

सीसीटीवी की निरन्तरता में विलम्ब समेत अन्य कारणों को लेकर गांधी स्मारक इंटर कॉलेज,मवई कला हैरिंग्टनगंज, श्री दद्दन प्रसाद माता देवी इंटर कॉलेज, भिटारी बाबा रैनापुर, राजदत्त शुक्ला इंटर कॉलेज सरौली मिल्कीपुर, रामेश्वर सिंह इंटर कॉलेज दलपतपुर, श्री लाला राम आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली, सेनानी जगमोहन सिंह स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज मिर्जापुर निमौली, ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा, श्री राम वल्लभा इंटर कॉलेज ड्योढ़ी, पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज बरवा मोतीनगर, महाराणा प्रताप सिंह बालिका इंटर कॉलेज रामदासपुर बीकापुर और श्री रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण इंटर कॉलेज शाहगंज संदिग्ध श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

> सभी 10 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। केन्द्र व्यवस्थापकों ने नेटवर्क की समस्या बताई है। इसके बाद भी निगरानी की जा रही है। यदि भविष्य में पुनरावृत्ति हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। निश्चित रूप से यह सभी केन्द्र अब भी संदेह के दायरे में हैं।
>
> –डॉ. राजेश कुमार आर्या, डीआईओएस

एक नजर

नए न्याय पंचायत अध्यक्षों का कांग्रेस ने किया गठन

फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के अनुमोदन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत न्याय पंचायत अध्यक्षों का पुनर्गठन करते हुए बहादुरपुर विकासखंड की न्याय पंचायत ब्राह्मणी से रामनरेश यादव, निगोहा से परीक्षित कुमार श्रीवास्तव, ओदारी से मोहम्मद अफसर उर्फ मुन्ना सराय में दिनेश कुमार वर्मा, मुहैया केसरिया न्याय पंचायत से प्रहलाद मौर्य को न्याय पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। इसकी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रऊफ ने दी है।

चार शिकायतों में तीन का हुआ निस्तारण

फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार। फुरसतगंज थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। चार शिकायतें आई, जिसमें तीन का निस्तारण किया गया। अब्दुल कादिर निवासी इस्लाम गंज बसौनी की तहरीर पर 4 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा भी दर्ज किया और लम्बे समय से खैरहना गांव निवासी रोमी व सुंदरिया के बीच चल रहे जमीनी विवाद को पुलिस ने सुलझाया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पीएलबी अर्चना सिंह, उप निरीक्षक महेश प्रसाद, राम सुन्दर, त्रिवेनी सिंह, ग्राम प्रधान पीढ़ी मनोज मौर्या व लेखपाल गण मौजूद रहे।

एएसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

अमेठी, अमृत विचार। शनिवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ बैठक की गयी, जिसमें जनपद अमेठी के व्यापारी बन्धु उपस्थित हुए। मीटिंग में व्यापारी बन्धुओं को "ऑपरेशन दृष्टि" के तहत जागरुक कराते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया।

महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने पर जोर

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी खेल का कराएंगी आयोजन, मुफ्त पंजीकरण शुरू

अमेठी

अमृत विचार। लोक सभा चुनाव के पहले अमेठी संसदीय क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बड़ा खेल आयोजन कराएंगी। न्याय पंचायत स्तरीय सांसद महिला खेल कूद प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का निःशुल्क पंजीयन शुरू हो गया है। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में कराई जाएगी। पहली श्रेणी में 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को और दूसरी श्रेणी में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को शामिल किया जाएगा।

▸▸ अमेठी की दीदी, अमेठी का खेल, आओ मिलकर खेलें का दिया स्लोगन

पहली श्रेणी में रस्साकसी, 100 मी. दौड़, लम्बी कूद और रस्सी कूद इवेंट शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में रस्साकसी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, बैलून दौड़, 200 मी. पैदल चाल की प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के निजी सचिव विजय गुप्ता के मार्ग दर्शन में संचालित उत्थान सेवा संस्थान बड़े खेल आयोजन में सहयोग कर रहा है।

उत्थान सेवा संस्थान पिछले 10 साल से अमेठी संसदीय क्षेत्र में तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से सक्रिय भूमिका में है।

प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। सभी विधान सभा क्षेत्रों में पंजीकरण प्रभारी भी बनाए गए हैं। पहले चरण में न्याय पंचायत स्तरीय, फिर ब्लाक स्तरीय और विधान सभा स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। अंतिम चरण लोक सभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता का होगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का स्लोगन -अमेठी की दीदी, अमेठी का खेल, आओ मिलकर खेलें खेल-तय किया गया है।

यही स्लोगन पिछले वर्ष आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता में भी था। पिछली प्रतियोगिता के समापन में राजापुर कौहार के खेल मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। उस समय उन्होंने अमेठी में पूर्वांचल एक्स्प्रेस के आस पास औद्योगिक गलियारे के विकास की घोषणा की थी। इस घोषणा को मूर्त रूप दिया जा चुका है। औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में संपन्न हुआ समाधान दिवस

जगदीशपुर, अमेठी। थाना समाधान दिवस के मौके पर पधारे नवागत उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। कोतवाली जगदीशपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार एवं कोतवाल राकेश सिंह द्वारा समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की फरियाद सुनकर उन्हें उचित इंसाफ दिलाने के लिए पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया। वहीं थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक (वारिसगंज) में समाधान दिवस के मौके पर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार की मौजूदगी में आने वाले फरियादियों को मौजूद राजस्व विभाग कर्मियों द्वारा अभिलेखों का अवलोकन करते हुए न्याय प्रक्रिया संपन्न हुई। वहीं थाना कमरौली मे थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार व राजस्व टीम की मौजूदगी में समाधान दिवस शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

सार-संक्षेप

भारतीय सतत पुनर्वास शैक्षणिक कार्यक्रम का समापन

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार। मुसाफिरखाना में संचालित आदर्श सेवा समिति द्विव्यांग विद्यालय के परिसर में भारतीय सत्तत पुनर्वास परिषद समाजिक न्याय आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 200 विशेष शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में आये हुए प्रवक्ता मनोज कुमार धाकड़ ने विशेष शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया और उन्होंने कहा कि मानसिक एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने किया जाना अति आवश्यक है। प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण के समय संस्थान के संरक्षक रमाशंकर तिवारी ने कहा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में सरकारी आंकड़े जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते हैं। जिसके कारण दिव्यांग जनों समाजिक न्याय दिलाने में कुछ दिक्कत आती है। जिन्हें दूर करने के लिए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार समाजिक क्षेत्र में संस्थान के माध्यम से कार्य कर रही है। योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं संस्थान के संस्थापक राम नरेश त्रिपाठी ने आये हुएं अतिथियों को को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर राजकिशोर, मनोज, अमित, अरविंद पाठक, वरुण पांडेय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

डिस्ट्रिक हैण्डलूम एक्सपो का होगा आयोजन

अमेठी। सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग नीरज कुमार यादव ने बताया कि डिस्ट्रिक हैण्डलूम एक्सपो ''ताना-बाना'' रामलीला ग्राउण्ड अमेठी में 1 से 7 मार्च तक आयोजित की जायेगी, जिसमें उ.प्र. के भिन्न-भिन्न जनपदों से हथकरघा बुनकरों द्वारा अपने विशिष्ट उत्पाद लाया जायेगा और बुनकरों द्वारा इसकी बिक्री भी की जायेगी। प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार के विजन द्वारा वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने के क्रम में हथकरघा बुनकरों के उत्पादों का प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि आम जनमानस अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर इन उत्पादों खरीद सकें, जिससे बुनकरों को लाभ के साथ ही लघु, कुटीर उद्योग को प्रोत्साहित किया जा सकें।

फरार चल रहा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित दिग्विजय सिंह पुत्र रामशरन सिंह निवासी पूरे आशानंद बैश मजरे गोरियाबाद थाना जामो जनपद अमेठी उम्र 26 वर्ष को एमडी पब्लिक इण्टर कालेज के पास टैम्पो स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

भैंस चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अमेठी। थाना अमेठी पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक दिनेश सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्वामी प्रसाद पुत्र मंगरू यादव निवासी ग्राम पूरे दुबई का पुरवा मजरे टीकरमाफी थाना संग्रामपुर व मुन्ने पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी ग्राम वनकटवा थाना व जनपद अमेठी को धम्मौर अंडर पास के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि 20 फरवरी की रात्रि को हम दोनो व मेरे दो साथी राम सेवक व रशीद ने मिलकर एक भैंस हथकिला के पास से व एक भैंस गोसाईगंज के पास पूरे गोपाल का पुरवा से चोरी किये थे। थाना अमेठी पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों को जेल भेज दिया है।

केंद्रीय मंत्री ने चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं, दिए निर्देश

तिलोई, अमेठी

अमृत विचार। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पिछले एक सप्ताह से अमेठी में जनता के सम्पर्क में लगातार बनी हुई हैं। अपने नव निर्मित आवास पर रहकर उन्होंने संगठन, सरकार और लोकसभा चुनाव की तैयारी का काम शुरू कर दिया है। शनिवार को स्मृति ने विधान सभा क्षेत्र में जन संवाद विकास यात्रा के माध्यम से विकास कार्यों की पड़ताल के साथ चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और अपने साथ चल रहे अधिकारियों को समुचित निस्तारण के निर्देश दिए।

चौपाल में समस्याएं सुनती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। अमृत विचार

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का शनिवार का पहला कार्यक्रम सरायमाधौ में हुआ। अंगुरी, टेडई, खारा, दांदूपुर फत्तेपुर, पाकर गांव, चेतरा बुजुर्ग और बेलवा हसनपुर में उन्होंने जन सुनवाई की। लोगों की दर्खास्तों को गंभीरता से पढ़ा और सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। चौपालों में अवारा पशुओं की समस्या, बिजली विभाग की ओर से गलत विद्युत बिल और इलाज सम्बन्धी समस्याओं से परेशान लोगों की संख्या अधिक रही। अन्य विधान सभाओं की तरह यहां भी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवासों की मांग खूब हुई। स्मृति ने सीडीओ और पीडी को दर्खास्तों की जांच कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, कुंवर अवनेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश जायसवाल, ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, राजाराम अवस्थी, दीपू सिंह आदि साथ में मौजूद रहे।

नौ महीने में दूसरी बार आई गोमती पुल में दरार

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार। गोमती नदी के पुल का सस्पेंशन ज्वाइंट टूटने से आवागमन रोक दिया गया, जिस कारण अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के दर्शन के साथ ही अन्य कार्यों के लिए अयोध्या प्रयागराज से गुजरने वाले हजारों वाहनों को शहर के अंदर से गुजरना पड़ रहा है। इन वाहनों के शहर में प्रवेश से जहां जाम के हालात बन गए हैं, वहीं शहर से होकर गुजरने वाले वाहन 10 मिनट के सफर को दो घंटे में पूरा कर रहे है।

जिले से होकर अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर टांटियानगर गोमती नदी के पुल का सस्पेंशन ज्वाइंट टूटने से नौ माह में दूसरी बार यातायात प्रभावित हो गया है। 2023 के आगाज के महज 10 दिन पहले ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पुल का नवीनीकरण कराया गया था। इसके बाद फिर लगातार दो बार पुल का गार्डर टूट चुका है। फिर से मरम्मत कार्य करा अवागमन बहाल करवाया गया था। शुक्रवार की रात एक बार फिर पुल का स्पेंशन ज्वाइंट टूट जाने से अवागमन बाधित हो गया है। ऐसे में पुल के रास्ते आने जाने वाले यात्रियों की मुश्किले कम होने के बजाए लगातार बढ़ती जा रही हैं। जनपद में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे बाईपास पर टाटियानगर में स्थित गोमती नदी पर स्थित पुल वर्ष 2022 के सितंबर में अचानक टूट गया था। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से एक अक्टूबर से 10 दिन का रूट डायवर्जन लेकर परियोजना प्रबंधक को कार्य पूरा कराने की जिम्मेदारी दी गई। लेकिन एनएचएआई के अधिकारी अपने ही निर्धारित समय पर खरे नहीं उतर पाए। इसके बाद 10- 10 दिन का रूट डायवर्जन लेकर तीन माह का समय व्यतीत कर 22 दिसंबर 2022 को पुल मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य पूरा किया गया।

पावर एंजेल सशक्तीकरण के लिए सुगमकर्ताओं का पूरा हुआ प्रशिक्षण

▸▸ विद्यालय की अनेक समस्याओं को हल करने मे अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगी किशोरियां

फुरसतगंज, अमेठी

अमृत विचार। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विकास हेतु विकास खंड बहादरपुर के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सुगमकर्ताओं को 22 से 24 फरवरी तक बीआरसी बहादुरपुर के सभागार में प्रशिक्षित किया गया। यह सुगमकर्ता के रुप में प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन किशोरियों (कक्षा 6, 7, 8 से एक-एक) का चयन कर उनके माध्यम से विद्यालय की अनेक समस्याओं को हल करने मे अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगी।

बीआरसी बहादुरपुर में प्रशिक्षण के बाद जश्न मनाते शिक्षकगण।

इस प्रशिक्षण में बच्चों की नियमित उपस्थिति, व्यक्तिगत, परिवेशीय, सामाजिक स्वच्छता एवं साफ सफाई, किशोरियों में अनावश्यक संकोच, झिझक को तोड़ना, आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मनिर्माण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, खतरों की पहचान, स्वस्थ खान-पान, मानसिक विकास, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वस्थ जीवन की कुंजी जैसे बिंदुओं पर गहन चर्चा परिचर्चा की गई। जिसका उद्देश्य किशोरियों को पावर एंजेल (शक्ति परी) के रुप में तैयार करना था। जिससे वे शिक्षा एवं समाज के विकास में नेतृत्व कौशल के साथ अपना समुचित योगदान दे सकें। साथ ही साथ हर किशोरी व नारी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके। इस प्रशिक्षण में कुल 23 प्रतिभागियों को सुगमकर्ता के रुप में तैयार किया गया। प्रशिक्षक बच्चाराम वर्मा एवं गरिमा यादव ने प्रतिभागियों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर उन्हें नारी सशक्तिकरण के लिये प्रेरित किया।

सत्र का समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर एवं परियोजना की टीम गौरव तथा अशोक के कर कमलों द्वारा केक काटकर पावर एंजेल को प्रोत्साहित किया गया। सत्र का संचालन प्रशिक्षक गरिमा यादव द्वारा किया गया। गौरव ने सभी प्रतिभागियों का फीडबैक के साथ प्रशिक्षण की सराहना करते हुए सभी प्रशिक्षुओं को मीना मंच का गठन विद्यालय स्तर पर करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सचान, सुशील अवस्थी, महावीर, रफीक सहित सुगमकर्तागण मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती, डाला प्रकाश

मुंशीगंज, अमेठी

अमृत विचार। पटखापुर, कुशीताली में संत रविदास जयंती बौद्ध परंपरा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के साथ मनाई गई। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र और धम्मदीप ने त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद संत शिरोमणि रविदास के साथ बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर संवाद किया। मन ही सेवा, मन ही धूप, मन ही सेवहुं सहज सरूप-रविदास की वाणी का उल्लेख करते हुए सामाजिक बुराईयों का समूल नष्ट करते हुए तर्क शील समता मूलक समाज के निर्माण का संदेश दिया। आयोजन समिति की ओर से जिया लाल बौद्ध, राजू बौद्ध और संतराम ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत सम्मान किया। शिक्षक रामचंद्र बौद्ध ने राजकुमारी के कंगन की कहानी सुनाई और कहा कि संत रविदास की वाणी के महात्म्य का वर्णन शब्दों में सम्भव नहीं। रविदास ने अपनी कलम और वाणी से प्राचीन भारतीय समाज में कुलीनो और पंडितों को शास्त्रार्थ में हमेशा पराजित किया। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने संत रविदास की वाणी-ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोटे बड़े सब सम रहे, रविदास रहें प्रसन्न का उल्लेख किया और कहा कि रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। महान संत गुरु रविदास ने मन चंगा तो कठौती में गंगा का अमर संदेश दिया है।

रविदास जयंती पर वक्तव्य में उनकी जीवनशैली पर प्रकाश डालते शिक्षक।

संत गुरु का संदेश राजनीतिक अथवा चुनावी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत की सेवा के लिए समर्पित होने का है। सभा को त्रिभुवन दत्त, तुलसी राम शास्त्री, सुरेन्द्र कुमार, अयोध्या मौर्य उर्फ पप्पू मौर्य, धर्मराज, राम समुझ, रामशंकर आदि ने संबोधित किया। राम लली, शीला देवी, श्रीराम, संदीप मौर्य, राम प्रसाद, राम तीर्थ मौर्य आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बामसेफ के कार्यकर्ता और शिक्षक संतराम ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पढ़ने में सहयोग के लिए स्टेशनरी वितरित की। जनता नगर भादर में बसपा कार्य कर्ताओं की ओर से रविदास जयंती मनाई गई। विचार गोष्ठी को बसपा के जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, सेक्टर अध्यक्ष रामपाल, राम समुझ, घेर्राऊ, रामबली गौतम, प्रेम सागर आदि ने संबोधित किया।

सुलतानपुर शहर बनेगा प्रदेश में मिसाल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। पूर्व केंद्रीय मंत्री व जिले की सांसद मेनका संजय गांधी ने शनिवार को पार्किंग जोन में 8.65 करोड़ लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों की सौगात दी। उन्होंने एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में जनपद में 7.54 करोड़ रुपए की सांसद निधि के विभिन्न कार्य का शिलान्यास व लोकार्पण किया। साथ ही पार्किंग जोन में जिला पंचायत के 71.16 लाख रुपए से प्रवेश गेट, सीसी रोड एवं अन्य कार्य तथा नगर पालिका द्वारा लगभग 40 लाख रुपए से बाउंड्रीवाल, खड़ंजा व मिट्टी भराई का कार्य होगा।

शहर के वेंडिंग जोन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल सांसद मेनका गांधी।

मौरंग के स्थान पर मिट्टी देखकर भड़के विधायक

मानकविहीन हो रहे नाला निर्माण पर भड़के विधायक, बुलाई पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग एनएच 56 पर बंधुआकला रेलवे स्टेशन के सामने हो रहे नाला निर्माण में अनियमितता देखकर इसौली विधायक ताहिर खां भड़क गए। उन्होंने डीएम से शिकायत के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ की।

राजमार्ग पर बन्धुआकला रेलवे स्टेशन के सामने लगभग दो सौ मीटर नाला बनाने का काम काफी समय से अधूरा पड़ा था। इस बात को इसौली विधायक ताहिर खां विधानसभा में भी उठा चुके थे। नाला बनाने का कार्य एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है। नाला निर्माण में हो रही अनियमितता की शिकायत पर इसौली विधायक ताहिर खां शनिवार दोपहर को बंधुआकला पहुंचे। वहां आरसीसी बन रहे नाले के लिए मिक्सर मशीन में मोरंग की जगह मिट्टी देख विधायक भड़क गए। उन्होंने इसकी शिकायत डीएम व एसडीएम से कर बंधुआकला पुलिस को भी सूचना दी।

विधायक ताहिर खां ने बताया कि मिक्सर मशीन में गिट्टी भी क्वालिटी ठीक नहीं थी। मोरंग की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा था। सीमेंट भी रद्दी किस्म की थी। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार को लेकर हम विभागीय मंत्री सहित प्रमुख सचिव से वार्ता कर कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड कराएंगे। इस राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन दिल्ली, कलकत्ता सहित कई शहरों के लिए लाखों लोग सफर करते हैं।

प्रतियोगिता प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस जी महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथे दिन शानदार रहा मैच

पहला मैच प्रतापगढ़ तो दूसरा मैच सुल्तानपुर ने जीता

अमेठी।

अमृत विचार। जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस जी महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को चौथे दिन जिसमें दोनों मैच में अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी इंदु कुमार पाठक, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशु मिश्र, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, आशीष ओझा, नितिन, गोपाल बरनवाल, अखिलेश शुक्ला, पवन तिवारी रहे। पहला मैच सुल्तानपुर बनाम प्रतापगढ़ का रहा। जिसमे सुल्तानपुर के कप्तान सकलेन अहमद ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सुलतानपुर ने 18.5 ओवर में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच में पहले बल्लेबाजी कर रही टीम के जवाब में उतरी प्रतापगढ़ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस मैच का निर्णय सुपर ओवर में हुआ। जिसमें प्रतापगढ़ टीम के गेंदबाज ऋतिक श्रीवास्तव ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए प्रतापगढ़ को विजय दिलाई। इस मैच के मैंन ऑफ द मैच ऋतिक श्रीवास्तव, बेस्ट बोलर सचिन राजपूत, फाइटर ऑफ़ द मैच सकलेन अहमद, सर्वाधिक छक्का लगाने वाले विवेक गौर, बेस्ट बोलर ऋतिक श्रीवास्तव रहे। दूसरा मैच जौनपुर बनाम सुल्तानपुर का खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुलतानपुर ने निर्धारित 20 ओवर में 136 रन 8 विकेट खोकर बनाए, जवाब में जौनपुर के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाकर मैच हार गए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद हसन खान, बेस्ट बैट्समैन सचिव राजपूत, सर्वाधिक छक्का लगाने वाले विमरेश पाण्डेय, बेस्ट बॉलर मोहम्मद हसन खान, फाइटर ऑफ़ मैच अंतर विश्वास रहे। सभी अतिथिगण ने सफल आयोजन के साथ साथ सभी खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित की है। उक्त अवसर पर निदेशक प्रांजल तिवारी, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंद मौर्य, नरसिंह यादव, अवधि कलाकार रंजीत यादव, मुख्य फिजियो डॉ. आलोक श्रीवास्तव के साथ सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी संघ निदेशक प्रांजल तिवारी ने दी है।

मैदान में खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' प्रोजेक्ट के दूसरे चरण का आयोजन आज

अमेठी, अमृत विचार। प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन आज सुबह 8 बजे मां कलिकन धाम सगरा संग्रामपुर में होने जा रहा है। संत निरंकारी मण्डल के जनपद अमेठी के संयोजक राजेंद्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना दिल्ली से सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सानिध्य में यमुना छठ घाट से आई.टी.ओ. से होने जा रहा है। जो समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है।

सार-संक्षेप

भाई ने बड़े भाई को सोते समय उतारा मौत के घाट

प्रयागराज। अमृत विचार : घर में सो रहे छोटे भाई ने बड़े भाई को लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला कैंट थाना अंतर्गत अशोक नगर मोहल्ले में शनिवार भोर का है। जानकारी के मुताबिक कैंट थाना क्षेत्र के अशोकनगर निवासी संदीप मिश्रा के दो बेटे है। बड़ा बेटा शिवम मिश्र (26) और छोटा बेटा सत्यम मिश्र (22) है। शिवम मिश्र एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र है। छोटा बेटा सत्यम एम कॉम कर रहा है। शनिवार की भोर में घर दो अंदर छोटे बेटे सत्यम ने अपने बड़े भाई शिवम के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सत्यम को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी सुनील कनौजिया ने बताया कि आरोपी सत्यम को लगता था कि बड़ा भाई शिवम उससे ईर्ष्या रखने के साथ पसंद नही करता था। घरवाले भी उसे प्यार नहीं करते थे। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया।

पीएम मोदी आदर्श रेलवे स्टेशन का कल करेंगे शिलान्यास

कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार : कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के प्रस्ताव पर मवई, बाबूगंज एवं करेंटी रोड रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का का प्रस्ताव मंजूर हुआ। दो माह पूर्व मवई रेलवे फाटक पर कार्य शुरू हुआ। कुण्डा रेलवे-स्टेशन के पश्चिमी फाटक (करेंटी रोड) पर रेल मंत्री अश्ननी वैष्णव ने फाटक पर ओवरब्रिज की मंजूरी दी। साथ ही कुण्डा हरनामगंज रेलवे स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन में शामिल किया गया। सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 26 फरवरी को दोपहर साढ़े 12 बजे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसका सजीव प्रसारण किया जाएगा। कुण्डा रेलवे स्टेशन पर सांसद विनोद सोनकर के साथ पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग इसका प्रसारण देखेंगे।

छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन किया वितरित

प्रतापगढ़। अमृत विचार : अंजना कालेज सकरौली मादूपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजनांतर्गत छात्र - छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख शेषा देवी, प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह,कालेज के निदेशक संजय सिंह ने 150 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के सामने स्मार्टफोन की सकारात्मकता को रखते हुए सरकार के पहल की सराहना किया। नोडल धनंजय प्रताप सिंह ने बताया कि शेष बचे विद्यार्थियों को क्रमशः वितरित किया जाएगा। शिक्षक फौजदार सिंह,अनामिका तिवारी,शिखा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन उदय सिंह ने किया। विनय सिंह,रवि शंकर मिश्र, प्रताप पाल, निम्मो, अजय, विपुल,लालजी आदि मौजूद रहे।

जय श्रीराम के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना

प्रतापगढ़। अमृत विचार : नगर पंचायत कोहड़ौर की सीमा अंतर्गत स्थित टोल प्लाजा से शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं का समूह जय श्रीराम के उद्घो के साथ अयोध्या में भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता,सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य,भाजपा के जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह,शिव प्रकाश मिश्र, राकेश सिंह,शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी,भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह,धर्मेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह सहित जिले के सभी विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ के पदाधिकारियों के साथ महिला मोर्चा के पदाधिकारियों का भी समूह जय श्री राम का उद्घोष करते हुए रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

महाकुंभ 2025 : विद्युत विभाग का जेई निलंबित

प्रयागराज। अमृत विचार : महाकुंभ की तैयारियों में लापरवाही बरतने वाले जेई को एमडी ने कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। हेतापट्टी में अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान 132/33 केवी सब स्टेशन के निर्माण में कई अनियमितता पाए जाने पर यह कार्रवाई की गयी है। महाकुंभ 2025 से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अवर अभियंता पर शनिवार को गाज गिर गयी। कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के बाद विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक ने जेई को निलंबित कर दिया। मामला हेतापट्टी से जुड़ा हुआ है। जिसमें विद्युत विभाग की ओर से कराए जा रहे 132/33 केवी विद्युत सब स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण अधिकारियों ने किया था। जिसकी रिपोर्ट जांच के बाद रिपोर्ट कमिश्नर को भेजी गई थी। रिपोर्ट में दर्शाया गया था कि निरीक्षण के दौरान कंक्रीट और ब्रिक मेनरी की गुणवत्ता सही नहीं थी। जिसमें विभागीय रिपोर्ट सामने आने पर पॉवर कार्पोरेशन के एमडी पी गुरु प्रसाद ने अवर अभियंता विद्युत अरुण कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया। अवर अभियंता को मुख्य अभियंता कार्यालय लखनऊ संबद्ध कर दिया गया है।

वालीबॉल प्रतियोगिता में यूपीएस मल्हूपुर की टीम विजयी

सांसद महिला खेल प्रतिस्पर्धा : प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल आज करेंगे तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : सांसद महिला खेल प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन शनिवार के खेल का शुभारंभ संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, समाजसेवी रोशन लाल उमर वैश्य, कैप्टन डीबी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सूबे के राज्य मंत्री व यहां के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल रविवार को प्रतियोगिता का समापन करेंगे।

कबड्डी में कालिका सिंह इंटर कॉलेज मोहनगंज एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच में खेला गया। जिसमें 35-21 के अंतर से मोहनगंज की टीम विजेता रही। कुश्ती में आरती सिंह शिवगढ़ ब्लॉक प्रथम, आज्ञा सिंह पटेल मानधाता द्वितीय एवं संयुक्त रूप से निशा विश्वकर्मा संडवा चंद्रिका एवं आकांक्षा यादव सदर ब्लाक तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ के प्रथम वर्ग में अंशिका धुरिया संडवा चंद्रिका ब्लाक प्रथम, स्नेहा वर्मा संडवा चंद्रिका द्वितीय, स्नेहा पाल सदर ब्लाक तृतीय रही। नम्रता सिंह संडवा चंद्रिका प्रथम, वर्षा सिंह सदर द्वितीय एवं अर्पिता पाल सदर ब्लाक तृतीय रही। वालीबॉल में यूपीएस मल्हूपुर के बच्चों ने शिक्षकों के ग्रुप को दो सेटों 15 - 11, 15 - 01 से शिकस्त दी। कबड्डी में कुंवर वीरेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, मो. आसिफ, लालमणि सिंह,जेपी यादव,कर्मराज सिंह,मो.इरफान, रामेंद्र सिंह,रवि प्रकाश सिंह,पुष्पा सिंह, विद्या सागर सिंह, एथलेटिक्स में सुशील सिंह, डा. आशुतोष सिंह, खुर्शीद अली, सुदीप पांडेय, कुश्ती में जय बहादुर सिंह, सुधाकर पांडेय, सुष्मिता विश्वकर्मा, नेहा सरोज, बाल मुकुंद,गौरव सिंह, दीपक सिंह व वालीबाल में विनोद यादव,विमल कुमार,राजेंद्र यादव, लाल जी त्रिपाठी निर्णायक और स्कोरर रहे। संचालन डा. डीपी सिंह एवं राम कुमार सिंह ने किया। रघुराज बहादुर सिंह, मंजू सिंह, विवेक उपाध्याय,अभिषेक पांडेय, आदित्य शुक्ल, मोनू शुक्ल, शैलेश सिंह, बादल रंजन यादव, महेंद्र कनौजिया, सुभाष चंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

फाइनल मुकाबला जीतने के बाद खुशी मनाती कबड्डी टीम की खिलाड़ी। अमृत विचार

क्रिकेट, हॉकी पुरूष एवं ताइक्वान्डो एवं कुश्ती महिला खेल प्रतियोगिता कल से

प्रतापगढ़। स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट, हाकी पुरूष एवं ताइक्वान्डो व कुश्ती महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन 26 फरवरी से 03 मार्च तक सुबह 9 बजे कराया जायेगा। क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज ने बताया कि 26 फरवरी से 01 मार्च तक क्रिकेट सीनियर पुरूष, 26 फरवरी को कुश्ती सीनियर महिला एवं हाकी सीनियर पुरूष व 03 मार्च को ताइक्वान्डो सीनियर महिला वर्ग का आयोजन किया जायेगा। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

बस डिवाइडर से टकराकर पलटी, श्रद्धालु घायल

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: शहर के व्यस्ततम इलाके तेलियरगंज में शनिवार की देर शाम श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से कोहराम मच गया। इस हादसे में 20 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों ने बस में फंसे लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला और पुलिस की मदद से सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा दिया।

तेलियरगंज इलाके में छावनी परिषद के पास वीर अब्दुल हमीद गेट के समीप तेज रफ्तार बस अचानक डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में बैठे यात्रियों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। बस मे रहे यात्री गंगा स्नान कर वापस लौट रहे थे। अधिकांश यात्री गोंडा जिले के रहने वाले हैं। बस में बैठे सभी श्रद्धालु माघी पूर्णिमा स्नान के बाद गोंडा वापस रहे थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सभी यात्री गोंडा जिले के कटरा थाना क्षेत्र स्थित पूरेबहोरी, रायपुर फकीर, ठाकुर तिलका के रहने वाले बताये जा रहे हैं।

▸▸ अस्पताल में भर्ती, गंगा स्नान कर वापस जा रहे थे गोंडा

संगम में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, प्रयागराज नैनी

अमृत विचार: संगम नगरी में शनिवार को आखिरी मुख्य स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर गंगा - यमुना और अदृश्य सरस्वती में लाखों श्रृद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। भोर से ही माघ मेले में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ संगम घाट और अरैल घाट पर पहुंची। श्रद्धालुओं ने गंगा व त्रिवेणी स्नान के बाद दान-पुण्य अर्जित किया।

माघ माह के आखिरी प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में गंगा स्नान के लिए श्रृद्धालु संगम और अरैल घाट पहुंचे। स्नानार्थियों का पवित्र नदी गंगा में डुबकी लगाने का क्रम भोर से ही प्रारंभ हो गया था। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजन किया। मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। घाट किनारे पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित किया। मेला क्षेत्र में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक और कड़े इंतजाम किए थे। मेला से दूर वाहनों को रोक दिया जा रहा था। हालांकि दुपहिया वाहनों के लिए अलग अलग रास्तों का रूट डायवर्जन बनाया गया था। परेड से वाहनो को पार्किंग में खड़ी करने की व्यवस्था की गयी थी। इसके अलावा संगम में वाहनो के प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। वहीं नैनी में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किये गये। मेले में पुलिस के जवानों के साथ, आर ए एफ, कमांडो, ख़ुफ़िया एजेंसी, ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी से मेले की निगरानी की गयी।

माघ पूर्णिमा पर संगम में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

▸▸ मेले में चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, मुस्तैद रही पुलिस

अब घर को लौटना शुरू करेंगे कल्पवासी

माघ मेला की स्नान स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के बाद तक कल्पवासी अपने घर को वापस लौटना शुरू करेंगे। संगम क्षेत्र में कल्पवास करने वाले कल्पवासी अब अपना डेरा और तंबू समेटकर अपने घर को लौटेंगे। घर पहुंचने के बाद वह कथा और पूजन भी करेंगे।

> माघ मेले के इस आखिरी स्नान पर्व माघी पर्णिमा का काफी महत्व है। यहां भोर से ही स्नान शुरु हो गया। अब तक लाखों श्रद्धालुओ ने संगम में डुबकी लगाई है। मेले में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई है। चप्पे चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा है। - **राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी माघ मेला प्रयागराज**

पैमाइश में गड़बड़ी पर डीएम ने लेखपाल को फटकारा, टीम गठित

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना समाधान दिवस पर थाना संग्रामगढ़ में जन शिकायतों को सुना। पैमाइश में गड़बड़ी पर डीएम ने लेखपाल को फटकार लगाई।नेवड़िया गांव के पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल सत्येन्द्र पर जमीन की पैमाइश गलत तरीके से करने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की। इस पर डीएम ने लेखपाल को बुलाकर नक्शे से पैमाइश करने की जानकारी ली तो लेखपाल द्वारा सही पैमाइश नही की जा सकी। जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को कड़ी फटकार लगायी और एसडीएम को शिकायतकर्ता की पैमाइश टीम गठित कर कराने का निर्देश दिया। थाना समाधान दिवस के दौरान लेखपाल राम बिहारी मिश्र ने बताया कि संग्रामगढ़ थाने के चौकीदार राम सेवक द्वारा ग्रामसभा संग्रामगढ़ की बंजर जमीनों पर कब्जा किया जाता है और दबंगों को भी बंजर की जमीनों पर कब्जा करा रहा है। इस पर डीएम ने एसडीएम कुण्डा से कहा कि जांच कराएं। शिकायत सही मिलने पर सम्बन्धित चौकीदार के खिलाफ कार्रवाई की जाये। एसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें।

थाना समाधान दिवस में लेखपाल से नक्शे पर पैमाइश की जानकारी लेते डीएम संजीव रंजन।

वर्ग पहेली-353

बाएं से दाएं

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

ऊपर से नीचे

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



वर्ग पहेली - 352 का हल

	1 नी		2 दा	3 नौ
4 त	र	हे	ल	ब
	स		द	त
	ता		लि	ख़ा
		5 भ	या	व	ना
6 डं	ब	र		
		7 म	न	मै	ला

सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			7	3	1	
			1				5	
6		1				4		
	1		5		3		8	4
	8						3	
7			2		4			
		4				5		2
	5				6			
		3	9			1		

सुडोकू - 69 का हल

9	1	5	6	8	4	7	2	3
4	3	2	7	1	5	8	9	6
7	8	6	2	9	3	4	1	5
8	5	3	1	2	6	9	4	7
6	4	1	9	5	7	3	8	2
2	9	7	3	4	8	5	6	1
3	2	4	5	6	9	1	7	8
5	6	9	8	7	1	2	3	4
1	7	8	4	3	2	6	5	9

हमारे परिवार को अभी भी जान का खतरा : जया पाल

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : अगर सरकार ने सहारा दिया तो उमेश के सपनों को जरूर पूरा करूंगी। स्वर्गीय उमेश पाल की पहली बरसी पर सुलेम सराय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्नी जया पाल ने खुले मंच से यह बात कही। 24 फरवरी 2023 को बहुत चर्चित उमेशपाल हत्याकांड और दो सरकारी गनर की हत्या के एक साल पूरे होने पर पुरानी यादें एक बार फिर ताजा हो गई। शनिवार को पहली बरसी पर आयोजित की गयी श्रद्धांजलि सभा में तमाम भाजपा नेता और समाजिक संगठनों के लोगों ने पहुंचकर उमेशपाल और दोनो सुरक्षाकर्मी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिजनों ने कहा कि उमेश पाल की कमी हमेशा खलेगी। जया पाल ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि वह उमेश पाल के पद चिन्हों पर चलना चाहती है और समाज की सेवा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अभी उनके परिवार को जान का खतरा है। क्योंकि अभी भी कई आरोपी बाहर है जो पकड़े नहीं जा सके है। पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में लगभग एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। ट्रायल कोर्ट जल्द आरोप तय करने वाली है। पुलिस की मजबूत पैरवी के चलते अब तक किसी भी आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर नहीं हुई है। आरोपियों में अतीक अहमद का बहनोई डॉक्टर अखलाक अहमद, मुस्लिम बोर्डिंग हास्टल से गिरफ्तार सदाकत खान, अतीक के वकील खान सौलत हनीफ, वकील विजय मिश्रा और अन्य शामिल हैं। लखनऊ जेल में बंद अतीक अहमद का बड़ा बेटा मोहम्मद उमर और दूसरे नंबर का बेटा अली अहमद भी आरोपी बनाए गए हैं।

▸▸ उमेश की पहली बरसी में जुटे भाजपा नेता और सामाजिक संगठन के लोग

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20 .35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

मेष — आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

वृष — आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

मिथुन — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कर्क — आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

सिंह — आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

कन्या — आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

तुला — आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

वृश्चिक — आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

धनु — आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मकर — आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

कुंभ — आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

मीन — आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विश्वासघात — सुबह : 10 .00
- अनाड़ी — रात : 07 .00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 09 .53
- टाइगर जिंदा है — रात : 10 .06

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11 .13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- जजमेंटल है क्या — सुबह : 10 .30
- मदारी — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- छलांग — सुबह : 10 .29
- दृश्यम 2 — रात : 09 .06

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09 .06 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग साबूत	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
किराना	
हल्दी	135-175
लाल मिर्च	270-325
काली मिर्च	660-880
धनिया	90-125
सुपाड़ी	525-550
जीरा	650-660
सौफ	180-300।

प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न

आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

नई दिल्ली। संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

- गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,500
चांदी तैयार	72,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,850
चांदी आभूषण	71,900।

जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

मुंबई। भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित

सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्परर: हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था।

1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

राष्ट्रीय

मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत

राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया

भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

एक नजर

तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं।

पहलवान से दुष्कर्म के आरोप में कोच गिरफ्तार

जींद। जिले में नाबालिग कुश्ती पहलवान के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक कोच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुनील के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खेल अकादमी में कोच सुनील के पास कुश्ती का अभ्यास करती थी। गत 7 व 8 फरवरी को कोच उसे गांव मिर्चपुर में आयोजित प्रतियोगिता में ले गया। उसने 8 फरवरी को वापसी के दौरान कोच ने गाड़ी में उससे दुष्कर्म किया।

प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

तिरुवनंतपुरम। लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

नई दिल्ली। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

वोटर्स को चुनावी वादों के पूरा होने के बारे में जानने का हक: सीईसी

चेन्नई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं को राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों को पूरा करने की व्यवहार्यता के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला विचाराधीन है।

कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणापत्रों में वादे करने का अधिकार है और मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि क्या ये व्यावहारिक हैं और इन कार्यक्रमों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है। राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पार्टियों को अपने चुनावी वादों को बताने के लिए एक 'प्रारूप' तैयार किया है।

असम में मुस्लिम विवाह अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

- राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी

असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल

गुवाहाटी। एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

बड़वानी। जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

खेल डायरी

सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला

दुबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

रियो डी जनेरियो, एजेंसी। गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

दुबई, एजेंसी। क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा

कार्सन (अमेरिका), एजेंसी। जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी



शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

यशस्वी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय

रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी)			353/10 (104.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्रॉली बो आकाश दीप	42	42	6/1
बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप	11	21	1/0
ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप	00	02	0/0
जो रूट नाबाद	122	274	10/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन	38	35	4/1
बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा	03	06	0/0
बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज	47	126	4/1
टॉम हार्टली बो सिराज	13	26	1/1
ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा	58	96	9/1
शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा	00	02	0/0
जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा	00	04	0/0

अतिरिक्त: 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

भारत (पहली पारी)			219/7 (73 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो बशीर	73	117	8/1
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन	02	09	0/0
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर	38	65	6/0
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर	17	42	4/0
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर	12	12	0/2
सरफराज खान का रूट बो हार्टले	14	53	1/0
ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं	30	58	2/1
रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले	01	13	0/0
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	17	72	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

आशा की स्पिन से यूपी चकराया, आरसी दो रन से जीता

बेंगलुरु, एजेंसी

ऋचा घोष 62 और एस मेघना 53 रन की अर्धशतकीय पारी तथा सोभना आशा की पांच विकेटों की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वूमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला ने यूपी वॉरियर्स महिला को एक रोमांचक मुकाबले में दो रनों से हरा दिया है।

158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही। उसने दूसरे ओवर में अलिसा हीली पांच रन का विकेट गंवा दिया। नौवें ओवर में आशा ने रिचा के हाथों दिनेश वृंदा 18 रन को स्टंप आउट कराकर यूपी वॉरियर्स को दूसरा झटका दिया। तालिया मैक्ग्रा 22 रन, पूनम खेमनार 14 रन, किरण नवगिरे 1 रन बनाकर आउट हुई। ग्रेस हैरिस 23 गेंदों में 4 चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाए, श्वेता सहरावत 25 गेंदों में 31 रनों की शानदार पारी खेली। दीप्ति शर्मा 13 रन और सोफी एकल्सटन एक रन बनाकर नाबाद रही। यूपी वॉरियर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन ही बना सकी। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से सोभना आशा ने पांच विकेट लिए। सोफ़ी मोलिन्यू और जॉर्जिया वेयरहम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऋचा घोष 62 रन और एस मेघना 53 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला ने यूपी वॉरियर्स महिला को जीत के लिए 158 रनों का लक्ष्य दिया है। आरसी महिला की शुरुआत बेहद खराब रही और उसकी दोनों सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन 1 और स्मृति मांधना 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। एस मेघना ने 44 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 53 रन बनाए। एलिस पेरी 8 रन बनाकर आउट हुई। ऋचा घोष ने 37 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 62 रन बनाए। सोफी मोलिन्यू 9 और श्रेयंका पाटिल 8 रन पर नाबाद रहीं। आरसी ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन बनाया। यूपी वॉरियर्स की राजेश्वरी गायकवाड़ को दो तो दीप्ति शर्मा, सोफी एकल्सटन, तालिया मैक्ग्रा और ग्रेस हैरिस ने एक-एक विकेट लिए।

जीत के लिए संघर्ष

फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।

बॉलीवुड हलचल

हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत

मुंबई। बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर ..फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।

यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया

यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्जा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। युक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कोरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

एक नजर

हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

चंडीगढ़। रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

कोलंबिया: रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

बोगोटा। कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।

इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय कानून में छूट न दें आईसीजे : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजराइल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजराइल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा।

वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

उन्होंने कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर

नई दिल्ली। ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है।

रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

नई दिल्ली। भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम- खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्सएप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्सएप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। इसके लिए डीपफेक एनालिसिस यूनिट होगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सभी इंटरनेट प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना है कि उनके मंच पर कोई गलत या डीपफेक पोस्ट न हो।

यमन में पोत पर ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापारिक पोत के चालक दल का एक सदस्य घायल, बीते दिनों में भारत ने कई हमले किए विफल

व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है।

एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

फिर बढ़ी ठंड...

शिमला : हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

इस्लामाबाद। बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

● उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी

लंदन। ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।

सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

मणिपुर की डीएम यूनिवर्सिटी में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

इंफाल, एजेंसी

● धमाके के बाद सुरक्षा बल इलाके में किए तैनात, अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी

इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना गया था।

विस्फोट के बाद सुरक्षा बल तुरंत इलाके में पहुंचे और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। इस बीच एक नागरिक समाज संगठन के परिसर में भी आगजनी और गोलीबारी भी की है।

विज्ञान | ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।

धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।

साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू

मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।